RNI NO. DELHI/2012/48369
वर्ष 8 अंक 299
नई दिल्ली, शनिवार, 5 सितंबर, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



सीसीबी ने अभिनेत्री रागिनी द्विवेदी के आवास पर छापा मारा
विविध-12

www.dailypioneer.com

# तनाव मिटाने का प्रयास, मास्को में मिले भारत-चीन के रक्षा मंत्री

● एससीओ के बैनर तले 10 सितंबर को विदेश मंत्री जयशंकर अपने चीनी समकक्ष से करेंगे मुलाकात

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/मास्को



**भारत** और चीन के बीच तनाव को खत्म करने की कोशिश का पहला संकेत मिला है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को मास्को में आयोजित शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) की बैठक से इतर अपने चीनी समकक्ष वेई फेंगे से मुलाकात की।

दोनों नेताओं ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी हालात के मुद्दे पर बातचीत की तथा मतभेदों को सभी स्तरों पर बातचीत के जरिये सुलझाने पर सहमति जताई। भारतीय समयानुसार 9.30 बजे शुरू हुई बातचीत 45 मिनट तक चली। लेकिन बैठक का नतीजा क्या निकला इस बात को लेकर देर रात तक किसी भी पक्ष ने कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया। मई की शुरुआत से पिछले चार महीने से जारी इस गतिरोध के बीच पहली बार दोनों नेताओं की मुलाकात हुई है। माना जा रहा है कि दोनों पक्षों ने सीमा पर शांति और स्थिरिता के लिए द्विपक्षीय समझौतों और प्रोटोकॉल का पालन करने पर सहमति जताई। सूत्रों ने यहां बताया कि बैठक चीन के अनुरोध पर हुई। संयोग से राजनाथ और फेंगे ने जून में मास्को में आयोजित द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति तथा विजय दिवस परेड में शिरकत की थी लेकिन एकदूसरे से भेंट नहीं की थी।

इससे पहले दक्षिणी रूस में एससीओ के तहत बहु-राष्ट्रीय देशों के युद्धाभ्यास से भारत ने अंतिम समय पर अपने दावेदारी वापस ले ली थी। इसका आधिकारिक कारण कोरोना महामारी बताया गया था लेकिन सूत्रों का कहना है कि सीमा पर जारी तनाव की पृष्ठभूमि में चीन के इस ड्रिल में भाग लेने के कारण भारत ने इसमें शामिल न होने का फैसला किया था। 15 दिन लंबा यह युद्धाभ्यास 14 सितंबर से शुरू होगा। भारत ने पिछले साल इसमें शिरकत की थी। इसके अलावा चीन और पाकिस्तान ने भी इसमें भाग लिया था। दोनों देशों के बीच अगली हाई प्रोफाइल बैठक 10 सितंबर को मास्को में होगी जब विदेश मंत्री एस जयशंकर एलएसी पर चल तनाव के बारे में अपने चीनी समकक्ष वांग येई से चर्चा करेंगे। यह बैठक में एससीओ के बैनर तले विदेश मंत्रियों की मीटिंग में होगी।हाल ही में ताजा परिदृश्य को 1962 से ज्यादा गंभीर करार देते हुए जयशंकर ने गुरुवार को एक कार्यक्रम में कहा था कि चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ यह कोई आसान वक्त नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वे चीनी विदेश मंत्री को लंबे समय से जानते हैं।

इस बात पर बल देते हुए कि एलएसी पर पेश चुनौतियों को वे हल्के में नहीं ले रहे लेकिन उन्होंने कहा 'मुझे भरोसा है कि हालात का समाधान कूटनयिक प्रयासों से ही निकलेगा।' ऐसी ही कुछ राय विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला की भी है। उन्होंने शुक्रवार को कहा 'यह एक असाधारण स्थिति है। 1962 के बाद से हमारे सामने ऐसे हालात पेश नहीं आए। हमारे सैनिकों ने पहली बार प्राणों की आहुति दी, जो पिछले 40 सालों में कभी नहीं हुआ था।' उन्होंने यह भी कहा कि जहां तक कि हमारी बात है तो देश की एकता और अखंडता से कोई समझौता नहीं होगा। साथ ही एक जिम्मेदार देश के रूप में ( शेष पेज 9 )

# नौ घंटे की पूछताछ के बाद रिया का भाई शौविक और सैमुअल गिरफ्तार

सुशांत सुसाइड मिस्ट्री

● एनडीपीएस कानून के तहत की गई गिरफ्तारी शनिवार को अदालत में पेश किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



**सुशांत** सिंह राजपूत मामले में ड्रग एंगल से जांच में जुटे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने शुक्रवार देर शाम रिया चक्रवर्ती के छोटे भाई शौविक चक्रवर्ती व सुशांत के पूर्व हाउस मैनेजर सैमुअल मिरांडा को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों को कल कोर्ट में पेश किया जाएगा।

इससे पहले एनसीबी की केंद्रीय टीम ने सुबह रिया चक्रवर्ती और सैमुअल के घर पर छापे की कार्रवाई शुरू की व शौविक व सैमुअल मिरांडा को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई थी। एनसीबी ने रिया को भी पूछताछ के लिए समन भेजा है। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की संदिग्ध मौत के मामले के तार ड्रग डीलरों से जुड़ने के बाद से ही आशंका व्यक्त की जा रही थी कि जल्दी ही एनसीबी की टीम सुशांत की महिला मित्र रिया चक्रवर्ती व उसके परिवार से पूछताछ शुरू कर सकती है। आज सुबह 6.30 बजे ही एनसीबी की दो टीमों ने अलग-अलग रिया चक्रवर्ती व सैमुअल मिरांडा के घरों पर छापा मारा। छापे की कार्रवाई के लिए रिया के घर पहुंची एनसीबी टीम में महिला अधिकारी भी शामिल थीं।

एनसीबी टीम में रिया के घर की तलाशी के दौरान उसका लैपटॉप, पुराना मोबाइल फोन, कुछ हार्ड डिस्क व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स अपने कब्जे में लिए हैं। इसके अलावा रिया की कार की भी तलाशी ली गई। एनसीबी ने रिया के भाई शौविक व सैमुअल मिरांडा दोनों को पूछताछ के लिए अपने साथ चलने का समन भी दिया और अपने साथ ही बेलार्ड एस्टेट स्थित एनसीबी के जोनल कार्यालय ले गई थी। शौविक व सैमुअल मिरांडा की गिरफ्तारी से पहले उनसे करीब साढ़े आठ घंटे तक पूछताछ हुई। एनसीबी ने शुक्रवार को ही ड्रग तस्कर कैजान इब्राहिम को भी गिरफ्तार किया है। एनसीबी ने ड्रग्स के मामले में जैद विलात्रा, अब्दुल बासित परिहार समेत अब तक 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। ऐसा बताया जा रहा है कि इन्होंने रिया, उनके भाई शौविक और मिरांडा से कनेक्शन की बात कबूली है।

गुरुवार को शौविक और उसके दोस्त के बीच हुई ड्रग्स चैट सामने आई थी, जिसमें वह ड्रग डीलर के नंबर दे रहा था। एनसीबी ऑपरेशन सेल के डिप्टी डायरेक्टर केपीएस मल्होत्रा ने कहा कि ये सब एक प्रोसेस के तहत हो रहा है।' एनसीबी के साउथ-वेस्टर्न रीजन के डिप्टी डीजी एमए जैन ने कहा कि सैमुअल मिरांडा और ( शेष पेज 9 )

# एलएसी पर हालात नाजुक भारत भी पूरी तरह तैयार

● जनरल नरवणे ने कहा-शांतिपूर्ण तरीके से गतिरोध का हल निकले तो बेहतर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/लेह

सेना प्रमुख का एलएसी दौरा



**घुसपैठ** की कोशिशें नाकाम होने के बाद चीन द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सेना का जमावड़ा किए जाने के बीच सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने शुक्रवार को माना कि हालात 'तनावपूर्ण' है और सेना ने सभी एहतियाती कदम उठाए हैं तथा किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। लेकिन उन्होंने कहा कि सीमाओं पर जारी गतिरोध का यदि बातचीत से हल हो तो बेहतर है।

सेना प्रमुख दो दिवसीय दौरे पर लद्दाख गए थे। हालात की समीक्षा करते हुए खासतौर पर पैंगोंग त्सो (झील) समेत चुशूल सेक्टर की, जहां 29 और 30 अगस्त को भारतीय सेना ने चीन की घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया था, जनरल नरवणे ने कहा कि वह सीमाओं पर हालात का जमीनी जायजा लेने आए थे। उन्होंने कहा कि एलएसी पर हालात तनावपूर्ण हैं। हमने कुछ इलाकों में एहतियात के तौर टुकड़ियों की तैनाती की है। सेना उसके सामने पेश आने वाली किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।

ये सभी कार्रवाई केवल एलएसी पर होंगी। सीमा पर तनाव खत्म करने के संदर्भ में जारी प्रयासों के बारे में सेना प्रमुख ने कहा कि पिछले तीन महीने से दोनों पक्ष विवाद का हल ढूंढ़ने में लगे हैं। भारतीय पक्ष बातचीत के जरिये एलएसी पर जारी गतिरोध का ( शेष पेज 9 )

# बिहार विधानसभा चुनाव के साथ ही होंगे 65 उपचुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● उचित समय पर किया जाएगा मतदान तारीखों का ऐलानः आयोग

**बिहार** विधानसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों में लोकसभा व विधानसभा की 65 सीटों पर उपचुनाव एक साथ होंगे। चुनाव आयोग (ईसी) ने शुक्रवार को कहा कि तैयारी चल रही है। बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान उचित समय पर किया जाएगा। मालूम हो कि राज्य विधानसभा का कार्यकाल 29 नवंबर को समाप्त हो रहा है।

चुनाव आयोग के अनुसार केंद्रीय बलों और चुनाव संबंधी सामग्री की आसान आवाजाही तथा कानून और व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य जगहों पर उपचुनाव एक साथ कराने का फैसला लिया गया है। विभिन्न राज्यों में उपचुनाव कराने के संबंध में शुक्रवार को चुनाव आयोग की बैठक हुई। इसमें चुनाव आयोग ने कई राज्यों के मुख्य सचिवों/मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से उपचुनाव वाले राज्यों की रिपोर्ट ली। कई राज्य उपचुनाव टालने की मांग कर रहे थे। वर्तमान में विभिन्न राज्यों में 64 विधानसभा और एक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव होना है। ये चुनाव पहले इस साल के शुरू में होने थे, लेकिन कोविड-19 संक्रमण के कारण इनका समय टलता गया।

विधानसभा की 64 सीटों में 27 मध्य प्रदेश की हैं जहां कांग्रेस के पूर्व नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थक विधायकों ने बीते मार्च महीने में पार्टी छोड़ते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके अलावा गुजरात विधानसभा की आठ सीटों पर भी उपचुनाव होने हैं। गुजरात की जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें अब्दसा, लिमड़ी, कर्जन, डांग, कपराडा, मोरबी, दधाड़ा और धारी निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। बीते जुलाई में चुनाव आयोग ने बदली परिस्थितियों के कारण बिहार की वाल्मीकि नगर लोकसभा सीट के साथ-साथ तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश की ( शेष पेज 9 )

# अगले साल के मध्य तक नहीं बनेगी वैक्सीनःडब्ल्यूएचओ

**पीएनएस/एजेंसी।** जेनेवा

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अब कोरोना वैक्सीन को लेकर फिर से नया बयान जारी किया है। दरअसल, उनका मानना है कि कोरोना वैक्सीन अगले साल के मध्य तक नहीं बनेगी। डब्ल्यूएचओ के प्रवक्ता मार्गरेट हैरिस ने कहा कि अब तक उन्नत नैदानिक परीक्षणों में से जितनी भी दवा कंपनियां वैक्सीन बना रही हैं, उनमें से कोई भी अभी तक कम से कम 50 प्रतिशत के स्तर पर खरी नहीं उतरी है। वहीं दूसरी तरफ, अमेरिकी संस्था सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने जन स्वास्थ्य से जुड़ी एजेंसियों को बताया है कि वह अक्टूबर या नवंबर तक दो वैक्सीन तैयार कर सकता है। पिछले सप्ताह सीडीसी द्वारा जन स्वास्थ्य से जुड़ी संस्थाओं को भेजे गए दस्तावेजों में वैक्सीन को 'ए' और 'बी' नाम दिया है। इसमें वैक्सीन से जुड़ी जरूरी अहम जानकारियां शामिल हैं। जैसे वैक्सीन की खोज के बीच के समय किस ( शेष पेज 9 )

# ब्राजील को पीछे छोड़ जल्द दूसरे स्थान पर होगा भारत

● संक्रमण का आंकड़ा 40 लाख के पार, सिर्फ एक हफ्ते में आए पांच लाख केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** ने कोविड-19 मामलों में शुक्रवार को 40 लाख का आंकड़ा पार कर लिया। पिछले तीन सप्ताह से कोरोना ने अधिक रफ्तार पकड़ी है और पिछले एक सप्ताह में ही पांच लाख मरीज आ गए हैं। तेजी से बढ़ते संक्रमण को देखते हुए भारत बहुत जल्द ब्राजील को पीछे छोड़ दूसरे नंबर पर आ सकता है।

महामारी से पीड़ित लोगों के मामले में अमेरिका पहले स्थान पर है। भारत में पिछले तीन हफ्ते से हर दिन कोरोना के 75000 से अधिक नए मामले आ रहे हैं और लगभग 1000 मौतें हो रही हैं। पिछले कुछ दिनों से तो हालात अधिक बिगड़े हैं और प्रति दिन 80,000 से अधिक नए मरीज दर्ज ( शेष पेज 9 )

## कोरोना संकट

### आईजीआई पर टेस्ट लैब छह घंटे में आएगी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** यात्रियों को अब दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर ही कोरोना टेस्ट की सुविधा उपलब्ध होगी। खास बात यह कि टेस्ट रिपोर्ट पांच से छह घंटे में आ जाएगी। टर्मिनल-3 की मल्टीलेवल कार पार्किंग के पास जांच केंद्र स्थापित किया गया है। यहां विदेश से आकर घरेलू उड़ानें लेने वाले यात्रियों को जांच की सुविधा मिलेगी। इस लैब में आरटी पीसीआर तकनीक के जरिए यात्रियों की कोरोना जांच हो सकेगी। जीनस्ट्रिंग डायग्नॉस्टिक सेंटर के सहयोग से दिल्ली एयरपोर्ट इंटरनेशनल लिमिटेड (डायल) ने यह सेवा शुरू की है। यदि यात्री की रिपोर्ट निगेटिव आती है तो ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,357 | ↓ 633 | |
| निफ्टी | 11,333 | ↓ 193 | |
| सोना | 51,770 | ↓ 56 | /10g |
| चांदी | 68,371 | ↓ 738 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बारामूला में मुठभेड़ तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले मे शुक्रवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ मे तीन अज्ञात आतंकी ढेर हो गए और सेना के तीन जवान घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियो की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने पर सुरक्षा बलो ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले मे पट्टन इलाके के एदिपोरा में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की जिससे अभियान मुठभेड़ मे तब्दील हो गया। सुरक्षा बलो ने भी जवाबी कार्वाई की। अधिकारी ने बताया कि शुरुआती गोलीबारी मे सेना का एक अधिकारी घायल हो गया। उन्हे इलाज के लिए 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जाती है।

# नीट परीक्षा को हरी झंडी, छह राज्यों की याचिका हुई खारिज

**पीएनएस/भाषा।** नई दिल्ली

नीट और जेईई परीक्षा



**उच्चतम** न्यायालय ने नीट और जेईई की प्रत्यक्ष परीक्षा के आयोजन की अनुमति देने संबंधी 17 अगस्त के आदेश पर पुनर्विचार के लिए गैर-भाजपा शासित छह राज्यों के मंत्रियों की याचिका सहित सारी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दीं। इसके साथ ही अब नीट और जेईई परीक्षाओं के आयोजन का रास्ता साफ हो गया।

न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने पुनर्विचार याचिका पर अपने चैंबर में विचार किया और न्यायालय में सुनवाई के लिए इसे सूचीबद्ध करने का अनुरोध अस्वीकर कर दिया। पीठ ने अपने आदेश में कहा, पुनर्विचार याचिकाएं दायर करने की अनुमति संबंधी आवेदनों को अनुमति दी जाती है। हमने पुनर्विचार याचिकाओं और इससे संबंधित दस्तावेजों का सावधानी से अध्ययन किया और हमें पुनर्विचार याचिका में कोई तत्व की बात नहीं मिली। तद्नुसार इसे खारिज किया जाता है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी (एनटीए), जो दोनों परीक्षाओं का आयोजन करती है, जेईई मुख्य परीक्षा एक से छह सितंबर तक आयोजित कर रही है जबकि नीट की परीक्षाओं का आयोजन 13 सितंबर को होगा। पुनर्विचार याचिकाओं पर सामान्यत: पीठ के ( शेष पेज 9 )

# सीएसके को लगी नजर, हरभजन भी आईपीएल से बाहर

**भाषा।** नई दिल्ली



**अनुभवी** ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह इस साल के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हटने वाले दूसरे बड़े खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अपने फैसले के बारे में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम प्रबंधन को बता दिया है। यह 40 साल का गेंदबाज पिछले दो सत्र से सीएसके का हिस्सा रहा है। वह अभी अपने परिवार के साथ पंजाब के जालंधर में है।

उन्होंने इस मामले पर उनकी निजता का सम्मान करने की मांग की है। आईपीएल का सत्र 19 सितंबर से शुरू होगा। कोविड-19 के कारण इसका आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में होगा। हरभजन ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा से बताया, मैंने सीएसके प्रबंधन को इस साल आईपीएल से हटने के अपने फैसले के बारे में सूचित कर दिया है। मैंने इस मुश्किल समय में व्यक्तिगत कारणों से ब्रेक लेने का फैसला किया है। मुझे उम्मीद है कि हर कोई मेरी निजता का सम्मान करेगा। हरभजन को सीएसके ने इस साल दो करोड़ रूपए की बोली के साथ उन्हें टीम में शामिल किया था।इससे पहले, सीएसके के ही हरफनमौला सुरेश रैना ने भी व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते आईपीएल के आगामी सत्र से हटने का फैसला किया था। हरभजन ने कहा कि उनकी प्राथमिकताओं को समझने के लिए वह सीएसके प्रबंधन के ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जब मैंने सीएसके प्रबंधन को अपने फैसले के बारे में बताया, तो उन्होंने मेरा समर्थन किया। मैं इसके लिए उन्हें जितना भी शुक्रिया करूं ,वह कम होगा। आईपीएल से हटने के बारे में हरभजन की आधिकारिक घोषणा के बाद सीएसके ने बयान जारी कर इस खिलाड़ी का समर्थन किया। टीम ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी केएस विश्वनाथ का बयान ट्वीट कर कहा, हरभजन सिंह ने हमें सूचित किया कि वह व्यक्तिगत कारणों से उपलब्ध नहीं होंगे। टीम चेन्नई सुपरकिंग्स उनके निर्णय का समर्थन करती है और इस मुश्किल समय में उनके और उनके परिवार के साथ खड़ी है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सीएसके इस स्पिनर की जगह किसी गेंदबाज को टीम में शामिल करे या बल्लेबाज को क्योंकि उनके पास गेंदबाजी में पहले से ही काफी गहराई और गुणवत्ता है। हरभजन 150 विकेट के साथ आईपीएल के इतिहास में सबसे सफल गेंदबाजों में से एक हैं। वह इस लीग में सर्वाधिक विकेट लेने वालों की सूची में लसिथ मलिंगा (170) और अमित मिश्रा (157) के बाद तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि उनके लिए इस समय पत्नी गीता और चार साल की बेटी हिनाया सहित अपने परिवार को समय देना महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, मैं केवल यह कहूंगा कि ऐसा भी समय होता हैं जब खेल से ज्यादा परिवार को प्राथमिकता देनी होती है। मेरा ध्यान अभी मेरे परिवार पर है, लेकिन हां मेरा दिल अपनी टीम के साथ यूएई में रहेगा। टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर काबिज हरभजन ने कहा, मुझे यकीन है कि चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करेगी। हरभजन यूएई रवाना होने से पहले चेन्नई में लगे टीम के शिविर में भाग नहीं लिया था और वह दुबई की उड़ान भरते समय दल में शामिल होने वाले थे।उन्हें मौजूदा परिस्थितियों में आगामी सत्र में भाग लेने के बारे में आशंका थी। सीएसके प्रबंधन ने उन्हें कहा था कि कोई भी फैसला करने से पहले अपना समय लें। हरभजन से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि दो खिलाड़ियों सहित सीएसके दल में कोविड-19 के 13 मामलों से इसे जोड़ कर देखना गलत होगा। हरभजन के इस दोस्त ने गोपनीयता की शर्त पर कहा पीटीआई-भाषा से कहा, यह चेन्नई के दल में कोविड-19 मामलों के बारे में नहीं हैं। लेकिन अगर आपकी पत्नी और बच्चे तीन महीने तक भारत में रहते है, तो आपका दिमाग भटकेगा और आप पूरी तरह से खेल पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकेंगे। ऐसे में इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपको दो करोड़ या 20 करोड़ रूपए मिलते हैं। प्राथमिकता की सूची में पैसा काफी पीछे है। सीएसके के पास अब तीन शीर्ष स्पिनर है जिसमें लेग स्पिनर इमरान ताहिर, बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटेनर और लेग स्पिनर पीयूष चावला शामिल हैं।

पायनियर

नई दिल्ली, शनिवार, 5 सितंबर 2020



# भूख हड़ताल से बिगड़ी महिला की तबीयत

**गाजियाबाद।** तीन दिन से भूख हड़ताल पर बैठीं गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की पदाधिकारी सीमा त्यागी की शुक्रवार को तबियत काफी बिगड़ गई। इससे पहले गुरुवार शाम को भी उनका शुगर लेवल काफी गिर गया था। जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। अभिभावकों का आरोप है कि प्रशासन ने अभी तक भूख हड़ताल कर रहे जीपीए पदाधिकारियों व अभिभावकों के स्वास्थ्य की कोई सुध नहीं ली है। जबकि उनकी भूख हड़ताल बीते तीन दिनों से जारी है। गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रवक्ता विवेक त्यागी ने बताया कि जीपीए की अध्यक्ष सीमा त्यागी के नेतृत्व में पिछले 3 दिनों से अभिभावक अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। सीमा त्यागी के साथ साधना सिंह और भारती शर्मा भी भूख हड़ताल पर हैं।

# प्राधिकरण ने कब्जे से छुड़ाई 2,000 करोड़ कीमत की जमीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा विकास प्राधिकरण ने भूमाफियाओं के खिलाफ बड़ा अभियान छेड़ा है। पिछले करीब एक सप्ताह के दौरान शहर भर में सरकारी जमीनों पर कब्जा करके बैठे भूमाफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। प्राधिकरण के बुलडोजर लगातार अवैध निर्माण गिरा रहे हैं। सरकारी जमीनों को अवैध कब्जे से छुड़ाया जा रहा है।

प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक करीब 2000 करोड रुपए की जमीन भूमाफिया के कब्जे से मुक्त कराई जा चुकी है। प्राधिकरण सीईओ रितु माहेश्वरी ने इस काम के लिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया है। कई मामलों में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है। प्राधिकरण में ऐसे अधिकारियों की लिस्ट बनाई जा रही है, जो भूमाफिया से सांठगांठ करके बैठे हुए हैं।

नोएडा अथॉरिटी के अफसरों के मुताबिक भूमाफिया से छुड़ाई गई जमीन की कीमत बाजार में करीब 2000 करोड़ रुपये है। ये नोएडा अथॉरिटी की वो जमीन हैं, जिन पर कई साल से भूमाफिया का कब्जा चल रहा था। इन जमीनों पर भूमाफिया ने कॉलोनी, फॉर्महाउस, तबेले, नर्सरी, स्कूल, किराए के कमरे, मार्किट और बैंकट हॉल बनाकर बेच डाले थे। इनसे वे हर महीने लाखों करोड़ों रुपए किराए के रूप में वसूले रहे हैं। इतना ही नहीं जब कभी प्राधिकरण इन जमीनों को खाली करवाने की कोशिश करता तो किसान उत्पीड़न के नाम पर तो कभी गरीबों को बेघर करने के नाम पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया जाता था। लेकिन इस बार प्राधिकरण सीईओ की सख्ती के सामने माफिया की एक नहीं चली। सीईओ ने इस तरह की नौटंकी करने वाले कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई हैं।

भूमाफिया के खिलाफ इस अभियान में ककराला खवासपुर गांव के खसरा नंबर 391 और 401 से भी अवैध निर्माण गिराया गया है। यहां किए गए अवैध निर्माण में खुद नोएडा अथॉरिटी के ओएसडी शामिल थे। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में 7 हजार एकड़ जमीन को भूमाफिया के कब्जे से खाली करवा लिया गया है।

## तैयार हो रही जिम्मेदार अफसरों की लिस्ट

नोएडा विकास प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक भूमाफिया के साथ साठगांठ करने वाले कर्मचारी और अधिकारियों की पहचान की जा रही है। सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले माफियाओं की उच्च अधिकारियों और कर्मचारियों से सांठगांठ है। इन अधिकारी और कर्मचारियों की लिस्ट तैयार की जा रही है। ऐसे अफसरों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी मिली है कि प्राधिकरण के कुछ अधिकारी भूमाफिया के प्रोजेक्ट में हिस्सेदार भी हैं।


## SIMBHAOLI SUGARS LIMITED

**(Formerly known as 'Simbhaoli Spirits Limited')**
**Regd. Office : Simbhaoli Dist. Hapur (U.P.) - 245207**
**CIN - L15122UP2011PLC044210**
**E-mail: info@simbhaolisugars.com Website: www.simbhaolisugars.com**

**EXTRACT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2020**

(Rs. in Lacs)

| S. No. | Particulars | Quarter ended June 30, 2020 Unaudited | Quarter ended March 31, 2019 Audited# | Quarter ended June 30, 2019 Unaudited | Year ended March 31, 2020 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations (net) | 38,524 | 41,831 | 31,727 | 126,107 |
| 2. | Net Profit/ (loss) for the period before Tax and exceptional items | (474) | 1,618 | (772) | (3,873) |
| 3. | Net Profit/ (loss) for the period before Tax and after exceptional items | (474) | 1,618 | (772) | (3,873) |
| 4. | Net Profit/ (loss) for the period after Tax and exceptional items | (479) | 1,621 | (845) | (3,885) |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [comprising net profit/(loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (479) | 1,347 | (845) | (4,159) |
| 6. | Paid up equity share capital (face value Rs.10/- each) | 4,128 | 4,128 | 4,128 | 4,128 |
| 7. | Other Equity | | | | (6,677) |
| 8. | -EPS before exceptional item | (1.16) | 3.93 | (2.05) | (9.41) |
| | -EPS after exceptional item | (1.16) | 3.93 | (2.05) | (9.41) |

# Refer Note no. 9

**Notes :**

1 The above is an extract of the detailed format of financial results for the quarter ended June 30, 2020 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of financial results for the quarter ended June 30, 2020 are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and the Company's website (www.simbhaolisugars.com).

2 Indian sugar industry has been facing difficulties on account of high sugar production in the country since 2016-17 resulting in surplus sugar and lower prices. For last several quarter, the Company has incurred losses due to high sugarcane costs fixed by the state government, and comparatively lower prices of finished goods which are also regulated and controlled. The operations of the Company remained intact and robust, due to stated reasons it has incurred continuing losses and its net worth has been fully eroded. This has resulted delays in meeting the payment obligations to the lenders and sugarcane farmers in terms of their respective agreements and understanding.

Recognizing the status of the sugar industry, the state and central governments have taken a number of measures to improve the financial health, support for liquidation of cane arrears, fixing minimum obligation for exports to manage the sugar inventory and providing subsidy to meet export expenses, fixing minimum support price of sugar, and mandatory blending of ethanol with petrol with long term tendering and remunerative price of ethanol etc. Pursuant to an order of Hon'ble high court of Uttar Pradesh, the sugar industry as well as the Company is confident to receive accrued benefits from state government under the erstwhile sugar promotion policy (2004-09).

All these measures are expected to reflect in the revival of the sugar industry and the Company in time to come on sustainable basis. Based on these steps, along with other internal measures being undertaken, the management believes that the regular operations at its manufacturing facilities shall remain continued in the near foreseeable future.

On account of delays in servicing of loans, certain lenders to the Company have initiated recovery proceeding at various forums, including filing of applications before the National Company Law Tribunal under the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 and approached debt recovery tribunal. Against a criminal complaint filed by one of the lenders with the investigating agencies, the enforcement directorate had passed an attachment order against certain assets of the Company to the extent of Rs. 109.80 crores, against which the Company has preferred an appeal with the appropriate authority and the matter is sub-judice. Enforcement directorate had proceeded to take the constructive possession of the attached property on which an interim stay has been granted by the Hon'ble Appellate Tribunal.

The Company is continuing to pursue a comprehensive debt resolution proposal with all the lenders. Majority of commercial lenders have shown their inclination to accept the debt resolution proposal of the Company.

Considering the steps initiated for achieving turnaround of the company and sugar sector, ongoing discussions with the lenders for resolution of their dues and continuing manufacturing operations in near foreseeable future, these financial statements are continued to be presented on going concern basis, which contemplates realization of assets and settlement of liabilities, in the normal course of business.

3 **Impact of COVID 19 Pandemic**

The Company has considered the potential impact of COVID 19 and related restrictions on the carrying amount of inventory, and financial and non-financial assets and based on the information available to it up to the date of approving the financial results written down the value of inventory to net realizable value, wherever required, and made provisions in respect of financial and non-financial assets. However, the impact of COVID 19 as well as negative outlook of sugar sector on the carrying amount of its property, plant and equipment's and consequential impairment could not be ascertained and provided for due to non- availability of requisite information on account of lockdown restrictions.

The outbreak of pandemic COVID 19 has impacted the sector with regards to slower off take of sugar and ethanol, logistic issues and fall in consumption particularly by the bulk consumers. As the date of approval of these results, it is not possible to reliably estimate the future financial effect of the COVID 19 situation on the Company. The impact assessment is a continuing process given the uncertainties associated with nature and duration of current situation. The eventual impact may differ from what has been assessed by the Management as at the date of approval of these financial results. The Company will continue to closely monitor any material change in future economic conditions and take appropriate action as may be required.

4 The Credit Facilities availed by the Company have been classified as non-performing assets (NPA) by all the lenders and interest thereon is not being charged to the loan accounts by commercial lenders as per circular of RBI. The Company has submitted comprehensive debt resolution proposals with all the lenders to commensurate with its future cash flows. Majority of commercial lenders have shown their inclination to accept the debt resolution proposal of the Company and some of them had accepted the offered Earnest Money deposit. Accordingly, interest expenses pertaining to commercial lenders, for the ensuing quarter ended June 30, 2020 amounting to Rs. 3,593 lacs (previous quarter and year ended March 31, 2020 amounting to Rs. 3,430 lacs and Rs 13,146 lacs respectively and corresponding preceding quarter ended June 30, 2019 amounting to Rs. 3,160 lacs) has not been recognized in profit and loss account. A total amount of Rs. 41,048 lacs towards accrued interest has not been provided for in the books of accounts as on June 30, 2020.

5 The Hon'ble High Court of Uttar Pradesh had directed the state government to determine the interest liability for the period of delayed payments of sugarcane price to cane growers for sugar seasons 2012-13 to 2014-15 by the UP sugar industry. No demand, pursuant to the order and for subsequent period has been received by the company. Considering this and also prevalent past practices, no provision towards the interest on delayed payment of cane price has been made in the accounts.

6 In the consolidated financial results of the Company for the Quarter ended June 30, 2020, the financial results of Simbhaoli Power Private Limited (SPPL), a material subsidiary has not been consolidated, as the quarterly financial results of SPPL have not been finalized and approved till date by SPPL. The consolidated financial results of the Company as at quarter and year ended March 31, 2020 have also been prepared by consolidation based on the figures reported in the limited reviewed standalone balance sheet of SPPL as at December 31, 2019.

The transactions entered into between the Company and SPPL for the ensuing quarter ended June 30, 2020 which have not been eliminated in the consolidated financial results, have resulted in increase in the Total Revenue by Rs. 454 lacs (previous quarter and year ended March 31, 2020 amounting to Rs. 1366 Lacs) and Expenses by Rs. 404 lacs (previous quarter and year ended March 31, 2020 amounting to Rs. 734 Lacs).

7 In the limited reviewed standalone balance sheet of SPPL, statutory auditor of the SPPL drawn Emphasis Of Matter in respect of following "During the quarter ended September 30, 2019, Uttar Pradesh Electricity Regulatory Commission ('UPERC') has notified UPERC (Captive and Renewable Energy Generating Plants) Regulations, 2019 ('CRE Regulations 2019') which has, inter alia, reduced the tariff applicable to bagasse-based generation plants in the state of Uttar Pradesh w.e.f. April 1, 2019 which is significantly lower than the prevailing tariff. As per CRE Regulations, such reduction in tariff was made by UPERC citing lower fixed and variable costs for these power plants. This reduction in tariff may have an adverse impact on the business and operations of Simbhaoli Power Private Limited ("SPPL"), a subsidiary company. The management of SPPL believes that there are anomalies in the process of tariff fixation and this reduced tariff notified by UPERC is based on unrealistic assumptions and is contrary to past practices. SPPL, along with bagasse-based co-generators operating in the State, have filed a writ petition with Hon'ble High Court of Allahabad, Lucknow Bench, challenging CRE Regulations 2019 which have been accepted by the court. Pending outcome of the petition, the management of SPPL basis on opinion of legal counsel, is confident of relief from the Hon'ble High Court and suitable modification in CRE Regulations 2019 and thus does not expect the financial implications of this, if any, to be material.

SPPL has accounted for revenues from operations from April to September, 2019 at or basis pre CRE Regulations 2019 tariff rates. W.e.f. October 01, 2019, SPPL has billed and accounted for sale of power to the Uttar Pradesh Power Corporation Limited ('UPPCL'), the customer of SPPL, at reduced tariff rate under protest and subject to outcome of Hon'ble High Court decision on writ petition.

SPPL's computation, shows that revenue from operations for the nine months ended December 31, 2019 would have been lower by Rs. 797 lacs and cost of material consumed for the nine months ended December 31, 2019 would have been lower by Rs 52 Lacs, if accounted for at or basis reduced tariff as per CRE Regulations 2019. Considering the current status and the matter is sub-judice, it is not possible for the management of SPPL to estimate the extent of the change, if any, in the tariff".

8 The standalone results are available on Company's website www.simbhaolisugars.com. The particulars in respect of standalone results are as under:

(Rs. in lacs)

| Particulars of standalone | Quarter ended 30.06.2020 | Quarter ended 31.03.2020 | Quarter ended 30.06.2019 | Year ended 31.03.2020 |
|---|---|---|---|---|
| Net Sales/Income from operations | 34,628 | 35,925 | 25,050 | 100,944 |
| Profit/(Loss) before tax | (499) | 1,605 | (959) | (2,165) |
| Profit/ (Loss) after tax | (499) | 1,605 | (959) | (2,165) |
| Other Comprehensive Income | - | (272) | - | (272) |
| Total Comprehensive Income | (499) | 1,333 | (959) | (2,437) |
| EBITDA | 1,191 | 3,254 | 696 | 4,599 |

9 The figures for the quarter ending March 31, 2020 are the balancing figures between the audited figures in respect of full financial year and the published unaudited year to date figures up to the third quarter of the financial year.

10 Sugar, one of the major businesses of the Company, is a part of seasonal industry. The results may vary from quarter to quarter.

11 The previous periods figures have been regrouped/rearranged wherever necessary.

12 The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their meetings held on September 04, 2020.

**For Simbhaoli Sugars Limited**
**Sd/-**
**Gursimran Kaur Mann**
**Managing Director**
**DIN: 00642094**

**Place: Noida**
**Date : September 04, 2020**

Simbhaoli Sugars Ltd. FSSC 22000, ISO 9001 ISO 14001 Certified Co. Simbhaoli-245207, Distt. Hapur, (U.P.), India


Email : customerfeedback@simbhaolisugars.com or call at : 1800-11-7609 web : www.simbhaolisugars.com .com | www.facebook.com/trust.sugar

TRUST
Trust the healthier sugar

1st TIME IN INDIA with 100% NATURAL sugarcane extracts




LONG LASTING ENERGY
DOESN'T SPIKE YOUR BLOOD SUGAR LEVELS
ACTIVE LIFESTYLE






## नई दिल्ली नगरपालिका परिषद
## NEW DELHI MUNICIPAL COUNCIL
पालिका केंद्र, संसद मार्ग, नई दिल्ली-११०००१
**Palika Kendra, Sansad Marg, New Delhi-110001**

यह आम नागरिकों की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत इनमें निहित शक्तियों के विस्तार में डी.ई.आर.सी. ने 01.09.2020 से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् क्षेत्र में उपभोक्ताओं के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु निम्नांकित विद्युत शुल्क दरों का अनुमोदन कर दिया है:

**वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु न.दि.न.पा.प. के लिए शुल्क दर अनुसूची**

**(01.09.2020 से लागू)**

| क्र.सं. | संवर्ग | निश्चित शुल्क | ऊर्जा शुल्क | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घरेलू | | | | | | |
| 1.1 | व्यक्तिगत कनेक्शनों | | 0-200 यूनिट्स | 201-400 यूनिट्स | 401-800 यूनिट्स | 801-1200 यूनिट्स | > 1200 यूनिट्स |
| ए | 2 केडब्ल्यू तक | रु. 20/केडब्ल्यू/माह | रु. 3.00 /केडब्ल्यूएच | रु. 4.50 /केडब्ल्यूएच | रु. 6.50 /केडब्ल्यूएच | रु. 7.00 /केडब्ल्यूएच | रु. 8.00 /केडब्ल्यूएच |
| बी | > 2 केडब्ल्यू और ≤ 5 केडब्ल्यू | रु. 50/केडब्ल्यू/माह | | | | | |
| सी | > 5 केडब्ल्यू और ≤ 15 केडब्ल्यू | रु. 100/केडब्ल्यू/माह | | | | | |
| डी | > 15 केडब्ल्यू और ≤ 25 केडब्ल्यू | रु. 200/केडब्ल्यू/माह | | | | | |
| ई | > 25 केडब्लयू | रु. 250/केडब्ल्यू/माह | | | | | |
| 1.2 | जीएचएस के लिए सिंगल प्वाइंट डिलिवरी सप्लाई | रु. 150/केडब्ल्यू/माह | रु. 4.50/केडब्ल्यूएच | | | | |
| 2 | गैर-घरेलू | | | | | | |
| 2.1 | 3 केवीए तक | रु. 250/केवीए/माह | रु. 6.00/केवीएएच | | | | |
| 2.2 | 3 केवीए से ऊपर | रु. 250/केवीए/माह | रु. 8.50/ केवीएएच | | | | |
| 3 | औद्योगिक | रु. 250/केवीए/माह | रु. 7.75/ केवीएएच | | | | |
| 4 | कृषि | रु. 125/केडब्ल्यू/माह | रु. 1.50/केडब्ल्यूएच | | | | |
| 5 | मशरूम खेती | रु. 200/केडब्ल्यू/माह | रु. 3.50/केडब्ल्यूएच | | | | |
| 6 | जन सुविधाएं | रु. 250/केवीए/माह | रु. 6.25/ केवीएएच | | | | |
| 7 | दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) | रु. 250/केवीए/माह | रु. 7.75/ केवीएएच | | | | |
| 8 | विज्ञापन एवं होर्डिंग्स | रु. 250/केवीए/माह | रु. 8.50/ केवीएएच | | | | |
| 9 | अस्थायी आपूर्ति | | | | | | |
| 9.1 | ग्रुप हाऊसिंग सोसायटीज सहित घरेलू कनेक्शनों | संबंधित संवर्ग के अनुसार समान दर | बिना किसी अस्थायी सरचार्ज के संबंधित संवर्क के अनुसार समान | | | | |
| 9.2 | थ्रेशिंग मौसम के दौरान थ्रेशर्स हेतु | एमसीडी का विद्युत कर: रु. 270 प्रति कनेक्शन प्रति माह | र. 5,400 प्रतिमाह की फ्लैट दर | | | | |
| 9.3 | निर्माण परियोजनाओं सहित सभी अन्य कनेक्शनों | संबंधित संवर्ग के अनुसार समान दर | टैरिफ के संबंधित संवर्ग का 1.30 गुणा | | | | |
| 10 | सिंगल प्वाइंट डिलीवरी / बैटरीज की स्वैपिंग पर ई-रिक्शा/ई-वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों | | | | | | |
| 10.1 | एलटी में आपूर्ति | - | रु. 4.50/केडब्ल्यूएच | | | | |
| 10.2 | एचटी में आपूर्ति | - | रु. 4.00/केवीएएच | | | | |

**टिप्पणी:**

1. घरेलू संवर्ग के उपभोक्ताओं के लिए, निश्चित शुल्क स्वीकृत भार या आनुबंधित मांग पर, जो भी मामला हो, पर लगाया जाएगा ।
2. घरेलू को छोड़कर सभी अन्य संवर्गों के लिए, निश्चित शुल्क बिलिंग मांग प्रति केडब्ल्यू/केवीए या उसके भाग के आधार पर लगाया जाएगा। जहां अधिकतम मांग (एमडी), डीईआरसी (सप्लाई कोड एण्ड परफॉर्मेंस स्टैण्डर्ड्स) विनियमों, 2017 में परिभाषित के अनुसार, रीडिंग स्वीकृत लोड/अनुबंध मांग से अधिक होता है तो केवल ऐसे बिलिंग चक्र के लिए केडब्ल्यू/केवीए में बढ़े हुए लोड के तदनुरूप निश्चित शुल्क पर 30% का अधिभार लगाया जाएगा। जहां स्वीकृत लोड/अनुबंध मांग केडब्ल्यू/एचपी में है, केवीए को संबंधित बिलिंग चक्र के लिए उपभोक्ता के वास्तविक विद्युत कारक के आधार पर गणना की जाएगी और वास्तविक विद्युत कारक की अनुपलब्धता की स्थिति में, विद्युत कारक को 10केडब्ल्यू/11केवीए तक स्वीकृत लोड/अनुबंध मांग हेतु युनिटी के रूप में विचार किया जाएगा।
3. **टाइम ऑफ डे (टीओडी) टैरिफ**

क. टीओडी टैरिफ उन सभी उपभोक्ताओं पर लागू होगा जिनका स्वीकृत लोड/एमडीआई (जो भी उच्चतर है) 10केडब्ल्यू/11केवीए और अधिक है।

ख. घरेलू कनेक्शनों सहित सभी अन्य तीन फेज (3ϕ) कनेक्शनों के लिए वैकल्पिक। यदि उपभोक्ता जिन्होंने टीओडी के लिए आवेदन दिया है, मीटरों के अद्यतन हेतु शुल्कों, अगर कोई होगा को संबंधित उपभोक्ताओं द्वारा वहन किया जाएगा।

ग. आयोग ने ऑफ-पीक आवर्स तथा पीक आवर्स के दौरान अधिभार पर 20% की छूट बनाए रखने का निर्णय लिया है। वैकल्पिक टीओडी उपभोक्ताओं को एक वित्तीय वर्ष में केवल एक बार नन-टीओडी क्षेत्र में वापस लौटने का विकल्प उपलब्ध रहेगा। पीक और ऑफ-पीक आवर्स के अलावा सामान्य विद्युत शुल्क लागू रहेगा।

घ. आयोग ने पीक और ऑफ-पीक आवर्स के टाइम स्लॉट निम्नानुसार बनाए रखा है:

| माह | पीक आवर्स (बजे) | ऊर्जा शुल्कों पर अधिभार | ऑफ-पीक आवर्स (बजे) | ऊर्जा शुल्कों पर छूट |
|---|---|---|---|---|
| मई - सितंबर | 1400-1700 एवं 2200-0100 | 20 प्रतिशत | 0400-1000 | 20 प्रतिशत |

4. 11केवी, 33/66केवी और 220 केवी में आपूर्ति हेतु विद्युत शुल्कों पर 3%, 4% व 5% की छूट लागू रहेगी।
5. स्ट्रीट लाईट्स पर रखरखाव शुल्कों, जहां भी डिस्कॉम द्वारा रखरखाव किया जाता है, निर्दिष्ट टैरिफ के अलावा आयोग के आदेश दिनांक 22 सितम्बर, 2009 के अनुसार रु. 84/लाईट प्वाइंट/माह की दर पर और रु. 19/प्रति लाईट प्वाइंट/माह की दर पर सामग्री लागत देययोग्य होगी। ये शुल्क लागू करों और ड्यूटीज को छोड़कर हैं।
6. औद्योगिक संवर्ग के तहत टैरिफ की प्रयोज्यता हेतु वैद्य फैक्टरी लाईसेंस अनिवार्य होगा :

बशर्ते जहां फैक्टरी लाईसेंस समाप्त हो गया है और इसका नवीनीकरण आवदेन संबंधित प्राधिकरण के समक्ष लम्बित है, तो डिस्कॉम ऐसे उपभोक्ताओं का बिल गैर घरेलू संवर्ग के तहत लागू टैरिफ के अनुसार जारी करेगा;

इसके अलावा बशर्ते कि फैक्टरी लाईसेंस के नवीनीकरण होने पर डिस्कॉम ऐसे लाईसेंस के नवीनीकरण की प्रभावी तिथि से औद्योगिक संवर्ग के अन्तर्गत लागू टैरिफ के अनुसार ऐसे उपभोक्ताओं के बिल समायोजित कर देगा।

(स्पष्टीकरण - औद्योगिक टैरिफ की प्रयोज्यता के उद्देश्य हेतु फैक्टरी लाईसेंस का अर्थ प्रचालन के संबंधित क्षेत्र में उद्योग या फैक्टरी के संचालन के लिए लागू अनुसार उद्योग निदेशालय या सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों या एमसीडी या कोई अन्य केन्द्रीय या राज्य सरकार की एजेंसी द्वारा जारी या स्वीकृत लाईसेंस या अनुमति या प्राधिकृत-पत्र या कोई अन्य दस्तावेज होगा।)

7. वितरण लाइसेंसधारी उपभोक्ताओं पर लागू संबंधित टीओडी छूट/अधिभार पर विचार करने के बाद पीपीएसी वसूल करेगा।
8. प्रीपेमेंट मीटर के माध्यम से आपूर्ति का लाभ उठाने वाले उपभोक्ताओं के लिए, 1 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मूल ऊर्जा शुल्क, निश्चित शुल्क और लागू टैरिफ पर अन्य सभी शुल्कों पर लागू होगी।
9. सिंगल प्वाइंट डिलीवरी सप्लायर (ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज) घरेलू उद्देश्य हेतु आपूर्ति का लाभ उठाने वाले उनके व्यक्तिगत सदस्यों को 1.1 की स्लैब दर के अनुसार घरेलू शुल्क और घरेलू उद्देश्य के अलावा अन्यों हेतु गैर-घरेलू शुल्क लेगा। टैरिफ अनुसूची 1.1 की स्लैब दर के अनुसार व्यक्तिगत सदस्यों को बिलिंग तथा टैरिफ अनुसूची 1.2 के अनुसार बिलिंग, जिसमें सिंगल प्वाइंट डिलीवरी सप्लायर के परिचालन खर्च शामिल, के कुल योग के कारण कोई भी कमी/अधिशेष को खपत के समानुपातिक आधार पर ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज के सदस्यों को सौंप दिया जाएगा।
10. ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी के माध्यम से एकल बिंदु डिलीवरी में आपूर्ति का लाभ उठाने वाले व्यक्तिगत घरेलू उपभोक्ता, रा.रा.क्षे.दि.स. के आदेश के अनुसार, सब्सिडी के लाभ, यदि कोई होता है, का दावा करेगा। ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी खपत विवरणों के साथ पात्र उपभोक्ताओं के विवरण प्रस्तुत करेगी और डिस्कॉम से व्यक्तिगत सदस्यों की ओर से सब्सिडी का दावा दर्ज करेगी।
11. एचटी व अधिक में आपूर्ति का लाभ उठाने वाला सिंगल प्वाइंट डिलीवरी सप्लायर, अपने एलटी उपभोक्ताओं से टैरिफ-चार्ज करेगा तथा इसके अलावा, नुकसान और अपने सभी खर्चों को वसूल करने के लिए बिल राशि के 5 प्रतिशत तक अतिरिक्त चार्ज करने का हकदार होगा।
12. डी.एम.आर.सी. और डी.आई.ए.एल. के वाणिज्यिक उपभोक्ता जिन्हें 215 केवीए से अधिक लोड की मंजूरी दी गई है, किन्तु एलटी (415 वोल्ट) में सेवा की है, उनके 140केडब्ल्यू/150केवीए (415 वोल्ट्स) से अधिक गैर-घरेलू एलटी (एनडीएलटी) संवर्ग के लिए लागू टैरिफ वसूल किया जाएगा।
13. अनुसूची में निर्धारित की गई दरें में बिजली शुल्क और अन्य कर तथा प्रभार जो समय-समय पर सरकार या किसी अन्य सक्षम अधिकारी द्वारा लगाए जाते हैं, शामिल नहीं हैं, जो अतिरिक्त देय हैं।
14. वितरण लाइसेंधारी द्वारा प्रदान किए गए बिजली बिल की स्थिति में, यदि बिल पर निर्दिष्ट तिथि के अंदर पूरी तरह से भुगतान नहीं किया जा रहा है तो विलम्ब भुगतान अधिभार (एलपीएससी) 18 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से लगाया जाएगा। वितरण लाइसेंसधारी द्वारा उपभोक्ता से भुगतान प्राप्ति में विलम्ब दिवसों की संख्या के लिए एलपीएससी वसूली किया जाएगा, जब तक कि विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 56 के अनुसार गैर-भुगतान की स्थिति में, नियत तिथि के बाद आपूर्ति को काट देने के लाइसेंसधारी के अधिकार हेतु बिना पूर्वाग्रह के पूर्ण भुगतान नहीं किया जाएगा। वह अस्थायी कनेक्शन और प्रवर्तन मामलों पर भी लागू होगा, जहां न्यायालय के निर्देशों के अनुसार रकम का समायोजन के बाद अंतिम बिल राशि तथा जमा राशि का भुगतान नियत तिथि तक नहीं किया जाता है।
15. वितरण लाइसेंसधारियों द्वारा नेत्रहीन उपभोक्ताओं के अलावा उपभोक्ताओं से न्यायालय समाधान मामलों में रु. 4000/- से अधिक, बिजली बिलों के रूप में नकद में राशि, उनके खुद के संग्रहण केन्द्रों/मोबाइल वैन में कोई भुगतान तथा रु. 50,000/- तक निर्दिष्ट अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक शाखाओं में उपभोक्ताओं द्वारा जमा किया गया भुगतान स्वीकार नहीं होगा। इस प्रकार का उल्लंघन करने पर सीमा से अधिक कुल नकद संग्रहण के 10 प्रतिशत के स्तर पर जुर्माना लगेगा।
16. जहाँ भी बिलिंग के प्रयोजन हेतु निश्चित या ऊर्जा शुल्क को रु. प्रति केवीएएच में निर्दिष्ट किया गया है, संबंधित बिलिंग चक्र में मीटर से पढ़े गए अनुसार केवीएएच का उपयोग किया जाएगा।


# सड़क हादसों में महिला समेत तीन की मौत

**नोएडा।** जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। अपर पुलिस उपायुक्त अंकुर अग्रवाल ने बताया कि थाना फेस- दो क्षेत्र के सेक्टर 93 के पास शुक्रवार सुबह एक डंपर ट्रक तथा मिनी ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई। इस घटना में मिनी ट्रक के चालक जितेंद्र तथा परिचालक अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उधर, थाना सूरजपुर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह को तिलपत गांव के पास हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार यहां एक स्कूटी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार सुमन (37 वर्ष) की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कोविड-19: दिल्ली में 69 दिन के बाद मामलों में रिकॉर्ड तेजी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को कोविड-19 को 2914 नए मामले सामने आए जो बीते 69 दिनों में सर्वाधिक हैं। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली में इसके साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1.85 लाख के पार पहुंच गई जबकि महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 4513 हो गई है। यह सितंबर में लगातार चौथा दिन है जब एक दिन में संक्रमण के 2000 से ज्यादा मामले सामने आए हैं।

दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन में कहा गया कि बीते 24 घंटों के दौरान 13 और मरीजों की संक्रमण से मौत हुई है। तीन सितंबर से पहले 27 जून को दिल्ली में एक दिन में 2948 नए मामले सामने आए थे। बृहस्पतिवार को 19 मरीजों की मौत हुई थी जबकि संक्रमण के 2737 मामले सामने आए थे। एक व दो सितंबर को क्रमशः 2312 और 2509 संक्रमित राष्ट्रीय राजधानी में मिले थे।

# रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर 20 लाख की ठगी

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव के नाम से रेलवे में चाचा-भतीजे की नौकरी लगवाने के नाम पर बीस लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं दो महीने में नौकरी लगवाने की बात करते हुए ठगों ने दोनों को दिल्ली के एक अस्पताल में ले जाकर नौकरी से पहले होने वाला फर्जी मेडिकल भी करवा दिया। दिए गए समय के अनुसार जब नौकरी नहीं लगी तो ठगी का पता चला। इस पर दी गई रकम वापस मांगी गई तो ठगों ने जानलेवा हमला कर दिया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कर इंसाफ की गुहार लगाई गई है।

थाना विजयनगर की चरन सिंह कॉलोनी में रहने वाले सुरेश चंद ने बताया कि उनकी दुकान पर दो शख्स महेंद्र पंवार और अमरपाल सिंह सामान लेने के लिए आते थे। बातचीत के दौरान पता चला कि उक्त लोग अपने बेटे की रेलवे में नौकरी लगवा रहे हैं। सुरेश के मुताबिक ये जानकारी मिलने पर उसे भी कहा गया कि वह अपने बेटे दीपक गौतम और भाई अरुण कुमार की रेलवे में नौकरी लगवा लें। आरोप है कि दोनों ने उनसे नौकरी लगवाने के नाम पर 30 लाख रुपए की मांग की। बाद में सौदा 20 लाख में तय हुआ।

# कारोबारियों को फिक्स्ड चार्ज में राहत देगी दिल्ली सरकार

## प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद सीएम ने दिया आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



लॉकडाउन के कारण आर्थिक नुकसान झेल रहे कारोबारियों को जल्द बिजली के फिक्सड चार्ज से राहत मिलेगी। व्यापारियों और औद्योगिक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिया आश्वासन। केजरीवाल ने कहा कि जल्द ही राहत देने के लिए पर्याप्त कदम उठाए जाएंगे।

पिछले कुछ दिनों में कई व्यापारी और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सीएम केजरीवाल से मिलकर इस संबंध में हस्तक्षेप करने और उन्हें राहत प्रदान करने का अनुरोध किया है। जिसमें स्पष्ट किया गया है कि कोविड-19 महामारी के कारण उद्योग धंधे ठप होने के कारण दिल्ली सरकार के राजस्व बहुत ज्यादा असर पड़ा है। केजरीवाल ने कहा कि पूरी तरह से लॉकडाउन लगाने का फैसला जरूरी था। लेकिन दिल्ली ने अब लॉकडाउन हटाने का फैसला किया है। अब अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कारोबार और उद्योग फिर से शुरू हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार

कुछ दिन पहले केजरीवाल ने घोषणा की थी कि पिछले वर्ष अप्रैल महीने में राजस्व 3,500 करोड़ रुपये था जो गिरकर इस साल 300 करोड़ रुपये हो गया है। केंद्र सरकार के अनलॉक के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार ने भी राष्ट्रीय राजधानी में कई आर्थिक गतिविधियों की अनुमति दी है। कई चरणों में केजरीवाल ने अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए विभिन्न उपायों की घोषणा की है।

हाल ही में दिल्ली विद्युत नियामक आयोग ने कोविड-19 महामारी को देखते हुए लगातार छठें वर्ष भी बिजली टैरिफ में कोई बढ़ोत्तरी नहीं करने का ऐलान किया है। इन इकाइयों के विभिन्न हितधारक और प्रतिनिधि मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनसे हस्तक्षेप का अनुरोध कर रहे हैं क्योंकि कोविड-19 लॉकडाउन के कारण अधिकांश इकाइयां बंद रही हैं।

# किसानों के हंगामे के कारण हाईवे पर निर्माण कार्य ठप



किसानों के हंगामे के बाद पहुंची पुलिस।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक निर्माणधीन नेशनल हाईवे 9 पर चल रहे निर्माण कार्य को किसानों ने हंगामा करके रूकवा दिया। किसानों का आरोप है कि जहां सड़क बनाई जा रही है वह किसानों की जमीन है जिसका मुआवजा नहीं दिया गया।

आपको बता दें कि दिल्ली से मेरठ तक बनने वाले इस नेशनल हाईवे 9 पर अधिकतर जगह निर्माण पूर्ण हो चुका है। यहां कुछ टुकड़े ऐसे हैं जिसमें अभी भी काम चल रहा है। लॉकडाउन के दौरान यह काम बंद रहा लेकिन, अब अनलॉक होने के बाद यहां दोबारा से काम शुरू हुआ है। ऐसे में शुक्रवार को जब अधिकारी और कर्मचारी निर्माणधीन कार्य को करवाने महरौली गांव पहुंचे तो उनका काम रुकवा दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक प्रशासन शनिवार को फिर किसानों से बात करेगा और जो परेशानी होगी उसको दूर किया जाएगा।

## दंपति के साथ बदसलूकी करने और धमकाने के आरोप में 2 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में बाहरी रिंग रोड पर एक दंपत्ति से साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार करने और धमकी देने के लिए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान पश्चिम विहार के करण चोपड़ा और सतप्रीत सिंह (35) के रूप में हुई है। बाहरी रिंग रोड पर कार में दो व्यक्तियों के कार में शराब पीने और एक दंपत्ति के साथ दुर्व्यवहार करने तथा धमकी देने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी।

उन्होंने कहा कि यह इलाका पश्चिम विहार (पूर्व) थाने में आता है। शिकायतकर्ता अक्षित नंदा का पता लगाकर उनसे संपर्क किया गया। एक अधिकारी ने कहा, उनकी शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 509, 506 और 34 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## संक्षिप्त समाचार



शुक्रवार को अर्थला झील पर निगम अधिकारियों के साथ मुआयना करते नगर आयुक्त महेन्द्र सिंह तंवर।

### अर्थला झील में चलेगा निगम का ऑपरेशन क्लीन

**गााजियाबाद।** हिंडन नदी जीटी रोड के समीप स्थित अर्थला झील के सौदर्यीकरण और उसके आसपास मौजूद अवैध कब्जों को हटाने के लिए बहुत जल्द गाजियाबाद नगर निगम ऑपरेशन क्लीन शुरू करने जा रहा है। शुक्रवार को इसी कड़ी में एनजीटी के निर्देश पर नगर आयुक्त महेन्द्र सिंह तंवर ने निगम टीम के साथ अर्थला झील का दौरा किया। अर्थला झील के आसपास इस समय सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं ने अवैध रूप से कॉलोनी विकसित कर दी है ,जिसका पूरा सीवर का पानी झील में ड्रेनेज हो रहा है। पर्यावरण विद आकाश वशिष्ठ और सुशील राघव ने अर्थला झील की दुर्दशा पर प्रशासन का ध्यान दिलाने के लिए एनजीटी में पिछले दिनों एक याचिका दायर की थी।

### नोएडा में कोविड-19 के 153 नए मामले सामने आए

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में कोविड-19 के 153 मामले सामने आए जिसके साथ ही शुक्रवार को यहां संक्रमितों की कुल संख्या 8,481 हो गई है। जिला निगरानी अधिकारी नीरज त्यागी ने बताया कि शुक्रवार को 153 नए संक्रमित सामने आए जबकि संक्रमण मुक्त हुए 123 लोगों को अस्पतालों से छुट्टी दी गई। उन्होंने बताया कि जिले में फिलहाल।,188 लोग उपचाराधीन हैं। कोरोना वायरस की वजह से अब तक जनपद में 46 लोगों की मौत हो चुकी है। जिला निगरानी अधिकारी ने बताया कि कोविड संक्रमण की वजह से जनपद में 292 निषिद्ध क्षेत्र बनाए गए हैं।

# बहन के प्रेमी की हत्या मामले में दोस्त समेत भाई गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शाहबाद डेयरी क्षेत्र में बहन के प्रेमी की हत्या के आरोप में 22 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके एक दोस्त को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान शाहबाद डेयरी निवासी अरमान और रोहिणी के सेक्टर-16 निवासी उसके दोस्त करण सिंह के रूप में हुई है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम चार बजकर 56 मिनट पर शाहबाद डेयरी पुलिस को प्रहलादपुर के पास एक शव पड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस जब वहां पहुंची तो जल संयंत्र के सामने हरित क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव मिला। पुलिस उपायुक्त गौरव शर्मा ने कहा, व्यक्ति का गला किसी धारदार हथियार से कटा था और उसके पास से आईडी कार्ड भी बरामद नहीं हुआ। बाद में मृतक की पहचान 26 वर्षीय धर्मेंद्र उर्फ राज के रूप में हुई। वह शाहबाद डेयरी की जेजे कालोनी का निवासी था। शाहबाद डेयरी पुलिस थाने में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई थी। तकनीकी निगरानी और खुफिया जानकारी के आधार पर अरमान तथा सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पूछताछ के दौरान पता चला कि अरमान की बहन के साथ धर्मेंद्र के प्रेम संबंध थे। वह अपने दोस्तों से इसके बारे में बात किया करता था।

## मास्क नहीं लगाने पर काटा जा रहा 500 रु का चालान

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने व मास्क न लगाने पर जुमार्ना लगेगा। कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए साकेत बस डिविजन की एसडीएम अंकिता मिश्रा ने लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता प्रोग्राम शुरू किया है।

राजधानी में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए उन्होंने इलाके में लोगों को जागरुक करने और चालान करने के लिए तीन गाड़ियों को रवाना किया। उन्होंने कहा कि जो लोग सामाजिक दूरी का पालन नहीं करते और मास्क लगाने में कोताही करते हैं उन लोगों का 500 रुपए का चालान किया जाएगा ताकि वे आगे इस गलती को ना दोहराएं।

# पुलिस ने गुमशुदा बच्चों को परिवार से मिलाया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

ऑपरेशन खुशी



पुलिस द्वारा बरामद 4 वर्षीय मासूम अपने परिजनों के साथ।

गाजियाबाद पुलिस का ऑपरेशन खुशी रंग ला रहा है। पिछले 24 घंटे में इस ऑपरेशन के तहत 3 लापता बच्चों को उनके परिवारों से मिलवाया गया। ऑपरेशन खुशी के तहत अब तक कई मासूमों को उनके परिवार से पुलिस मिलवा चुकी है।

दरअसल, खोड़ा इलाके में 10 साल का बच्चा बिना बताए अपने घर से खेलने के लिए निकल गया था। इसके बाद वो रास्ता भटक गया। बच्चे के पिता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत बच्चे की तलाश शुरू की और कुछ ही देर में मासूम को उसके परिवार से मिलवा दिया गया। वहीं, शहर कोतवाली इलाके में 17 साल की किशोरी अचानक लापता हो गई, जिसके बाद परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने चारों तरफ टीमें भेजकर तलाश शुरू की जिसमें कुछ ही देर में किशोरी को बरामद कर लिया गया। वहीं ट्रोनिका सिटी पुलिस ने गुमशुदा 4 वर्षीय बच्चे को एक घंटे के अन्दर बरामद कर परिजनों के सपुर्द कर उनकी खुशियां लौटा दीं। तीनों परिवारों ने पुलिस का धन्यवाद किया है। इस ऑपरेशन के तहत इस महीने में पुलिस करीब दर्जनभर लापता बच्चों को उनके परिवारों से वापस मिलवा चुकी है।


दक्षिणी दिल्ली नगर निगम

कार्यालय कार्यपालक (एसएलएफ)
कमरा नं. 6, गेट नं. 4, डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम,
दिल्ली गेट, नई दिल्ली-110002
सं. ईई/एसएलएफ/ओ/एसडीएमसी/202-21/109 दिनांक: 3/9/2020

सार्वजनिक नीलामी सूचना

कार्यपालक अभियंता (एसएलएफ), एसडीएमसी द्वारा "जैसा है जहां है आधार पर" (1) रिफ्यूज डेरिव्ड फ्यूल (आरडीएफ)/प्लास्टिक वेस्ट और (2) सॉयल/कम्पोस्ट के निपटान के लिए एकमुश्त दर सार्वजनिक नीलामी के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। नीलामी 17.09.2020 को अप. 2.00 बजे से अप. 4.00 बजे तक कार्यालय एसई (डीईएमएस) एचक्यू, कमरा नं. 10, गेट नं. 9, डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम, दिल्ली गेट, नई दिल्ली-110002 में आयोजित की जाएगी। इसके पूर्ण विवरणों तथा नियम एवं शर्तों के लिए एसडीएमसी की वेबसाइट www.mcdonline.gov.in और www.mcd.nic.in देखें।

RO No. 32/DPI/S/2020-21
ईई (एसएलएफ) एसडीएमसी


## सज्जन कुमार की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कांग्रेस के पूर्व सांसद नेता सज्जन कुमार की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य का हवाला देकर अंतरिम जमानत दिए जाने का अनुरोध किया था। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने कुमार अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। कुमार की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने दलील दी कि कुमार को स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत दी जानी चाहिए।

# कंटेनर से बरामद हुई 14 लाख की अवैध शराब

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अवैध शराब और तस्करों के खिलाफ आबकारी विभाग ने बृहस्पतिवार को अभियान चलाया। टीम ने एक कंटेनर से करीब 14 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद की है। यह बरामदगी ग्रेटर नोएडा में परी चौक और तिलपता गोल चक्कर के बीच में हुई है।

जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने बताया कि आबकारी निरीक्षकों की टीम अवैध शराब की धर पकड़ के लिए बृहस्पतिवार को संदिग्ध क्षेत्रों मे छापेमारी कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रक में भरकर हरियाणा की शराब परी चौक से तिलपता की तरफ आने वाली है। आबकारी निरीक्षकों की टीमों ने तिलपता गोल चक्कर के पास बैरिकेडिंग लगा दी। तभी एक कन्टेनर को रोक कर चेकिंग की गई। कन्टेनर में हरियाणा ब्रांड की 219 अवैध शराब की पेटी बरामद हुई।



आबकारी विभाग द्वारा कंटेनर से पकड़ी गई अवैध शराब।

वाहन चालक कासिम निवासी हिरमतला थाना सोहना जिला नूह हरियाणा और उसके सहायक गौरव कुमार निवासी रामनगर थाना सेक्टर-11 जिला फ रीदाबाद हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को सूरजपुर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। इनके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



एसएसपी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

# साथी वकील पर हमले के विरोध में एसएसपी ऑफिस पर प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

साहिबाबाद थाना क्षेत्र की शालीमार गार्डन कॉलोनी में रहने वाले अधिवक्ता महकार कसाना पर हुए हमले के विरोध में वकीलों ने शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। एसएसपी के नाम से लिखे गए ज्ञापन को उन्होंने एसपी देहात नीरज कुमार जादौन को सौंपा।

उन्होंने संबंधित चौकी प्रभारी और अधिवक्ता महकार कसाना के साथ मारपीट करने, गाली गलौज और जान से मार देने की धमकी देने वाले आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

पीड़ित अधिवक्ता महकार कसाना ने बताया कि किसी योगेंद्र नागर नामक व्यक्ति ने उनके पड़ोस में रहने वाले सुनिल कुमार विग ने दुकान दिलवाने के नाम पर फर्जीवाड़ा करके उनसे हजारों की नकदी हड़प ली थी उसी सिलसिले में वह भी सुनिल कुमार विग के साथ पुलिस चौकी पर गए थे। उसी समय अपने तीन चार साथियों के साथ आए योगेंद्र नागर ने चौकी प्रभारी के सामने ही गाली देने के साथ अभद्रता की।

# सरकारी स्कूल के शिक्षक बने कोरोना योद्धा

## लापता छात्रों का लगा रहे पता और पृथकवास केंद्रों में कर रहे काम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी के कारण स्कूल बंद होने की वजह से दिल्ली सरकार के स्कूलों के कई शिक्षक कोरोना योद्धा की भी भूमिका निभा रहे हैं। वे ऐसे छात्रों का पता लगाने का भी काम कर रहे हैं जो उनके संपर्क में नहीं हैं। शिक्षक फोन के जरिए उनके पड़ोसियों को वर्कशीट भेजने और आइसोलेशन सेंटरों पर भी लोगों की मदद भी कर रहे हैं।

कोविड-19 महामारी के इस समय में अपनी कोशिशों व तय जिम्मेदारियों से आगे बढ़कर काम करने के लिए शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इन शिक्षकों की जमकर सराहना की। पश्चिम विहार में सरकारी स्कूल में पढ़ाने वाली सरिता रानी भारद्वाज को मार्च में लॉकडाउन की घोषणा होने के बाद अपने छात्रों का पता लगाने में बेहद मुश्किल आई।





भारद्वाज ने बताया कि वह पहले सभी से कक्षा के वाट्सऐप समूहों पर संपर्क करने की कोशिश की और कई-कई बार सभी छात्रों को व्यक्तिगत रूप से फोन किया। जब उनमें से कुछ से मेरा संपर्क नहीं हो सका तो उन्होंने राशन की आपूर्ति करने वाले व्यक्ति से संपर्क किया और उनके पतों पर जाकर देखने को कहा। इस तरह वह कई अन्य छात्रों से संपर्क कर सकी लेकिन कुछ अब भी उनके संपर्क में नहीं है। वह राशन की आपूर्ति करने वाले से उन बच्चों के पड़ोसियों के फोन नंबर लेकर आने को कहा। उनसे बात की और उनके फोन पर वर्कशीट भेजनी शुरू की। जब उन्हें पता चला कि कुछ छात्र दूसरे शहरों में चले गए हैं तब उन्होंने एक कूरियर कंपनी के जरिए उनके नए पतों पर किताबें भेजी।

मंगोलपुरी के सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सामाजिक विज्ञान के शिक्षक आलोक कुमार मिश्रा ऑनलाइन कक्षाएं लेने के अलावा नरेला के एक पृथकवास केंद्र में भी सेवाएं दे रहे हैं। आइसोलेशन केंद्र के तौर पर इस्तेमाल किए जा रहे घरों के बाहर वह एक अस्थाई नियंत्रण कक्ष से काम कर रहे है। वह पृथकवास में रह रहे लोगों के फोन का जवाब और उनके प्रश्नों का जवाब देते हैं।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# डायरेक्ट मार्केटिंग की ओर बढ़ रहे हैं किसान : ओमप्रकाश धनखड़

**बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने गुरुग्राम में की पत्रकार वार्ता**

**जल्द ही प्रदेश कार्यकारिणी समेत सभी बॉडी का होगा गठन**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।



गुरुग्राम में पत्रकारों से बात करते बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि वन नेशन-वन मार्केट से किसानों को सीधा फायदा होगा। देश का किसान कहीं पर भी अपनी फसल बेच सकेगा। आज हमारे देश व प्रदेश का किसान डायरेक्ट मार्केटिंग की ओर बढ़ रहा है। कंपनियों भी उनसे पूरी फसल खरीदने का करार कर रही हैं, जो कि किसानों के लिए लाभकारी है। यह बात उन्होंने यहां स्वर्ण जयंती पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में पत्रकार वार्ता में कही।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि डायरेक्ट मार्केटिंग एक तरह से किसानों के लिए आर्थिक आजादी है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था पुरानी व्यवस्था पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। मंडियों में फसलें पहले की तरह खरीदी जाएंगी। धान की पूरी फसल मंडियों में खरीदी जाएगी। पर्यावरण के सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार ने अरावली में हरियाली बढ़ाने को लाखों पेड़ लगाए गए हैं। अरावली हरियाणा का अहम हिस्सा है। यहां पर अवैध कब्जों को हटवाया जा रहा है। अरावली का संरक्षण सरकार कर रही है।

संगठन के विस्तार पर बीजेपी अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि जिला अध्यक्ष बना दिए गए हैं। जल्द ही अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा कर दी जाएगी। सितम्बर के अंत तक सभी पदाधिकारी बना दिए जाएंगे। बीजेपी में फूट के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह अन्य दलों में है। बीजेपी का संगठन मजबूत है कोई फूट नहीं है। मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों, विधायकों के कोरोना पॉजिटिव होने पर प्राइवेट अस्पतालों में दाखिल होने को लेकर प्रदेश अध्यक्ष से सवाल किया गया कि क्या 6 साल में बीजेपी सरकार ने ऐसे अस्पताल नहीं बनाए, जहां पर मंत्री उपचार करा सकें। इस सवाल पर उन्होंने कहा यह सबका निजी मसला है। जीडीपी के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। फिर भी आने वाले समय में सब कुछ ठीक होगा। आर्थिक व्यवस्था ठीक होगी। काम शुरू हो रहे हैं। जन को जागरुक किया जा रहा है।

# गुरुग्राम विश्वविद्यालय की पहली मेरिट लिस्ट जारी




**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में यूजी पाठ्यक्रमों के लिए पहली कट ऑफ जारी कर दी गई है। यूजी पाठ्यक्रमों में बीटेक, बीपीटी, एमबीए-5 वर्ष व एमकॉम-5 वर्ष में दाखिला लेने के लिए जिन छात्रों की ओर से आवेदन किया गया है उनकी 12वीं के स्कोर के आधार पर कट ऑफ बनाई गई है।

एमकॉम 5 वर्ष के लिए ऑल इंडिया कैटगरी में 95.6 प्रतिशत पर कट ऑफ रही, हरियाणा जनरल कैटगरी में 92.6, एससी कैटगरी के लिए 86.6 कट ऑफ रही। एमबीए 5 वर्ष के लिए ऑल इंडिया कैटगरी में 97.20 कट ऑफ रही, हरियाणा जनरल कैटगरी में 91.8, एससी कैटगरी के लिए 82 प्रतिशत पर कट ऑफ रही। बीटेक के लिए ऑल इंडिया कैटगरी में 98 प्रतिशत पर कट ऑफरही, हरियाणा जनरल कैटगरी में 94.8, एससी कैटगरी के लिए 89.4 कट ऑफरही। बीपीटी के लिए ऑल इंडिया कैटगरी में 91.6 प्रतिशत पर कट ऑफ रही, हरियाणा जनरल कैटगरी में 87.8, एससी कैटगरी के लिए 81 प्रतिशत पर कट ऑफ रही। एमकॉम -5 वर्ष व एमबीए-5 वर्ष की सभी 40-40 सीटों पर जबकि बीटेक, बीपीटी की सभी 60-60 सीटों पर हर श्रेणी से मेरिट लिस्ट गुरुग्राम विवि की वेबसाइट पर डाल दी गई है। चयनित छात्र 7 सितंबर तक ऑनलाइन फीस जमा करवा सकते हैं। यूजी पाठ्यक्रमों की दूसरी मेरिट लिस्ट 10 सितंबर को जारी की जाएगी। तीसरी कट ऑफ 16 सितंबर को जारी की जाएगी। वहीं पीजी कोर्सेस के लिए एडमिशन फार्म भरने की प्रक्रिया जारी है। अब तक 7 हजार से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। पीजी कोर्सेस में दाखिले के लिए आखिरी तारीख 15 अक्टूबर है जबकि पहली मेरिट लिस्ट 26 अक्टूबर को जारी की जाएगी। गुरुग्राम विवि के कुलपति डॉ. मार्कण्डेय आहूजा ने कहा कि विवि की ओर से यूजी पाठ्यक्रमों की पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। छात्रों को मेरिट के आधार पर लिस्ट में रखा गया है।

वेबसाइट पर जाकर छात्र अपना नाम चेक कर सकते हैं। छात्रों को 3 दिन का समय दिया गया है। सोमवार शाम 4 बजे तक छात्र ऑनलाइन फीस जमा करवाकर अपनी सीट पक्की कर सकते हैं। सीटें बाकी रहने के आधार पर ही अगली लिस्ट जारी की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एडीसी कार्यालय में काटा सात साल पुराना हरा पेड़



**गुरुग्राम।** यहां अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) कार्यालय परिसर में करीब 7 साल पुराना एक हरा पेड़ काट दिया गया। जो अधिकारी हरियाली बढ़ाने को लोगों को प्रेरित करते हैं, उन्हीं की आंखों के सामने से हरे पेड़ काट दिए जाते हैं। इस पेड़ को काटे जाने के बाद सामाजिक संस्थाएं भी तस्वीरों को सोशल मीडिया पर सांझा करके पेड़ काटने के दोषी पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यहां एक आवाज संस्था की ओर से अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक आवाज इज फीलिंग सैड लिखकर तस्वीरें सांझा की गई हैं। इस तस्वीर में काफी बड़ा हरा पेड़ कटा हुआ दिखाया गया है। वह भी जिला के एडीसी कार्यालय परिसर में। एक आवाज संस्था के विकास गुप्ता व आशीष गुप्ता के मुताबिक प्रशासन एक तरफ तो पेड़ बचाओ जीवन बचाओ का नारा देता है, दूसरी तरफ एडीसी कार्यालय विकास सदन के मुख्य द्वार के पास लगा नींबू का काफी बड़ा हरा पेड़ था। जो कि काफी फल देता था। यह करीब 7 साल पुराना पेड़ था। जिसे गत 2-4 दिनों के भीतर काट दिया गया है। साथ ही सवाल किया गया है कि आखिर यह पेड़ कौन से विकास में बाधा बन रहा था। यह पेड़ ऑक्सीजन के साथ-साथ फल भी देता था। एक आवाज की तरफ से यह भी मांग की गई है कि इस पेड़ को काटने वाले दोषी से 100 पेड़ लगवाए जाएं और उस पर आर्थिक दंड भी लगाया जाए। ऐसा करने से वह ही नहीं, बल्कि अन्य लोग भी भविष्य में पेड़ काटने से पहले 100 बार सोचेंगे।

### मां-बेटी पर धारदार सरिया से हमला

**सोहना।** भोंडसी की रेयान इंकलेव कॉलोनी में रंजिश के चलते बाइक सवार दो युवकों ने मां-बेटी पर धारदार सरिया से हमला कर लहूलुहान कर दिया। बचाव में आया पीड़िता के भाई को भी आरोपियों ने लोहे की सरिये से पीटा। पीड़ितों को अस्पताल में दाखिल कराया। भोंडसी पुलिस ने नामजद दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। भोंडसी की रेयान इंकलेव कॉलोनी निवासी राधिका पुत्री नाहर सिंह ने भोंडसी पुलिस को बताया कि बुधवार को दोपहर करे उसके घर के सामने बाइक आकर रुकी। बाइक सवार दो युवकों ने उसकी मां पर धारदार सरिये से हमला कर दिया। जब वह अपनी मां को बचाने आई तो अंकित उर्फ सोनू पुत्र देवेन्द्र और निशांत उर्फ रिकी ने उसे भी सरिया मारा। शोर सुनकर उसका भाई बचाव में आया तो आरोपी युवकों ने उसे भी पीटा। जो बाद में बाइक से भाग गए। राधिका ने बताया कि अंकित का परिवार उनके घर के सामने किराए पर रहता है। यह हमला उनके ऊपर अंकित ने पुरानी रंजिश रखते हुए किया है।

### अरावली में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई



**गुरुग्राम।** नगर निगम द्वारा अरावली क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को इनफोर्समेंट टीम ने लगभग 6 एकड़ जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाया शुक्रवार को नगर निगम के संयुक्त आयुक्त हरीओम अत्री, सहायक अभियंता अजय शर्मा, कनिष्ठ अभियंता हरीओम इनफोर्समेंट टीम के अन्य सदस्यों एवं जेसीबी लेकर सिकन्दरपुर अरावली क्षेत्र में शनि मंदिर के पास पहुंचे। यहां पर कुछ लोगों ने अरावली क्षेत्र में अतिक्रमण करके झुग्गियां बनाई हुई थी। टीम ने जेसीबी की मदद से 50-60 झुग्गियों को हटाकर लगभग 6 एकड़ जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाने में सफलता हासिल की। हालांकि कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश की गई, लेकिन 60 की संख्या में उपस्थित पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई को सही प्रकार से पूरा किया गया।

### रहस्यमयी हालत में युवती व महिला लापता

**पलवल।** शहर थानाक्षेत्र में अलग-अलग जगह से एक युवती व एक विवाहिता रहस्यमयी परिस्थिति में लापता हो गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर गुमशुदी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता मनजीत सिंह के मुताबिक एक व्यक्ति ने शहर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी 24 वर्षीय बेटी एक सितंबर को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। जिसको काफी तलाश किया गया, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं लगा। इसी प्रकार एक पीड़ित ने शिकायत दी है कि उसकी 24 वर्षीय पत्नी दो वर्षीय बच्चे को लेकर दो सितंबर को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। जिसको काफी तलाश किया गया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गांव छोड़ने को मजबूर हरिजन समाज के लोग

**नूंह।** नूंह जिले के गांव बीसरु में हरिजन समाज के लोग कुछ लोगों की दबंगई के चलते गांव छोड़ने पर मजबूर हैं। पलायन करने का मुख्य कारण हरिजन समाज के लोगों ने उनकी चौपाल को न बनने देना और उनकी जगह से कब्जा मुक्त नहीं होना बताया है। पीड़ितों का आरोप है कि मामले की शिकायत वह पुन्हाना डीएसपी, एसडीएम, तहसीलदार सहित सीएम विंडो में भी कर चुके हैं, लेकिन अभी तक हरिजन समाज के लोगों को इंसाफ नहीं मिल पाया है। बीसरु निवासी महेश चंद, सुमित कुमार व बाबूलाल ने बताया कि वह हरिजन समाज से ताल्लुक रखते हैं। जिनके गांव में करीब 80 घर हैं। जिनके लिए पचासों साल पहले पंचायत द्वारा अलग चौपाल बनाई गई थी। जो कि अब खंडहर हो गई। हरिजन समाज के लोगों ने बताया कि चौपाल को दोबारा से बनवाने के लिए पहले तो उन्होंने सरपंच से कहा सुनी की, लेकिन जब सरपंच ने चौपाल को बनवाने से इंकार कर दिया तो उन्होंने चौपाल को स्वयं अपने पैसों से बनवाने का फैसला तया किया, जिसके बाद खंडहर चौपाल को तोड दिया गया। आरोप है कि हिंदु समाज के ही राजेंद्र, प्रेम, बीरवल, राम सिंह, सुंदर, धर्मी व नेमचंद सहित कुछ लोगों ने चौपाल के साथ लगती उनकी जगह पर पिछले कुछ समय से अवैध कब्जा कर रखा है और कुछ लोग उनकी जगह में पशु बांधते हैं और पशुओं की गंदगी डालते हैं।

# लाइन कटने से पेयजल की आपूर्ति ठप


कन्या स्कूल के निरीक्षण के दौरान स्टाफ से बात करते एसडीएम डा. नरेश कुमार।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना शहर में गुरुवार सुबह से नहीं आ रहा पानी**

**35 हजार** की आबादी वाले सोहना शहर में पिछले 36 घंटे से पेयजल की आपूर्ति नहीं हुई है। जिससे शहर में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जल्द ही पेयजल की आपूर्ति होने का दावा कर रहे हैं।

गुरुवार सुबह से सोहना व आस-पास लगते गांव धुनेला, बेरका, सोहना ढाणी, रोजका मेव और 40 हजार की आबादी वाले शहर में पेयजल की आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। पानी की सप्लाई न होने से शहर के सभी वार्डों में पेयजल की किल्लत बनी हुई है। शहर के बाहरी वार्ड वार्ड 20, 21, 3, 6, 7, 8, 10, 11 और 12 के साथ खेत लगते हैं। जहां से लोगों रेहड़ियों, रिक्शा और ऑटों में बर्तन रखकर खेतों में लगे ट्यबवेलों से पानी लेकर आए। शुक्रवार सुबह लोग बिना स्नान किए अपने कामकाज पर जाने को मजबूर हुए। सुभाष ने बताया कि वह खाना बनाने के लिए बाजार से पानी की बोतल खरीदकर लेकर आया। सूबचंद ने बताया कि वह किराए पर रहता है। मकान मालिक ने पानी बचत के इरादे से टंकी नहीं लगाई है। बाजार से 30 रुपये की कीमत से बोतल खरीदनी पड़ी है। रिंकू का कहना है कि शहर में महेन्द्रवाड़ा में स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से शहर में पेयजल की आपूर्ति होती है। जहां से गुरुवार सुबह से पानी की सप्लाई नहीं हुई है।

**घामडौज और धुनेला में लाइन टूटी**

**जनस्वास्थ्य** विभाग के एक्सईएन प्रेमसिंह सिंघल ने बताया कि गुरुग्राम व सोहना के बीच चल रहा एलीवेटेड मार्ग के दौरान घामडौज व धुनेला के पास दो स्थानों पर पानी की लाइन टूट गई। जिससे पानी की सप्लाई महेन्द्रवाड़ा से रोक दी गई। टूटी हुई लाइनों को ठीक किया जा रहा है। जल्द ही पेयजल की आपूर्ति उपभोक्ताओं को दी जाएगी।

## बरसात ने खोली नगर पालिका के विकास की पोल लोग परेशान

**नूंह।** शुक्रवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे अचानक आई बरसात से फिरोजपुर झिरका शहर की गलियां व मुख्य रास्ते जलमग्न हो गए। जिससे दुकानदारों की बिक्री पर खासा प्रभाव पड़ा और कस्बे से निकलने वाले राहगीरों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों ने बताया कि कस्बे की नालियां भी समय पर सफाई न होने के चलते ओवरफ्लो हो गईं। जिनमें से बदबूदार कीचड़ रास्तों में आ गई। इस परेशानी को देखते हुए लोग सरकार को कोसते नजर आए।

समाजसेवी साजिद हुसैन व जफरुद्दीन गूमल आल इंडिया सोशल क्राइम एंड एंटी करप्शन के चेयरमैन ने बताया कि शुक्रवार को जिले के फिरोजपुर झिरका कस्बे में तेज बरसात आई। जिसने किसानों को राहत दी तो वहीं दुकानदारों को आफत। फिरोजपुर कस्बे में अंदर घुसने वाले रास्ते पूरी तरह जल मग्न हो गए।

# वार्ड-23 में स्वच्छता सैनिकों ने की सफाई

**शहर में हर मंगलवार और शुक्रवार को चलाया जा रहा विशेष स्वच्छता अभियान**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के वार्ड-23 में स्वच्छता अभियान की शुरुआत के मौके पर पहुंचे नगर निगम आयुक्त विनय प्रताप सिंह।

**शहर** में मंगलवार व शुक्रवार को चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के दूसरे चरण में शुक्रवार को वार्ड-23 में अभियान चलाया गया। इसका शुभारंभ नगर निगम आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने उपस्थित स्वच्छता सैनिकों तथा वार्ड के गणमान्य व्यक्तियों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता बनाए रखने में अपना निरंतर योगदान दें।

इस मौके पर नगर निगम आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता केवल एक व्यक्ति या संस्थान के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को इसमें हिस्सेदारी करनी चाहिए। जिस प्रकार हम अपने घर को स्वच्छता का ध्यान रखते हैं, उसी प्रकार अपने आसपास के क्षेत्र, गली-मोहल्ले की सफाई का भी ध्यान रखें। यह शहर भी हमारा घर है और इसकी स्वच्छता की जिम्मेदारी भी हम सबकी है, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्य करें।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, खाली प्लाटों एवं गलियों में कचरा ना फैलाएं। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा घर-घर से कचरा उठान की व्यवस्था की गई है, इसलिए कचरा हमेशा कचरा गाड़ी में ही डालें। उन्होंने नागरिकों से गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने का आह्वान भी किया। वार्ड-23 के सेक्टर-10ए में आयोजित विशेष स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में निगमायुक्त के साथ संयुक्त आयुक्त जितेन्द्र गर्ग भी पहुंचे। सेक्टर-37 उद्योग एसोसिएशन के अध्यक्ष केके गांधी तथा पार्षद अश्विनी शर्मा ने निगमायुक्त एवं संयुक्त आयुक्त को पुष्प गुच्छ भेंट किए। जोन-1 क्षेत्र के वरिष्ठ सफाई निरीक्षक विजेन्द्र शर्मा को उनके कार्य को देखते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासियों के लिए बूस्टर पम्प लगाने बारे निगमायुक्त से अनुरोध किया गया। इस कॉलोनी में 260 परिवार रहते हैं और पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए बिजली की मोटर चलाने को मजबूर हैं। इससे लगभग 15 से 20 लाख रुपये प्रतिमाह खर्च हो रहा है। निगमायुक्त को बताया गया कि कॉलोनी के लिए बूस्टर पम्प काफी समय से मंजूर है, इसे जल्द लगवाने का अनुरोध किया गया। निगमायुक्त ने इस बारे में आश्वासन दिया।

# फसलें खराब होने से बचाव के लिए कृषि विभाग से संपर्क करें किसान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कृषि** एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक आत्माराम गोदारा ने बताया कि सफेद मक्खी तथा अन्य कारणों से जिन किसानों की कपास की फसलें खराब हुई हैं, वे इसके समाधान के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जारी हिदायतों का पालन करते हुए फसल पर छिड़काव करें।

अधिक जानकारी के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व कृषि विज्ञान केन्द्र कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। श्री गोदारा ने बताया कि हल्की जमीन जहां पर पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है, खाद प्रबंधन की कमी अथवा सफेद मक्खी के अनुकूल वातावरण व कीटनाशकों का जरूरत अनुरूप प्रयोग नहीं करने से कपास की फसल में कीट व बीमारी का प्रकोप ज्यादा बढ़ा हो, के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आवश्यक हिदायतें जारी की गई हैं। जारी हिदायतों का उल्लेख करते हुए श्री गोदारा ने बताया कि हल्की मिट्टी में उगाई गई कपास में उपयुक्त खाद प्रबंधन के लिए पत्तों पर 2.5 किलोग्राम यूरिया प्रति 100 लीटर पानी या पोटेशियम नाइट्रेट (13-00-45) की 2.0 किलोग्राम मात्रा को 200 लीटर पानी की दर से प्रति एकड़ आवश्यकतानुसार 2-3 बार छिड़काव करें। सफेद मक्खी के लिए स्पाइरोमेसिफेन (ऑबरोन) 22.9 एससी की 240 मिलीलीटर मात्रा या नीम आधारित कीटनाशक (निम्बिसीडीन/अचूक) की 1.0 लीटर मात्रा या पाइरीप्रोक्सीफेन (डायटा) 10 ईसी की 400 मिलीलीटर मात्रा को 200-250 लीटर पानी की दर से एक एकड़ में आवश्यकतानुसार बारी-बारी से पौधों पर निचली पत्तियों तक छिड़काव करें।

## जेल में कैदियों से तीन मोबाइल फोन मिले

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल में चार बंदियों से तलाशी के दौरान तीन मोबाइल फोन मिले। बीते पांच दिनों में जेल में बंदियों से 15 मोबाइल फोन मिले हैं।

भोंडसी जिला जेल में तलाशी अभियान के दौरान चार बंदियों के पास से तीन मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड और बैट्रियां बरामद की हैं। धर्मवीर, अशोक उर्फ प्रधान, बिजेन्द्र व मनजीत शामिल हैं। जिला जेल के उपाधीक्षक साजिद खान की शिकायत पर भोंडसी थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जेल में प्रतिबंध के बावजूद मोबाइल फोन रखने का मामला दर्ज कर लिया है।

# कन्या स्कूल का एसडीएम ने किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। तावडू


कन्या स्कूल के निरीक्षण के दौरान स्टाफ से बात करते एसडीएम डा. नरेश कुमार।

**राजकीय** कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एसडीएम ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने स्कूल प्रबंधन में खामियां मिलने पर प्राचार्य को लताड़ लगाई व व्यवस्थाओं को सुधारने के आदेश दिए।

एसडीएम डॉ. नरेश कुमार शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे वह कन्या स्कूल पहुंचे व हाजिरी रजिस्टर को चेक किया, जिसमें 3 अध्यापक अनुपस्थित मिले। जब इन अध्यापकों की अनुपस्थिति के बारे में प्राचार्य से पूछा तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। वहीं स्कूल के एक अध्यापक निरीक्षण के दौरान अनुशासनहीनता की हदें पार कर रहे थे, जिनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई को लेकर सरकार को पत्राचार किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि प्राचार्य की भाषा-शैली को लेकर उनके पास काफी अभिभावकों की निरंतर शिकायतें आ रही थीं। जिसको लेकर प्राचार्य से कहा कि अध्यापक का व्यवहार बेहद विनम्र व शालीन होना चाहिए। अगर भविष्य में अभिभावकों व अध्यापकों के प्रति व्यवहार को लेकर प्रशासन के पास शिकायत आई तो सरकार को कार्रवाई को लेकर अनुशंसा की जाएगी। वहीं निरीक्षण में देखा गया कि स्कूल में कोविड नियमों का भी कतई पालन नहीं हो रहा था। जो अभिभावक स्कूल में आ रहे थे न तो उनके हाथों को ही सैनिटाइज करवाया जा रहा था वहीं न ही उनसे दो गज की दूरी के पालन की अपील की जा रही थी। वहीं प्राचार्य स्वयं बगैर मास्क के स्कूल संचालन करने में जुटे थे, जबकि पिछले पखवाड़े ही स्कूल का एक अध्यापक कोरोना संक्रमित मिला था। उन्होंने कहा कि स्कूल प्राचार्य व अध्यापकों से उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल की गरिमा उंची बने इसको लेकर हर्ष भरसक प्रयास करना चाहिए। एसडीएम डा. नरेश कुमार के मुताबिक कन्या स्कूल के निरीक्षण में कुछ खामियां मिली हैं। जिसको लेकर प्राचार्य को इस सिस्टम को सुधारने के आदेश दिए हैं। स्कूलों को लेकर उनका निरीक्षण जारी रहेगा। जहां कार्य में लापरवाही या अनुशासनहीनता मिली वहां कार्रवाई को लेकर सरकार को पत्राचार किया जाएगा।

## निजी एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ऑनलाइन आवेदन 7 से

**गुरुग्राम।** जिला के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चलाए जा रहे इंजीनियरिंग एवं गैर-इंजीनियरिंग व्यवसायों में सत्र 2020-21 के दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण विभागीय वेबसाइट पर 7 सितंबर से आरंभ किए जा रहे हैं। दाखिले से संबंधित दिशा-निर्देश पत्रिका, जिलेवार संस्थानों की सूची, व्यवसायवार तथा संस्थानवार उपलब्ध सीटों के बारे में सूचना उपरोक्त वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

प्रधानाचार्या गीता आर सिंह ने ऑनलाइन दाखिले के बारे में विस्तार से बताया कि ऑनलाइन दाखिला फार्म भरने की अवधि 7 सितंबर से 22 सितंबर तक निर्धारित की गई है। विभिन्न दाखिला चरणों के लिए मैरिट व सीट अलॉटमेंट की सूचना विभागीय वेबसाइट पर ही अपलोड की जाएगी।


# नेत्रदान पखवाड़े में 210 लोगों ने भरे शपथपत्र

**स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चलाया जा रहा अभियान**

**आठ सितंबर तक चलेगा अभियान**

पायनियर समाचार सेवा। पलवल


इमरजेंसी वार्ड में नेत्रदान पखवाड़े को लेकर काउंसलिंग करते दर्शन व उनके सहयोगी



**कोर्निया** की बीमारी की वजह से नेत्रहीन लोगों को पुन: नेत्र ज्योति प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नेहरू दृष्टि योजना के तहत लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करने के लिए पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें पलवल में अभी तक 210 लोग मृत्योपरांत नेत्रदान के लिए शपथपत्र दे चुके हैं। नेत्रदान महादान जागरुकता पखवाड़ा 25 अगस्त से शुरू करके आठ सितंबर तक चलाया जा रहा है।

पलवल जिला अस्पताल में नेत्रदान के प्रति लोगों में फैली हुई भ्रांतियों को दूर करने व लोगों को मृत्यु उपरांत आंखें दान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान नेत्रदान के लिए तैयार हुए लोगों से शपथपत्र भी भरवाया जा रहा है। यहां पर 240 लोगों के साथ काउंसलिंग की गई है, जिनमें से 210 लोगों ने नेत्रदान के लिए अपनी सहमति का पत्र स्वास्थ विभाग पलवल को सौंपा है। काउंसलर व मोटिवेटर दर्शन के अनुसार नेत्रदान को लेकर लोगों का कहना और मानना है की यदि उन्होंने आंखें दान कर दी तो अगले जन्म में अंधे पैदा होंगे। जबकि यह सब पुराने जमाने की बातें हैं, विज्ञान की दृष्टि से यह सत्य नही है। उन्होंने बताया कि खानपान की कमी अथवा कोर्निया पर चोट लग जाने या इंफेक्शन हो जाने से प्रदेश के आठ से 10 हजार लोग दृष्टि हीनता के मरीज हैं। उनकी तुलना में प्रदेशभर में साल भर में एक हजार से 1200 कार्निया ही उपलब्ध हो पाते हैं, जो अपेक्षा से काफी कम है। इसी को देखते हुए नेत्रदान जागरुकता पखवाड़ा 25 अगस्त से आठ सितंबर तक चलाया जा रहा है।

**पिछले** वर्ष नवंबर में पीजीआईएमएस (रोहतक) ने पलवल जिला अस्पताल में नेत्र संग्रह केंद्र को अनुमति प्रदान की थी। जिसके बाद मार्च में एक युवा लड़के की मौत के बाद यहां पर नेत्रदान हुआ थो, लेकिन उसके बाद लॉकडाउन हो जाने के कारण कोई नेत्रदान नहीं हो सका है। हालांकि पलवल में कई स्वयंसेवी संस्थाएं नेत्रदान का कार्य बखूबी करा रही है। अब नेत्रदान पखवाड़े को सफलता के लिए हमारे चिकित्सा अधिकारी व स्टाफ दोनों प्रयासरत हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 5 सितंबर, 2020



# जनता के हक पर डाका डाल रहे डिपो होल्डरों पर नहीं होती कार्रवाई

## खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से शिकायत बाद जांच तो हुई पर कार्रवाई नहीं

कविता। फरीदाबाद

**कोरोनाकाल** में गरीब तबके के लोगों की मदद के लिए सरकार की तरफ से डिपो होल्डरों के माध्यम से मुफ्त राशन वितरित किया जा रहा है। लेकिन डिपो धारक राशन जनता को नियमित रूप से राशन देने की बजाए उनके हक पर डाका डालने में जुटे हैं।



ऐसा ही एक मामला बल्लभगढ़ की भाटिया कालोनी में उजागर हुआ है। कालोनी का डिपो होल्डर सरकार की तरफ से भेजे गए राशन में कटौती कर कार्ड धारकों को बांट रहा है। इलाके के लोगों की शिकायत पर जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के आला अधिकारियों ने एक उपनिरीक्षक को मौके पर जांच पड़ताल के लिए भेजा। उपनिरीक्षक ने डिपो पर पहुंच कर जांच पड़ताल भी की, लेकिन डिपो होल्डर के खिलाफ कोई कार्रवाई शुक्रवार तक नहीं हुई। उल्टा डिपो होल्डर पीड़ित पर शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहा है।

**ये है मामला**

बल्लभगढ़ की भाटिया कालोनी निवासी फूलनदेवी, गंगाराम, हरिनंद राम, कृष्णा देवी, बृजेश और राकेश कुमार ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को शिकायत दी है। जिसमें उन्होंने बताया कि चार सदस्य वाले एक परिवार को सरकार की तरफ से 40 किलो गेहूं, एक किलो चीनी, एक किलो दाल, एक किलो नमक, दो लीटर तेल दिया जाता है, लेकिन डिपो होल्डर मात्र 30 किलो गेहूं देकर कार्ड धारक से जबरन मशीन पर अंगूठा लगवा लेता है।

पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी केके गोयल को मामले की शिकायत दी है। जिसमें उन्होंने अपने डिपो होल्डर सुषमा देवी के खिलाफ राशन में कटौती करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि डिपो होल्डर कालोनी में सभी कार्ड धारकों के साथ इसी तरह का बर्ताव किया जा रहा है।



### अब दे रहा लालच

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि डिपो होल्डर अब उन्हें कह रहा है कि आपका पूरा राशन आपके घर पहुंच जाएगा। आप दी गई शिकायत को वापस ले लो। वर्ना वह डिपो से उनका नाम काट देगा। भविष्य में उन्हें राशन भी नहीं देगा। जिस पर उन्होंने जांच करने आए उप निरीक्षक को बता दिया, लेकिन अभी तक इस डिपो होल्डर पर किसी तरह की कार्यवाही नहीं की गई है। आरोप है कि पिछले कई सालों से यह डिपो होल्डर जनता के राशन पर डाका डाल रहा है।

# घातक हुआ कोरोना: 2 मौतें, 220 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 13,336

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा पहले के मुकाबले अब एक बार फिर बढ़ने लगा है। शुक्रवार को पिछले कुछ दिनों का रिकार्ड तोड़ते हुए कोविड-19 के सर्वाधिक 220 मरीज सामने आए। वहीं कोविड-19 पॉजिटिव दो मरीजों की मौत की पुष्टि भी विभाग ने की है। जिससे कोविड-19 का आंकड़ा 13,336 पर पहुंच गया। पिछले 24 घंटों में 124 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 91.5 प्रतिशत पर पहुंचा। लेकिन यह बृहस्पतिवार के मुकाबले काफी कम था।

**मृतक और पॉजिटिव**

जिले में कोरोना के दो मरीजों ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया। जिसमें पर्वतीया कालोनी निवासी 71 वर्षीय एक व्यक्ति और सेक्टर-37 निवासी 47 वर्षीय एक व्यक्ति था। दोनों कोरोना के अलावा अन्य गंभीर बीमारियों के शिकार बताये जा रहे है। वहीं 220 पॉजिटिव में सेक्टर-नौ, डबुआ कालोनी, पदम नगर, सेक्टर-31, सेक्टर-10, 65, 3, 49, 41, 46, 28, 31, 30, 14, 24, 16, 7, 19, चंदावली, ओल्ड फरीदाबाद, नंगला इंक्लेव, फतेहपुर बिल्लौच, बसेलवा कालोनी, बल्लभगढ़, भीमसैन कालोनी, अहीरवाड़ा, तिगांव, राजीव कालोनी, आर्या नगर, जमाई कालोनी, भीकम कालोनी, सेहतपुर, एनएच-3, पन्हैड़ा खुर्द से 1-1 मरीज शामिल है। वहीं इंदिरा गांधी कालोनी, चावला कालोनी, एनएच-दो, पर्वतीया कालोनी, सेक्टर-29, 55, 2, शिवालया मंदिर और तिलपत से 2-2 मरीज है। वहीं सेक्टर-21, हाउंसिंग बोर्ड कालोनी से 3-3 मरीज है। वहीं एनएच-पांच, सैनिक कालोनी, बस्सापाड़ा, एसजीएम नगर से 5-5 मरीज है। सेक्टर-15 से 8, जवाहर कालोनी से 6 और अन्य एरियों से 128 मरीज शामिल हैं।

**ये है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | 145610 |
| रिपोर्ट आई नेगेटिव | 131902 |
| रिपोर्ट आनी है बॉकी | 372 |
| अब तक पॉजिटिव पाये गए | 13336 |
| अब तक ठीक हुए | 12196 |
| अब तक कुल मौत | 176 |
| गंभीर हालत में भर्ती | 34 |
| आईसीयू में भर्ती | 04 |

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते पांच आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 प्रभारी विमल की टीम ने पांच क्रिकेट सटोरियों को सीपीएल लीग पर पैसा लगाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता एसीपी धारणा यादव ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने जितेंद्र, प्रवीण उर्फ घोसी, गौरव उर्फ टिंकू, नीरज उर्फ हनी, दिविज उर्फ हनी को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी एनआईटी एरिया के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत मामला थाना सूरजकुंड में दर्ज कराया है। एक सूचना के आधार पर आरोपियों को चार्मवुड विलेज सोसायटी से दबोचा गया। आरोपी सीपीएल 20-20 मैच पर सट्टा खेल रहे थे। आरोपी जमाइका वीएस सेंट किट की टीम के बीच चल रहे क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहे थे। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि आईपीएल मैचों में देरी के कारण कैरीबियन प्रीमीयर लीग के मैच के दौरान रोजाना लाखों रुपए दांव पर लगाए जा रहे हैं। टेक्नोलॉजी के युग में अब सट्टेबाजी का ट्रेंड भी बदल गया है। पहले जहां फोन करके भाव पूछे जाते थे। अब वहां हम मोबाइल में ही भाव देखकर बिना बोले सट्टा खेलने का काम कर लेते हैं। एलईडी पर लाइव चल रहे मैच को हार-जीत, प्रत्येक बाल, प्रत्येक ओवर, खिलाड़ी, बोलर, यहां तक कि अंपायर के फैसले को लेकर भी सट्टा लगाया जाता है। एसीपी क्राइम अनिल यादव ने बताया कि पिछले तीन चार महीने से आरोपी जगह बदल बदल कर सट्टा खेल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लाख, चार हजार रुपये, 4 लेपटॉप, 11 मोबाइल फोन, एक एलईडी टीवी, सट्टा स्लिप, सेटअप बॉक्स बरामद किया है।

### स्कूलों की देखरेख को आईपा ने बनाई कमेटी

**फरीदाबाद।** ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रयास से पांच सरकारी स्कूल अनंगपुर, गौच्छी, मोहना दयालपुर, फरीदपुर में नई स्कूल बिल्डिंग व कमरे बनाए जा रहे हैं। बिल्डिंग का निर्माण पुख्ता व मजबूत हो इसके लिए निर्माण कार्य की गुणवत्ता चेक करने के लिए स्कूल के प्रिंसिपल व गांव के मौजिज लोगों की एक निगरानी कमेटी का गठन किया जाएगा। आईपा ने इसकी शुरुआत सरकारी स्कूल अनंगपुर से की है। आईपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को गांव अनंगपुर के वरिष्ठ समाजसेवी रतनपाल काउंसलर, अजय पाल, ओमपाल, जगदीश सिंह, प्रेम सिंह, राजेश शर्मा, प्रिंसिपल नूतन शर्मा की एक निगरानी कमेटी का गठन किया गया। जिसने स्कूल में जाकर चल रहे निर्माण कार्य का मुआयना किया और ठेकेदार से बिल्डिंग मजबूत व पुख्ता बनाने के बारे में विचार-विमर्श किया। निगरानी कमेटी की सदस्य व समाज सेविका नूतन शर्मा ने कहा है वे व्यक्तिगत तौर पर भी समय-समय पर स्कूल प्रिंसिपल के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण करती रहेंगी। कैलाश शर्मा ने अन्य चार स्कूलों के प्रिंसिपल से आग्रह किया है कि वे भी गांव के मौजिज लोगों की एक निगरानी टीम बनाकर निर्माण कार्य की देखरेख करें।

### एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाना किया अनिवार्य

**फरीदाबाद।** उपमंडल अधिकारी एवं पंजीकरण प्राधिकरण मोटर वाहन, फरीदाबाद ने कहा की मोटर वाहन अधिनियम के तहत सभी व्यक्ति अपने पुराने वाहनों में उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) लगवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम जितेंद्र कुमार ने बताया की परिवहन आयुक्त हरियाणा की ओर से एचएसआरपी नंबर प्लेट सभी वाहनों में लगाना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा की वाहन अधिनियम की हिदायतों के अनुसार डीजल वाहनों के लिए क्रोमियम आधारित नारंगी होलोग्राम स्टीकर तथा पेट्रोल व सी.एन.जी. वाहनों के लिए हल्के नीले रंग का तथा अन्य सभी वाहनों के लिए ग्रे रंग का होलोग्राम स्टीकर अनिवार्य किया गया है। उन्होंने बताया की पंजीकरण के निशान रखने वाला वाहन निर्माता व अधिकर्त विक्रेता एजेंसीयों के लिए भी जरुरी किया गया है। इसके अलावा उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेटों की आपूर्तिकर्ता डीलरों या अधिकर्त उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट निर्माता द्वारा ये सुनिश्चित किया जाना है की वाहनों की पुरानी प्लेटों को नष्ट कर दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि इस सम्बंध में अधिक जानकारी के लिए सरकार की वेबसाइट www.haryanatransport.gov.in पर जाकर प्राप्त सकते हैं।

### लंबित मांगों के लिए आशा वर्करों ने किया जमकर प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** स्थानीय बादशाह खान अस्पताल के बाहर अपनी लंबित मांगों की प्राप्ति के लिए आशा वर्करों ने जमकर प्रदर्शन किया। सरकार विरोधी नारे लगाए। वर्कर प्रोत्साहन राशियों का भुगतान करो, जोखिम भत्ता चार हजार रुपए लागू करो के नारे लगा रहे थे। आंदोलनरत कर्मचारियों का नेतृत्व यूनियन की उप प्रधान अनीता भारद्वाज ने किया। जबकि संचालन जिला सचिव सुधा पाल कर रही थी। इस मौके पर सीटू के जिला सचिव लालबाबू शर्मा और जिला उपाध्यक्ष विरेंद्र सिंह डंगवाल तथा बैंक यूनियन के प्रधान ओम प्रकाश उपस्थित थे। आंदोलनरत वर्करों को संबोधित करते हुए वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने सरकार पर आशा वर्करों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में यूनियन की बैठक मंत्री के साथ हुई थी। उसमें सभी मांगों को लागू करने पर सहमति बन गई थी। लेकिन जब नोटिफिकेशन जारी किया गया। उसमें स्वीकृत मांगों का उल्लेख नहीं था। उन्हीं ंगों के समर्थन में और कोरोना महामारी के दौरान सबसे अधिक काम करने के उपरांत केंद्र सरकार द्वारा दी गई प्रोत्साहन राशियों का सरकार के द्वारा भुगतान नहीं करने और जोखिम भत्ता लागू नहीं करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आशा वर्कर सात अगस्त से संघर्ष कर रही हैं। लेकिन सरकार ने इनके समाधान के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। सरकार की अनदेखी के खिलाफ जब आशा वर्करों ने 26 अगस्त को विधानसभा सत्र के दौरान पंचकूला में विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया तब सरकार ने मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य लाभ के बाद वार्ता करने का भरोसा दिलाया था।

## एक को परिवार, दूसरी को आश्रम

**फरीदाबाद।** बुजुर्गों की सेवा करने वाली संस्था नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम ने शुक्रवार एक बुजुर्ग यशपाल सिंह उम्र 78 वर्ष को उसके परिजनों से मिलवाया है। बुजुर्ग को मार पीटकर उसके बच्चो ने घर से निकाल दिया था। वह लावारिस हालत में बादशाह खान अस्पताल के गेट पर मिला था। जिसे तीन सितंबर को आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज, एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता, एडवोकेट रामबीर, एडवोकेट ओमबीर, एडवोकेट राजेन्द्र की मौजूदगी में आश्रम ले आए थे। शुक्रवार को आश्रम में बुजुर्ग के परिजन आए और किशन लाल बजाज को ढेर सारी दुआएं देकर उसे अपने साथ ले गए। कुछ देर बाद अपने ही 4 बच्चों द्वारा मारपीट कर घर ने निकाली एक बुजुर्ग महिला ब्रहादेवी को रेडक्रास सोसाइटी के आग्रह पर आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज ने आश्रम में पनाह दी। बजाज ने कहा कि उनका आश्रम सिर्फ बुजुर्गों की सेवा करने के लिए बना है।

# लैंगिक समानता से ही महिला अधिकारों की सुरक्षा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस ने प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में महिला सुरक्षा पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। जूनियर रेडक्रॉस व ब्रिगेड अधिकारी तथा प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि हर क्षेत्र में चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, रोजगार हो, अवसर या अधिकार हो प्रत्येक क्षेत्र में लैंगिक समानता को ध्यान में रखा जाना चाहिए। जिस तरह एक सिक्के के दोनों पहलुओं की समानता है ठीक उसी तरह समाज के दोनों पहलुओं स्त्री तथा पुरूष के मध्य भी लैंगिक समानता होनी चाहिए। सरकार द्वारा लैंगिक समानता के स्तर को ऊंचा उठाने हेतु कई योजनाएं लागू की जा रही हैं किंतु फिर भी भारत इस मामले में पिछड़ा हुआ है। अब आवश्यकता है समाज के बुनियादी ढांचे को बदलकर पुरानी रूढ़िवादी सोच को समाप्त करने की। लैंगिक समानता के लिए समाज से न केवल स्त्रियों को बल्कि शिक्षित वर्ग को भी जनजागरण का कार्य करना होगा ताकि अपराधों में रोकथाम के साथ ही महिलाओं के आधिकारिक व कार्यस्थल में हो रहे शोषण को समाप्त किया जा सके, हाल ही में प्रकाशित डब्लयूईएफ की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारत लैंगिक समानता के क्षेत्र में विश्व में 108वें स्थान पर हैं। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर यह बात सामने आई कि पिछले वर्ष के अनुसार भारत लैंगिक भेदभाव को 67 फीसद तक कम करने में सफल रहा है।



# बच्चों पर शोषण और अत्याचार नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : ज्योति बैंदा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन ज्योति बैंदा ने कहा कि बाल व किशोर को शोषण से बचाना, उनकी सुरक्षा एवं उनका संरक्षण आयोग की प्राथमिकता है। इनके साथ किसी भी प्रकार का शोषण व अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ज्योति बैंदा ने यह व्यक्तव्य सर्किट हाउस के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों व समाज सेवी संगठनों के सदस्यों के साथ हुई बैठक में कहे। इस अवसर पर हरियाणा महिला आयोग की सदस्य रेणु भाटिया, एसीपी धारणा यादव, चेयरपर्सन सीडब्ल्यूसी फरीदाबाद बाल कृष्णा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा सिंह तोमर, काउंसलर अल्पना, फिजा अजहर, नदीम अहमद, सोनाली रेणुका, डॉ. सुषमा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। वह शुक्रवार को फरीदाबाद व पलवल जिले से संबंधित बाल शोषण के तीन केसों की सुनवाई के सिलसिले में पहुंची थी।




उन्होंने तीनों मामलों की सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को तुरंत उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन तीनों मामलों में पीड़ितों को हरसंभव मदद दी जाए। बाल व यौन शोषण जैसे अपराध काफी गंभीर श्रेणी में आते हैं, इसलिए हरियाणा स्टेट कमिशन फॉर प्रोटक्शन आफ चाइल्ड राइट्स अपना सामाजिक व प्रशासनिक दायित्व मानते हुए इस घिनौने कार्य में सम्मिलित लोगों को सख्त सजा दिलवाने में अहम भूमिका निभाता है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना होने पाए। उन्होंने जिला फरीदाबाद की डेढ़ साल की बच्ची के साथ हुए यौन शोषण के संबंध में निर्देश दिए कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से बच्ची व उसके आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को आर्थिक व कानूनी सहायता दिलवाई जाए।

# सरकार बनते ही एसी नगर से दूर होंगी समस्या: कौशिक

### बलजीत कौशिक ने एसी नगर के लोगों की सुनी समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**फरीदाबाद** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आनंद कौशिक के अनुज व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक ने लोगों के बुलावे पर अपने साथियों के साथ ए सी नगर का दौरा किया।

इस अवसर पर लोगों ने उनके समक्ष अपनी समस्याएं रखी। लोगों ने बताया कि एसी नगर में पिछले छह सालों से पीने के पानी की समस्या सबसे बड़ी समस्या बन गई है साथ ही गंदे नाले की समस्या भी काफी बड़ी समस्या है। जोकि आज तक पक्का नहीं हुआ। कच्चे पुलिया बनी हुई है। जिससे लोगों ने अपने आने जाने का रास्ता बनाया हुआ है। लोगों ने बताया कि खुले नाले की वजह से एसी नगर के बच्चे, बूढ़े सभी बीमारियों की चपेट में हैं। महामारी को देखते हुए जब भाजपा के मंत्री, विधायक कोरोना जैसी बीमारी की चपेट है तो इस गंदगी को देखते हुए अब वो दिन दूर नहीं जब पूरा एसी नगर इस कोरोना महामारी की चपेट में होगा। इस अवसर पर बलजीत कौशिक ने कहा है कि एसी नगर के लोगो से उनका काफी पुराना नाता है पहले उनके बड़े भाई आनंद कौशिक विधायक थे तो उन्होंने एसी नगर की समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया था। अब की बार हरियाणा में अगर कांग्रेस की सरकार आई तो सबसे पहले वह ऐसी नगर में नाले को पक्का करवाएंगे साथ ही पानी की समस्या को दूर करेंगे। आश्वासन दिया है कि ऐसी नगर की कोई भी समस्या होगी उसको जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। बलजीत कौशिक ने कहा कि अगर तीन दिन में एसी नगर में पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह एसी नगर के लोगों के साथ नगर निगम का घेराव करेंगे। इस मौके पर रंधावा फागना, गौरव वशिष्ठ,मिथिलेश, पदमा रानी, नरेश कुमारी, उषा, लाल सिंह, बिरना, बाला रानी, सुरेश कुमारी, रेशम, महेश बैंसला, विक्रम पोसवाल, दानिश अली, रामप्रवेश, जानू भाई, रिंकू कपूर रामचंद्र, काके भाई, शादाब खान, फहद, सलमान आदि लोग मौजूद थे।

# अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का पीला पंजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नरेश** कुमार, जिला नगर योजनाकार ने बताया की ईन्फोर्समेंट एण्ड विजीलेंस, फरीदाबाद द्वारा गांव भूपानी व नचौली की राजस्व सम्पदा में दो अवैध कालोनियां जोकि लगभग छह एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही थीं, में जिला प्रशासन की मदद से तोड़फोड़ की कार्यवाही अमल में लाई गई। तोड़फोड़ की कार्यवाही के दौरान अवैध कालोनियों में बनाये गये रोड नेटवर्क के अलावा दो रिहायशी निर्माण, छह दुकान, दो ऑफिस व चार बाउंड्रीवाल में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। जो शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है। विभाग द्वारा आजकल भू-माफियाओं के खिलाफ एक अभियान चलाया हुआ है। जिससे सामान्य जनता में एक संदेश जा रहा है कि अवैध कालोनियों में प्लाट खरीदना कितना नुकसानदायक साबित हो सकता है। विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर शहर में पनप रहीं अवैध कालोनियों व निर्माणों को शुरूआती दौर में ध्वस्त किया जा रहा है। यह कार्रवाई शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है। तोड़फोड़ की कार्यवाही के दौरान थाना अध्यक्ष भोपानी मय पुलिस बल मौजूद व प्रदीप राना, जेई मौजूद रहे।



तोड़फोड़ की इस कार्यवाही के दौरान जिला नगर योजनाकार, ईन्फोर्समैन्ट एण्ड विजीलेंस, फरीदाबाद नरेश कुमार द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जायेगी ताकि अवैध कालोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पूरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे।

## आईटीआई में प्रवेश सात से होंगे शुरू

**फरीदाबाद।** प्रदेश भर के आईटीआई संस्थानों में भी दाखिल की प्रक्रिया आगामी 7 सितंबर से शुरू होने जा रही है। आईटीआई शिक्षण संस्थानों में आवेदन की प्रक्रिया 7 से 22 सितंबर तक चलेगी। सभी इंजीनियरिंग व गैर इंजीनियरिंग ट्रेडो के लिए www.iti-haryana.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। दाखिले की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी। इसके बारे में कौशल विकास व औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की तरफ से गाइडलाइन व दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। आईटीआई में दाखिल प्रक्रिया के जिला नोडल अधिकारी गजेंद्र कुमार ने बताया कि दाखिले के दौरान छात्रों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। हेल्पलाइन नंबर 7888490270 व 788849274 पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक दाखिले संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि दाखिल के लिए आवेदन करते समय छात्रों को अपना मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी व आधार कार्ड नंबर देना जरूरी होगा।

# सीपी ने थाना चौकी प्रभारियों संग लगाई दौड़

### हम अपने जीवन में किसी भी बुरी परिस्थिति का कर सकते हैं सामना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पुलिस कमिश्नर ओ.पी. सिंह ने शुक्रवार सुबह अपने आवास से सूरजकुंड तक 10 किलोमीटर की दौड़ लगाई। उनके साथ थाना प्रबंधक सूरजकुंड, चौकी प्रभारी अनखीर व सेक्टर-46 और क्राइम ब्रांच डीएलएफ के प्रभारी ने भी दौड़ में हिस्सा लिया। श्रीसिंह ने दौड़ के बारे में अपना सन्देश देते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। सभी पुलिसकर्मी 2.4 किमी, 100, 200 और 400 मीटर रन में अपनी टाइमिंग को और बेहतर बनाए।

पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने कहा की स्वास्थ्य ही जीवन का अमूल्य धन है, क्योंकि हमारा शरीर ही हमारी अच्छी और बुरी सभी तरह की परिस्थितियों में हमारे साथ रहता है। इसलिए यदि हमारा स्वास्थ्य ठीक है, तो हम अपने जीवन में किसी भी बुरी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। यदि कोई स्वस्थ नहीं है, तो वह अवश्य ही जीवन का आनंद लेने के स्थान पर जीवन में स्वास्थ्य संबंधी या अन्य परेशानियों से पीड़ित रहता है।

सिंह ने कहा कि दौड़ने से अच्छे कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ता है, साथ ही इससे फेफड़ों के कार्य करने की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा, दौड़ने से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा मिलता है और रक्त का थक्का जमने का भी जोखिम कम हो जाता है।

उन्होंने फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाते हुए कहा कि अच्छा स्वास्थ्य हमें मानसिक और शारीरिक व्याधियों जैसे मधुमेह, कैंसर, हृदय रोग इत्यादि से बचाता है। प्रात: काल दौड़ लगाने के अन्य कई लाभों के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर ने 2.4 किमी, 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में अपनी टाइमिंग को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि शारीरिक और आंतरिक रुप से अस्वस्थ व्यक्ति को अपने पूरे जीवनभर में बहुत सी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, यहां तक कि उसे अपनी नियमित आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। जो काफी पीड़ादायक रहता है।

## 8 को होगी अधिकारी बोर्ड की मीटिंग

फरीदाबाद। उपायुक्त यशपाल की अध्यक्षता में 8 सितम्बर 2020, मंगलवार को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय स्थित छठवीं मंजिल के सभागार में जिला अधिकारी बोर्ड की मीटिंग होगी। जिसमें विभिन्न प्रकार से संबंधित योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। नगराधीश व जिला एवं पंचायत अधिकारी राकेश मोर ने बताया कि मीटिंग में सरल, सीएम विंडो, परिवार पहचान पत्र, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, पुलिस से संबंधित, निगम से संबंधित, अवैध निर्माण, अतिक्रमण, स्वच्छ भारत मिशन, ड्रेनेज, सीवरेज की सफाई, बाल श्रम, स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं, बीपीएल सर्वे, मिड डे मील, सक्षम, समाज कल्याण विभाग, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, मार्किट कमेटी, के अलावा अन्य विभागों की प्रगति बारे में समीक्षा की जाएगी।

# मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में सरकारी अधिकारी हुए बेलगाम: शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### ओपी शर्मा को पैरोल न दिए जाने से ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त

शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार काउंसिल चंडीगढ़ एनरोलमेंट कमेटी के चेयरमैन रहे ओपी शर्मा की पत्नी के दाह संस्कार के अवसर पर उनको पैरोल न दिए जाने के मामले को लेकर अब ब्राह्मण समाज के साथ-साथ छत्तीस बिरादरी में प्रशासन के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।

पृथला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ ब्राह्मण नेता टेकचंद शर्मा ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि सामाजिक सामरता ही भाजपा की धरोहर है। जिसे यह अधिकारी तोड़ने का काम कर रहे है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में मंत्री ओमप्रकाश यादव पर एसपी द्वारा एफआईआर दर्ज करवाना, टोहाना से जेजेपी विधायक देवेंद्र बबली द्वारा बिजली के मुद्दे पर बेलगाम अधिकारियों को लताड़ना ये ऐसी घटना है, जो अफसरशाही की मनमानी और लापरवाही दोनों को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि ओपी शर्मा शहर के एक मौजिज व्यक्ति है, न कि कुख्यात अपराधी, जिन्हें अपनी पत्नी के अंतिम संस्कार लिए भी पैरोल न मिले। उन्होंने कहा कि ओपी शर्मा ने जेल अधीक्षक और जिला उपायुक्त को गुहार लगाई लगाते हुए पत्नी के दाह संस्कारण के लिए चार घंटों की पैरोल मांगी थी। जबकि चौकी-थानों से उनकी वैरीफिकेशन क्लीयर भी हो गई थी, इसके बावजूद शाम तक उनकी एप्लीकेशन को लटकाए रखा और बाद में मना कर दिया। उन्होंने कहा कि इंसानियत के लिहाज से यह घटना समाज को शर्मसार करने वाली है।

## चीनी पबजी पर प्रतिबंध

### स्थानीय विकास में सहायक

**लद्दाख** की गलवान घाटी में 15 जून को चीनी सैनिकों के साथ झड़प में 20 भारतीय जवान शहीद हुए। इस झड़प से भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंध हमेशा के लिए बदल गए हैं। इस टकराव ने भारतीय नीति निर्माताओं को खिखा दिया है कि शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली चीन सरकार अपनी क्षेत्रीय विस्तारवादी नीति पर चलती रहेगी। लद्दाख में भारतीय सैनिकों पर दबाव डालने तथा भारतीय क्षेत्रों पर कब्जा करने के लिए चीन के प्रयास लगातार जारी हैं। इसकी प्रतिक्रिया में नई दिल्ली ने भारत, आस्ट्रेलिया, जापान व अमेरिका के बीच 'क्वाड' गठबंधन को बढ़ावा दिया है। इस टकराव से चीन के साथ भारत को व्यापारिक संबंध तोड़ने तथा भारतीय बाजारों से उसे होने वाले मुनाफे पर रोक लगाने को भी बढ़ावा दिया है। इस टकराव के बाद भारत ने गौर किया है कि उसके आंतरिक इंटरनेट बाजार में चीन का कितना विस्तार हो गया है। भारत सरकार द्वारा कुछ समय पहले टिकटाक व अन्य लोकप्रिय चीनी एपों पर प्रतिबंध इस दिशा में केवल एक शुरुआत भर थी। अब भारत सरकार ने लोकप्रिय चीनी गेमिंग एपों पर सुरक्षा व निजता में हस्तक्षेप के कारण प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें सर्वाधिक लोकप्रिय प्लेयर अननोन: बैटलग्राउंड्स शामिल है जिसे उसके संक्षिप्त नाम पब्जी से जाना जाता था। इंटरनेट उद्यमी संजीव बिकचंदानी ने 'द पायनियर कन्वर्जेशन' के पहले भाग में बताया कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा अवस्थापना ने यह निर्णय अनेक चीजों को ध्यान में रखते हुए लिया है। डेटा की चोरी रोकने के साथ ही यह बीजिंग के खिलाफ दंडात्मक साइबर जवाबी हमला है जिसका लक्ष्य भारत में उसके एप व तकनीक का विस्तार समाप्त करना है। इस कदम का चीन पर भारी प्रभाव पड़ रहा है और वह इससे तिलमिलाया हुआ है। बीजिंग ने कहा है कि प्रतिबंध का यह कदम अमेरिकी दबाव के कारण है। चीनी विदेश मंत्रालय प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने चीनी तकनीक के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों में 'संकुचित दृष्टिकोण' वाली सहभागिता के खिलाफ चेतावनी दी है। भारत का अमेरिका की ओर रणनीतिक झुकाव स्पष्ट होता जा रहा है और चीनी कंपनियों के खिलाफ संयुक्त अमेरिका-भारत प्रतिबंधों से चीन पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। इन एपों में से अनेक का भारत में व्यापक प्रयोग होता था और अमेरिका ने इसका महत्व समझा है। लेकिन पब्जी के निर्माताओं पर भी सवाल उठते हैं जिसका स्वामित्व चीनी फर्म टेनसेंट के पास था। लेकिन यदि भारत सरकार चीनी स्वामित्व वाली कंपनियों पर निशाना लगाती रही तो इससे अनेक भारतीय स्टार्टअप को भी कठिनाई हो सकती है जिनमें पेटीएम भी शामिल है क्योंकि उस पर बड़ी सीमा तक अलीबाबा के एंट फाइनेंसियल का नियंत्रण है। इससे कुछ भारतीय स्टार्टअप को आर्थिक संसाधन जुटाने के प्रयास नए सिरे से करने होंगे, हालांकि इससे भारतीय निवेशकों को मौका मिलेगा। पबजी ने भारत में लाइव गेम स्ट्रीमिंग उद्योग को बढ़ावा दिया जिससे अनेक निर्माता सामने आए जो अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। पब्जी के साथ ही अनेक अन्य गेमों पर प्रतिबंध का प्रभाव भारत में उभर रही ई-स्पोर्ट प्रवृत्ति पर पड़ेगा। टिकटाक पर प्रतिबंध लगाने के कुछ ही घंटे के भीतर उसके दर्जनों क्लोन तैयार हो गए, लेकिन इस मामले में हम अभी बहुत पीछे हैं और कोई भी भारतीय कंपनी प्रयोगकर्ताओं को अच्छा गेमिंग अनुभव नहीं दे पा रही है। मनोरंजन के क्षेत्र में भारत व दुनिया में गेमों की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए कहा जा सकता है कि लाकडाउन अवधि में इसका व्यापक विस्तार हुआ है। इसका अर्थ है कि आने वाले दिनों में भारत में कुछ अच्छे गेम तैयार होंगे। इस कदम से अच्छे गेम तैयार करने वाले अपने बेहतर उत्पादों के साथ सामने आएंगे। भारत में चीनी गेमों व एपों पर प्रतिबंध से भारतीयों द्वारा बनाए गेम सामने आएंगे। लेकिन अभी यह कहना कठिन है कि गेम एपों का बाजार कहां तक विकसित होगा और यह किस दिशा में आगे बढ़ेगा।



# पाकिस्तान की रणनीति विफल

**सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान की रणनीति विफल कर दी है। पाकिस्तान बहुत चालाकी से तुर्की के साथ संबंध मजबूत करना चाहता था।**

**भूपिंदर सिंह**
लेखक पूर्व उपराज्यपाल हैं)





पिछले साल पाकिस्तान की यात्रा करने वाले सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात-यूएई के राजकुमारों को इमरान खान ने विशेष सम्मान दिया था और उनकी गाड़ी स्वयं चलाई थी। यह उन पर अपना असर डालने का प्रयास था। पाकिस्तान गंभीर संकट में फंसा है, उसका खजाना बिल्कुल खाली हो गया है और वह अरब से मिलने वाली खैरात पर निर्भर है। पाकिस्तान को इस बात से भी परेशानी थी कि दोनों राजतंत्रों ने पुलवामा आतंकी हमले पर नाराजी दिखाई थी। हालांकि, राजकुमारों ने अपनी थैली खोली और पाकिस्तान को उदार वित्तीय सहायता दी, लेकिन संबंध पहले जैसे नहीं थे। जल्द ही यूएई ने भारतीय प्रधानमंत्री को 'समग्र रणनीतिक संबंधों' को गति देने के लिए अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान-आर्डर आफ जायद देने की घोषणा की। कुछ साल पहले सऊदी अरब ने अपने देश का सर्वोच्च सम्मान-किंग अब्दुल अजीज पदक, भारतीय प्रधानमंत्री को दिया था।

रियाद व अबू धाबी में पाकिस्तान की अविश्वसनीयता की बात हो रही थी। ये दोनों अरब राजतंत्र इमरान खान के तुर्की, मलेशिया, कतर व ईरान के साथ बढ़ते संबंधों से नाराज थे। इस्लामी देशों के संगठन-ओआईसी में विभाजक रेखायें विकसित होने के साथ ही सऊदी-यूएई के नेतृत्व वाले शेखों में नए सत्ता केन्द्र उभरने से बेचैनी है। ऐसे में पाकिस्तान को अब विश्वसनीय सहयोगी नहीं माना जाता है।

यह स्थिति पाकिस्तान को सऊदी अरब का 'निकटतम मुस्लिम सहयोगी' मानने की परंपरा से विपरीत थी। सऊदी अरब ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तान का साथ दिया था, बांग्लादेश बनने का विरोध किया था, अफगानिस्तान व कश्मीर में पाकिस्तानी रणनीतियों का समर्थन किया था तथा संभवत: 'इस्लामी बम' के लिए पैसा दिया था। इसके बदले पाकिस्तान सऊदी अरब को सैनिक, प्रशिक्षण व हथियारों से सहायता देता था तथा उसने नाभिकीय परीक्षणों के पहले केवल रियाद को विश्वास में लिया था। सऊदी अरब ने पूर्व पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल राहील शरीफ को रियाद के नेतृत्व वाले 41 देशों के इस्लामिक मिलिट्री काउंटर-टेररिज्म कोलीशन-आईएमसीटीसी का नेतृत्व प्रदान किया था। यूएई ने भी अफगानिस्तान में पाक-समर्थित तालिबान सरकार का समर्थन करने के साथ ही वह सऊदी अरब के साथ मिल कर पाकिस्तानी नाभिकीय परीक्षण को 'साहसिक निर्णय' बताने वाला एकमात्र देश था। ऊर्जा, वाणिज्य तथा अनिवासी पाकिस्तानियों द्वारा अपने देश भेजे जाने वाले पैसे के कारण ये दोनों देश इस्लामाबाद में अनेक सरकारों के जीवित रहने का कारण बने थे।

पाकिस्तान व इन देशों के बीच एक ही धर्म के साथ ही 1980 के दशक में पाकिस्तानी तानाशाह जनरल जियाउल हक की 'शरीयाकरण' परियोजना ने इन देशों से काफी पैसा दिलाया। यूएई के संस्थापक शेख जायद पाकिस्तान को अपना दूसरा घर मानते थे। जब दुबई में एयरलाइन इमीरेट्स शुरू की गई तो इसमें पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन्स-पीआईए ने सहायता की थी। पैसे से समृद्ध अरब देशों को पाकिस्तान में अपना संरक्षक माना जाता था और उनका बहुत सम्मान था। दोनों देशों के शाही लोगों व राजकुमारों को पाकिस्तान में खासतौर से शिकार खेलने के लिए आमंत्रित किया जाता था। लेकिन जल्द ही 'आतंक के खिलाफ युद्ध', अरब वसंत, मुस्लिम देशों में विभाजन तथा तुर्की जैसे देशों के स्वतंत्र उभार से स्थिति बदल गई। लेकिन पाकिस्तान नहीं बदला और अंत तक वैश्विक आतंकी ओसामा बिन लादेन को संरक्षण देता तथा कश्मीर व अफगानिस्तान में मुसीबत खड़ी करता रहा। पाकिस्तान ने यमन में सऊदी-यूएई युद्ध में उनका साथ नहीं दिया क्योंकि इससे उसे अपने ही देश में नस्ली टकराव बढ़ने का खतरा था। इससे दोनों देश उससे बहुत नाराज हुए। लेकिन तुर्की से उसकी बढ़ती निकटता को इन दोनों देशों ने माफी योग्य नहीं माना और वे इससे सबसे ज्यादा नाराज थे। इससे पाकिस्तान का अति-उत्साह तथा सारी दुनिया में मुस्लिम जनता या उम्मा को अपने पक्ष में लाने की इच्छा प्रकट होती थी। हालांकि, तुर्की, मलेशिया, कतर व ईरान जैसे देश पाकिस्तान से 'बिरादराना' संबंधों का दावा करते रहे हैं, पर वे वित्त, ऊर्जा, राजनयिक व रणनीतिक समर्थन के किसी मामले में अरब देशों के समान नहीं थे। इस प्रकार इमरान खान ने अपने सबसे बड़े समर्थकों के प्रति विश्वासघात दिखा दिया है।

**पाकिस्तान ने अपने सेना प्रमुख को स्थिति सुधारने के लिए रियाद भेजा, लेकिन सऊदी राजकुमार मुहम्मद बिन सलमान ने जनरल कमर जावेद बाजवा से मिलने से ही इनकार कर दिया। इस समय अरब देशों से पहले जैसे संबंध बनाने के लिए तुर्की को छोड़ना भी इमरान खान के लिए संभव नहीं है क्योंकि इसे पाकिस्तान की एक और धोखाधड़ी समझा जाएगा**

पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद ने सऊदी नीत ओआईसी पर आरोप लगाया कि वह कश्मीर पर 'विलम्ब' की रणनीति अपना रहा है। उन्होंने अभूतपूर्व तरीके से अपना रास्ता अलग करने का संकेत देते हुए कहा, 'मैं प्रधानमंत्री इमरान खान से यह कहने के लिए मजबूर हूं कि वे कश्मीर के मुद्दे पर इस्लामी देशों की अलग से बैठक बुलाएं जो कश्मीर मुद्दे पर हमारे साथ खड़े होने को तैयार हों।' अरब देशों ने इस बयान के पीछे छिपी रणनीति समझी कि इसका इरादा अरब देशों को शर्मिन्दा करना है। और जल्द ही उनकी प्रतिक्रिया सामने आई।

उन्होंने केवल एक साल के बाद पाकिस्तान को सहायता की तीन वर्षीय योजना रोक दी। उन्होंने बार-बार कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान की खिंचाई की। पाकिस्तानी सोशल मीडिया पर 'बायकाट यूएई' अभियान से भी यूएई बहुत नाराज था। इससे यह आभास होता था कि केवल तुर्की ही इस्लामाबाद के 'साथ' खड़ा था। अब यूएई द्वारा इस्राइल को मान्यता देने के बाद पाकिस्तान की फिलिस्तीन व कश्मीर जैसे मुद्दे उठाने की क्षमता प्रभावित हुई है। वर्तमान समय में पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट तथा कोरोनावायरस वैश्विक महामारी से पैदा आर्थिक संकट का शिकार है। वैश्विक आतंक व विश्व शांति की पैरोकारी करने के नाम पर पाकिस्तान का दोमुंहापन स्पष्ट हो गया है, कश्मीर में आतंक फैलाने के बारे में उसकी असलियत उजागर हुई है और वह अपने मजबूत सहयोगियों सऊदी अरब व यूएई से दूर हुआ है। ये दोनों देश पश्चिमी देशों, भारत और इस्राइल से अपने संबंध बेहतर बनाना चाहते हैं। इस बीच पाकिस्तान संशोधनवाद व धार्मिक अतिवाद के उल्टे रास्ते पर चल रहा है।

पाकिस्तान ने अपने सेना प्रमुख को स्थिति सुधारने के लिए रियाद भेजा, लेकिन सऊदी राजकुमार मुहम्मद बिन सलमान ने जनरल कमर जावेद बाजवा से मिलने से ही इनकार कर दिया। इस प्रकार इमरान खान की चालाकी धरी रह गई। इस समय अरब देशों से पहले जैसे संबंध बनाने के लिए तुर्की को छोड़ना भी इमरान खान के लिए संभव नहीं है क्योंकि इसे पाकिस्तान की एक और धोखाधड़ी समझा जाएगा और इससे उसकी अविश्वसनीयता की छवि और मजबूत हो जाएगी। स्पष्ट रूप से चीजें इमरान खान के काबू से बाहर हो गई हैं और वे गिरती अर्थव्यवस्था, निराशा, अलगाव तथा परंपरागत सहयोगियों से दूरी का शिकार बन गए हैं। इमरान के कश्मीर एजेंडे पर भी अब कोई विश्वास नहीं करता है। उनकी असलियत उजागर हो गई है और उन्होंने उसी हाथ को काट दिया है जो उनको भोजन देता था।

# गैर-परम्परागत शिक्षकों का महत्व

**"परम्परागत शिक्षकों के अलावा हमारे यहां कुछ शिक्षक ऐसे हैं जो लीक से हटकर होते हैं जिन्हें मान्यता व सराहना मिलनी चाहिए।"**

**राम कृष्ण सिन्हा**
(लेखक बैंक आफ इंडिया के पूर्व महाप्रबंधक हैं)



शिक्षकों की विभिन्न श्रेणियां होती हैं, जो हमारे जीवन की अवस्थाओं एवं उन जीवन वृत्तियों पर निर्भर करती हैं जिन्हें हम अपनाते हैं। अत: शिक्षक वर्ग में स्कूली शिक्षक, प्रवक्ता, प्रोफेसर, शोध मार्गदर्शक, अनुदेशक, ट्यूटर, कोच, परामर्शदाता आदि होते हैं। हालांकि, शिक्षकों का एक और समुच्चय देखने को मिलता है जो औपचारिक रूप से योग्यता परीक्षा पास नहीं करते हैं, फिर भी मूल्यवान सबक सिखाते हैं। उनमें सबसे महत्वपूर्ण होते हैं माता-पिता। बच्चे का बौद्धिक, भावात्मक एवं नैतिक पालन पोषण माता-पिता द्वारा घरों में किया जाता है। संयुक्त परिवार में पितामह भी मार्गदर्शक के तौर पार सकारात्मक भूमिका अदा करते हैं।

पुन:, कार्यस्थल पर, उच्चाधिकारी, वरिष्ठ, कारपोरेट नेता भी शिक्षा प्रदाता होते हैं। ज्ञान, कौशल, विशेषज्ञता एवं अनुभव से युक्त, वे प्राय: सलाहकारों, काउंसेलरों अथवा पथ प्रदर्शकों के तौर पर काम करते हैं और अपने कनिष्ठों व सहयोगियों को करियर की प्रगति में मदद करते हैं। इसके साथ ही, हमारे यहां धार्मिक तथा आध्यात्मिक गुरु होते हैं जो धर्मग्रंथों एवं पवित्र पुस्तकों से उपदेश देते हैं एवं अपने शिष्यों व अन्यों का इस बाबत मार्गदर्शन करते हैं कि जीवन को बेहतर ढंग से कैसे जिया जा सकता है। हालांकि, इन स्वाभाविक शिक्षकों के अलावा, हमारे बीच कुछ गैर-परम्परागत एवं परिपाटी से अलग हटकर चलने वाले शिक्षक होते हैं जिन्हें मान्यता व सराहना मिलनी चाहिए।

वर्तमान डिजिटल युग में, नए दौर की व्यवस्थाओं, प्रक्रियाओं एवं ऐप्स से परिचित होना महत्वपूर्ण है। चाहे वे स्मार्टफोन हों, इंटरनेट, वीडियो कान्फ्रेंसिंग, वीडियों गेम्स अथवा अन्य आधुनिक गैजेट हों, हमें उनका इस्तेमाल करने के लिए उनको चलाना सीखने की आवश्यकता है। इस तरह का ज्ञान धन हस्तांतरण, टिकट बुक करने, खाद्य सामग्री अथवा गैर खाद्य वस्तुएं मंगाने, तथा स्ट्रीमिंग चैनल जैसी बेहद अहम गतिविधियों में मददगार होता है, जिनमें से सभी अब आनलाइन की जाने वाली गतिविधियां बनती जा रही हैं। नई विद्याओं के अपनाने में उम्र एक कारक है, और बच्चे जल्दी सीखे जाते हैं। वे बहुत जल्द उन्हें सीखकर अपना लेते हैं। उनकी अभिवृत्ति, परिचय एवं डिजिटल तथा आनलाइन मंचों के ज्ञान की अब घरों में काफी मांग है, खासकर लाकडाउन के दौरान। डिजिटल ट्यूटरों के तौर पर, वे अपने माता-पिता, पितामहों एवं वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल ज्ञान देने के लिए सिखाने का काम करते हैं। निश्चित रूप से, उनकी मदद के बगैर पुरानी पीढ़ी के बहुत से लोग स्वयं को आभासी जगत से अनुकूलित करने के मामले में असहाय महसूस करते हैं।

हम परम्परागत, पेशेवर अथवा अन्य श्रेणी के शिक्षकों से यह सीखा करते थे कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। अब व्हाट्सऐप, फेसबुक आदि प्रभावी विद्यार्जन के मंच बन गए हैं जहां हमें धन से लेकर, स्वास्थ्य, पोषण, फिटनेस, पाक कला, गृह सज्जा, खेती तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तक आदि मामलों पर सलाहें मिल जाती हैं। लोकप्रिय माध्यम होने के कारण, ये सभी सुझाव एवं सीख व्यापक रूप से पढ़ी एवं साझा की जाती हैं तथा इनका पालन किया जाता है। सोशल मीडिया मंच, शिक्षक के तौर पर, हमें जानकारियां साझा करने एवं सीखने में मददगार होते हैं। मगर एकमात्र सावधानी यह होनी चाहिए कि इन सलाहों व निर्देशों की पुष्टि एवं परीक्षण, खासकर स्वास्थ्य संबंधी मामलों में, किया जाना आवश्यक होता है।

सिरी और अलेक्सा जैसे डिजिटल ध्वनि सहायक डिजिटल जगत में नए शिक्षकों की तरह हैं। एक मित्र की तरह, बच्चे सिरी व अलेक्सा से जो जानना चाहें नि:संकोच पूछ सकते हैं। आश्चर्य की बात नहीं, डिजिटल ध्वनि सहायकों वाले उपकरण विद्यार्जन में उल्लास तथा रोमांच पैदा करने एवं स्कूलों में दाखिलों को बढ़ावा देने के लिए दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में भी स्थापित किए जा रहे हैं। स्मार्ट कक्षाओं में, डिजिटल ध्वनि सहायक शिक्षक की भांति काम करते हैं। भविष्य में, ऐसे उपकरण तथा कृत्रिम बुद्धि आधारित मानवीयकृत रोबोट, स्मार्ट, रोचक शिक्षकों के तौर पर, बच्चों तथा विद्यालयों में और अधिक लोकप्रियता प्राप्त कर सकते हैं। प्रकृति माता सदैव हमारे अस्तित्व का हिस्सा रही है, लेकिन हम प्रकृति को मरहम लगाने वाली एवं शिक्षक की भूमिका अदा करने वाली के तौर पर देखना भूल गए। अब, जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक परिणाम हमारे ऊपर हावी हो रहे हैं, साथ में कोविड-19 महामारी, हमें एहसास होने लगा है कि हमें बनाए रखने, मरहम लगाने वाली तथा शिक्षक के तौर पर प्रकृति का महत्व क्या है। सामूहिक रूप से, हमने राहत महसूस की कि कैसे प्रकृति हमारी सतत मित्र है और हमारे दिलों को उठाकर हमें उल्लास दे सकती है। महामारी से निबटना वाकई काफी कठिन हो गया होता, यदि प्रकृति हमारे चारों ओर नहीं होती।

प्रकृति हमें जीवन के सातत्य एवं चक्र, नि:स्वार्थ देने, निरंतर वृद्धि एवं सृजन, टिकाऊपन, सदभाव तथा एक होने का सार सिखती है। यह हमें बुद्धिमत्तापूर्ण रूप से तथा जिम्मेदारी के साथ उपभोग करने की शिक्षा देती है। शुक्र है अब, प्रकृति के साथ नजदीकी रिश्ते को समझकर, हमने एक मित्र, दार्शनिक एवं मार्गदर्शक खोज लिया है। जीवन स्वयं में एक शिक्षक है और हम सदा से यह जानते थे। मगर अब, कोरोनावायरस के कारण आई तबाही हमें जीवन संबंधी नए सबक सिखा रही है। लचर हो चुके बिजनेसों, आजीविकाओं के नुकसान से लेकर बाध्यकारी एकाकीपन तक, हम अद्वितीय सबक सीख रहे हैं और स्वयं को पुन: आविष्कृत कर रहे हैं। संकट ने हमें प्रकृति की सराहना करना, नए संजाल सृजित करना, आभासी जगत का लाभ उठाना, नई संलिप्तताओं की तलाश करना, नई आदतें खोजना, नए तरीकों एवं विचारों का प्रयोग करना, सामान्य भले के लिए सामूहिक रूप से काम करना और अंत में सबसे अहम रूप से एक बेहतर विश्व दृष्टिकोण एवं परिप्रेक्ष्य सिखाया है। इन सभी गैर परम्परागत शिक्षकों का स्वागत है।

## आप की बात

### सीबीआई जांच जरूरी

**पालघर** में भीड़ द्वारा पीट-पीटकर मारे गए युवा साधू सुशील गिरि की माता ने मांग की है कि हत्याकांड की जांच महाराष्ट्र पुलिस की जगह सीबीआई से कराई जाए। वास्तव में पहले लेखक नरेंद्र दाभोलकर हत्या (2013) और अब फिल्म कलाकार सुशांत सिंह राजपूत के मामलो में महाराष्ट्र पुलिस के निकम्मेपन और यही नहीं उन लोगों के साथ मिलीभगत के आरोपों, जो अब मुख्य अभियुक्त सिद्ध होते जा रहे हैं, ने उसकी छवि बेहद दागदार बना दी है। दाभोलकर हत्याकांड में प्रदेश पुलिस 3 साल में कुछ भी न कर सकी थी। बाद में सीबीआई ने 3-4 साल में 6 आरोपी पकड़े और आरोप पत्र दाखिल किए। सबसे बड़ी सफलता जो सीबीआई ने इस केस में प्राप्त की वह समुद्र में 40 फीट की गहराई में रेत के नीचे दबी पड़ी पिस्तौल की बरामदगी थी इसका प्रयोग हत्या में हुआ था। विदेशी जांच एजेंसियों जैसी सफलता-मंडित तत्परता द्वारा सीबीआई ने देश भर से वाहवाही पाई। किसी राज्य पुलिस और वह भी महाराष्ट्र पुलिस जैसे दागदार संगठन जिसके दागों की उद्धव ठाकरे ने सदा दाग अच्छे हैं मानकर तारीफ करके उसका दिमाग खराब किया हुआ है, उससे ऐसी आशा सपने में नहीं की जा सकती।

– **पूनम मित्तल**, मेरठ

### रिश्ते बिगाड़ता चीन

चीन की ज्यादातियों से फिलीपींस अब आपे से बाहर होता दिख रहा है। विस्तारवाद पर भारत के निशाने के बाद अब फिलिपिंस ने भी उस पर प्रहार किया है और चीन को सीधा रहने की हिदायत दी है। किसी भी प्रकार के हमले की स्थिति में उसने अमेरिकी सहयोग लेने और सेना को बुलाने की धमकी दी है। अब भी अगर चीन नहीं सुधरा तो उसे अपनी करतूत की सजा मिल सकती है। चीन के लगातार बढ़ते दबाव और उसके विस्तारवादी सोच को भारत के बाद अब फिलिपिंस ने भी चुनौती दी है जबकि दोनों देशों के बीच सन 51से आपसी रक्षा संधि का करार है और सैन्य हमलों के मद्देनजर एक दूसरे की मदद को मजबूर है। ऐसे करार के चलते चीन को संधि को मान देना चाहिए और उसे कोई उकसाने वाली कार्रवाई से बाज आना चाहिए जिससे दोनों देशों के बीच तनाव न बढ़े। चीन दक्षिण चीन सागर में जिस तरह से हरकतें कर रहा है वह फिलिपिंस की संप्रभुता के खिलाफ है। एक तरफ चीन भारत से दुश्मनी बढ़ा रहा है तो वह अपनों के साथ भी ठीक से पेश नहीं आ रहा है ऐसे में संकट के समय उसकी मदद कौन करेगा? चीन अपने अहं को त्यागे और उकसाने वाली कार्रवाई से बाज आए।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, धार

### ऐतिहासिक घटना

**कोरोना** महामारी के कारण संसद के मानसून सत्र में इस बार प्रश्नकाल का नहीं होना एक ऐतिहासिक घटना है। आजाद भारत में आज तक संसद के कुल चार सत्र प्रश्न काल के बिना हुए है मगर वो सभी विशेष सत्र थे जो किसी खास कार्य के लिए बुलाये गए थे। ये हैं सत्र संख्या 33, 93, 98, 99 जो क्रमश: वर्ष 1961, 1975, 1976 और 1977 में उड़ीसा के बजट, आपातकाल की घोषणा, 44 वें संविधान संशोधन और तमिलनाडु एवं नागालैंड में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए बुलाये गए थे। ये पहला मौका है जब संसद का नियमित सत्र प्रश्नकाल के बिना होगा। कोरोना संक्रमण, चीन और नेपाल से सीमा विवाद, चीन के साथ युद्ध जैसे हालात, पस्त अर्थव्यवस्था जैसे बड़े-बड़े मुद्दे सैकड़ों प्रश्नों को जन्म देते हैं। एक लोकतांत्रिक सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वो सवाल पूछने का हर रास्ता खुला रखे, ईमानदारी से हर सवाल का सामना करे और उसका सही जवाब दे। ऐसा करना अफवाहों और अटकलों पर विराम लगाने के लिए भी जरूरी है।

– **बृजेश माथुर**, गाजियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**आपदा** से बचने के लिए नागरिकों को तसल्ली तथा ईश्वर से प्रार्थना करने की आवश्यकता है। भगवान और भक्तों के बीच सरकार को रोड़ा नहीं बनना चाहिए।

– **राज ठाकरे**
मनसे प्रमुख



**टोल** बढ़ोतरी संवेदनहानता तथा हरियाणा की जनता के लिए तीसरा झटका है जो पहले से ही कोरोना, लाकडाउन और आर्थिक मंदी के दंश झेल रही है।

– **रणदीप सुरजेवाला**
कांग्रेस नेता



**हमारा** राजग के साथ बना शर्त विलय हो गया है। सीटों की साझीदारी कोई मुद्दा नहीं है। जो भी सीटें हमें मिलेंगी गठबंधन सहयोगी के तौर पर हमें स्वीकार होंगी।

– **जीतन राम मांझी**
हाम नेता

# कुपोषित परिवारों को देंगे रोजगार: योगी

## कुपोषित तथा अतिकुपोषित बच्चों के साथ-साथ माताओं को भी चिन्हित करके पोषण उपलब्ध कराया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि कुपोषित तथा अतिकुपोषित बच्चों का चिन्हांकन करके उन्हें समय से पोषण से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं। बच्चों के साथ कुपोषित मां को भी चिन्हित कर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। कुपोषित परिवारों के बेरोजगार लोगों को राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को लोक भवन में राष्ट्रीय पोषण माह के सम्बन्ध में आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। प्रदेश के सभी जनपद वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े हुए थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बहराइच, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी एवं बाराबंकी जनपदों के पोषण कार्यक्रम के लाभार्थियों एवं उनके अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित किया।

मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से संवाद के दौरान उनके बच्चों की उम्र, पैदाइश के समय वजन, वर्तमान में वजन, स्वास्थ्य, प्रदान किये जा रहे पोषाहार, टीकाकरण आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि पोषण के स्तर को बेहतर करने के लिए कुपोषित परिवारों, जिनके पास गाय रखने का स्थान उपलब्ध हो तथा गौ पालन के इच्छुक हों, उन्हें निराश्रित गौवंश आश्रय स्थलों से गाय उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारों को अच्छे से अच्छा पोषण उपलब्ध कराने के लिए किचन गार्डन विकसित करने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाए।

पोषण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समुचित निगरानी को जरूरी बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड.19 के समय में इसे डिजिटल माध्यम से आगे बढ़ाया जाए। जनपद स्तर पर कार्यक्रम की साप्ताहिक समीक्षा की जाए। मण्डलायुक्त के स्तर पर पाक्षिक समीक्षा की जाए। इस समीक्षा की रिपोर्ट विभाग तथा मुख्यमंत्री कार्यालय को भी प्रेषित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के संचालन के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। पूर्वांचल के गोरखपुर व आस पास के जनपदों में 40 वर्षों से होने वाले इन्सेफेलाइटिस के प्रकोप पर वर्तमान सरकार द्वारा विगत 3 वर्षों में अन्तर्विभागीय समन्वय तथा टीमवर्क से प्राप्त किये गये नियंत्रण की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की समस्या के समाधान के लिए भी इसी प्रकार अन्तर्विभागीय समन्वय व टीमवर्क से काम किये जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर मुख्य सचिव महिला कल्याण एवं बाल विकास एस राधा चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय शोक की घोषणा के कारण इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह 7 सितम्बर से प्रारम्भ किया जा रहा है। इसे जनसहभागिता के आधार पर आयोजित किया जाएगा। इसमें जनजागरूकता के साथ माताओं और परिवारों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान राज्य पोषण मिशन के निदेशक कपिल सिंह द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के सम्बन्ध में एक प्रस्तुतिकरण भी दिया गया। उन्होंने बताया कि पोषण माह की टैग लाइन उत्तम पोषण-उत्तर प्रदेश रोशन है। इसका क्रियान्वयन ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, उद्यान आदि विभागों के समन्वय से किया जाएगा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्यसभा के लिए भाजपा के सैय्यद जफर निर्विरोध निर्वाचित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**समाजवादी** पार्टी के अमर सिंह के निधन से रिक्त राज्यसभा की सीट पर भारतीय जनता पार्टी के नेता सैय्यद जफर इस्लाम निर्विरोध निर्वाचित हुये हैं। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला के नाम वापस लेने के बाद उनका निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। इनका कार्यकाल नवंबर 2022 तक रहेगा। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सभा के लिए सैय्यद जफर इस्लाम के निर्विरोध निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई दी है।

समाजवादी पार्टी के नेता अमर सिंह के निधन से राज्यसभा की रिक्त एक सीट पर हुये उपचुनाव में भाजपा के सैय्यद जफर इस्लाम को निर्विरोध रूप से निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। प्रदेश सरकार के वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की उपस्थिति में विधानसभा के पुरुषोत्तम दास टंडन हाल में विशेष सचिव विधानसभा एवं निर्वाचन अधिकारी बृज भूषण दुबे ने निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र जफर इस्लाम के अधिकृत प्रतिनिधि जेपीएस राठौर को प्रदान किया।

निर्वाचन अधिकारी बृज भूषण दुबे ने बताया कि निर्वाचन के लिए प्रत्याशियों के नामांकन पत्र के नाम वापसी का आज अंतिम दिन था। उन्होंने बताया कि गोविंद नारायण ने अपना नाम वापस ले लिया था। गोविंद नारायण के नाम वापस लेने के बाद राज्यसभा निर्वाचन के लिए सैय्यद जफर इस्लाम को एकमात्र प्रत्याशी होने के कारण निर्विरोध रूप से निर्वाचित घोषित कर दिया गया। श्री दुबे ने बताया कि अमर सिंह के निधन के बाद रिक्त राज्यसभा सीट के लिए निर्वाचन के लिए भाजपा के सैय्यद जफर इस्लाम व गोविंद नारायण तथा एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी महेश चंद शर्मा ने अपना नामांकन कराया था। उन्होंने बताया कि महेश चंद शर्मा का नामांकन पत्र कोई प्रस्तावक न होने के कारण खारिज कर दिया गया था, जबकि गोविंद नारायण ने अपना नाम वापस ले लिया था। मध्य प्रदेश के कद्दावर नेता तथा भाजपा से राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी सैय्यद जफर इस्लाम ने सात वर्ष पहले भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। प्रदेश से भाजपा ने उनको राज्यसभा भेजा है। कोरोना संक्रमण से पीड़ित सैय्यद जफर इस्लाम नई दिल्ली के एम्स में भर्ती हैं। उनका नामांकन प्रदेश सरकार के संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया। इसके बाद भाजपा ने प्रदेश महामंत्री गोविंदनारायण का भी नामांकन कराया था। गोविंद नारायण के आज नाम वापसी के अंतिम दिन पर्चा वापस लेने के बाद सैय्यद जफर इस्लाम का निर्विरोध निर्वाचन हो गया है। राज्यसभा की खाली सीट पर निर्विरोध निर्वाचित सैय्यद जफर इस्लाम भारतीय जनता पार्टी के सातवें मुस्लिम सांसद हैं। वह पिछले सात वर्ष से भाजपा से जुड़े हुए हैं। सैय्यद जफर इस्लाम से पहले मुख्तार अब्बास नकवी, शहनवाज हुसैन, आरिफ बेग, एमजे अकबर, नजमा हेपतुल्ला तथा सिकंदर बख्त भाजपा के सांसद थे। फिलहाल तो सैय्यद जफर इस्लाम व मुख्तार अब्बास नकवी राज्यसभा में भाजपा से मुस्लिम सांसद हैं। डॉ. सैय्यद जफर इस्लाम झारखंड के रहने वाले हैं और मुंबई में सक्रिय रहे हैं।

# शिक्षक दिवस पर राज्यपाल ने दी शिक्षकों को बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने शिक्षक दिवस पर प्रदेश के समस्त शिक्षकों एवं शिक्षिका बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि देश के महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में हमें सदैव शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए और अच्छा करने की प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों का भविष्य प्रशस्त किया जाता है, जिसके माध्यम से वह समाज और राष्ट्र की अमूल्य सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि एक गुरु और शिक्षक का संबंध केवल विद्यार्थियों को शिक्षा देने तक ही सीमित नहीं होता बल्कि वह अपने विद्यार्थियों को हर परिस्थिति और समस्याओं से निपटने की राह भी दिखाता है। आनंदीबेन पटेल ने आशा व्यक्त की कि शिक्षकों के सकारात्मक कृतित्व से विद्यार्थियों का भविष्य सदैव उज्ज्वल तथा उच्च सोपानों पर आलोकित होता रहेगा।

# शहीदों के घर तक पक्की सड़क बनाएगा पीडब्ल्यूडी: केशव मौर्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● जय हिन्द वीर पथ योजना के तहत होगा काम

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि देश की रक्षा करते हुए शहीद होने वाले वीर जवानों के नाम से जय हिन्द वीर पथ योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत शहीद के घर तक पक्की सड़क लोक निर्माण विभाग बनाएगा। शहीदों के नाम पर तोरणद्वार भी बनाए जाएंगे। यहां पर बलिदानी सैनिकों के शौर्य का विवरण लिखा जाएगा।

उन्होंने कहा है कि शहीद सैनिक के सम्मान में पत्र भी उनके परिवारीजनों को दिया जाएगा। इस योजना के तहत वीर चक्र व परमवीर चक्र आदि से सम्मानित होने वाले जवानों के घरों तक भी सड़कें बनाई जाएंगी। शहीदों के सम्मान में बनाई जाने वाली सड़कों तथा उनके शौर्य पर वीडियो फील्म बनाई जाएगी और सोशल मीडिया तथा अन्य प्लेटफार्मों पर डाला जाएगा। उपमुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिया कि ग्रामीण सड़कों को सुधारने का काम तेजी से किया जाए। इसमें धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही, हीलाहवाली व अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को किसी भी दशा में माफनहीं किया जाएगा। निर्देश दिए कि जितने भी स्टेट हाईवे बने हैं अथवा घोषित हुए हैं, उनमें यह देख लिया जाए कि कोई भी जिला, लोकसभा क्षेत्र और विधानसभा क्षेत्र अछूता ना रहे। प्रयागराज-वाराणसी कांवड़ मार्ग का प्लान बनाएं। मौर्य ने कहा कि प्रयागराज से वाराणसी तक प्रस्तावित कांवड़ पथ बनाने के संबंध में लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग के अधिकारी बैठक कर प्लान बनाएं। प्रयागराज में सीरसा के पास पुल बनाने की कार्ययोजना बनाने को कहा। इस पुल के बनने पर यहां से तीन पीपे के पुल हट सकते हैं। उन्होंने कहा क्रूज मार्ग में पड़ने वाले पीपे के पुलों को हटाया नहीं जाएगा।

# साढ़े पांच करोड़ से ज्यादा मानव दिवस रोजगार सृजित: मुख्यसचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● गरीब कल्याण रोजगार अभियान की समीक्षा बैठक

**मुख्य** सचिव ने गरीब कल्याण रोजगार अभियान के अन्तर्गत संचालित विकास कार्यों की प्रगति की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। गरीब कल्याण रोजगार अभियान प्रदेश में 25 हजार से ज्यादा प्रवासी श्रमिक वाले 31 जनपदों में संचालित हैं, जिसके अंतर्गत कृषि, सिंचाई, पशुपालन, वाटरशेड, हार्टीकल्चर, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास, वन, मत्स्य, नमामि गंगे आदि विभागों में विभिन्न रोजगारपरक विकास परियोजनाओं के तहत श्रमिकों को रोजगार मुहैय्या कराया जा रहा है। इन परियोजनाओं में कैटल शेड का निर्माण, तालाब की खुदाई, वृक्षारोपण, पंचायत भवन, फार्म पाण्ड, कुओं का जीर्णोद्धार, बकरी पालन शेड, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण, पोल्ट्री शेड का निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट बनाने का कार्य, बागवानी सम्बन्धी कार्य, ठोस एवं अपशिष्ट प्रबन्धन आदि के कार्य सम्मिलित हैं। समीक्षा में बताया गया कि योजना के प्रारंभ होने के बाद से लेकर 31 जुलाई तक करीब 5,55,77,630 मानव दिवस रोजगार सृजित किये जा चुके हैं तथा इस पर 31 जुलाई 2020 तक कुल 1715.70 करोड़ रूपये की धनराशि व्यय की जा चुकी है। मुख्य सचिव ने कहा कि 125 दिन का यह अभियान 23 अक्टूबर 2020 को पूरा हो रहा है अत: सभी सम्बन्धित विभाग यह सुनिश्चित करें कि आवंटित लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में शतप्रतिशत पूरा किया जाना है, अत: तदनुसार कार्य योजना बनाकर समयबद्ध तरीके से स्वीकृत कार्यों को निर्दिष्ट समयावधि में पूरा करायें ताकि श्रमिकों को रोजगार व उन योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में यह भी बताया गया कि जल संरक्षण के 54672, फार्म पाण्ड के 4000, कैटल शेड 22001, बकरी शेड 5400, आंगनबाड़ी केन्द्र 1436, पाल्ट्री शेड 235, वर्मी कम्पोस्टिंग के 464, हार्टीकल्चर के 319, पंचायती राज के 2162, वनीकरण के 32560, ग्राम्य विकास के 193420, सामुदायिक शौचालय 30453, ग्राम पंचायत भवन 12446, जल जीवन मिशन योजना के 50, श्यामा प्रसाद मुखर्जी अर्बन मिशन के 1788, पीएम कुसुम के 1120 कार्य के अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे आदि विभिन्न कार्य सम्मिलित हैं।

# दो साल से वांछित 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**लखनऊ।** डकैती व पुलिस मुठभेड़ की घटना में 2 साल से वांछित अलीगढ़ जिले के 50 हजार के इनामी अपराधी शेखू मियां को एसटीएफ ने मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार किया है। विगत 2 वर्ष से फरार चल रहे शेखू मियां उर्फ काला के सम्बन्ध में अभिसूचना संकलन की कार्रवाई एसटीएफ फील्ड इकाई, बरेली द्वारा की जा रही थी। इस दौरान तीन सितंबर को ज्ञात हुआ कि 50000 का इनामी शेखू मियां उर्फकाला वर्तमान में अपनी पहचान छिपाकर ग्राम सूजढू थाना कोतवाली मुजफ्फरनगर में ईदगाह के पास डेरा बनाकर में रह रहा है। इस जानकारी के बाद एसटीएफ की टीम ने मुजफ्फरनगर में बताए गए स्थान पर पहुंच कर शेखू मियां उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि वर्ष 2018 में जनपद अलीगढ़ में पुलिस मुठभेड में मेरे पिता भीका, एहसान व सोहेल मारे गये थे तथा वह वहां से फरार हो गया था। उसने बताया कि पहले वह इधर-उधर छिपता घूमता रहा और विभिन्न जनपदों में ईट भट्टों पर काम करने अपनी जीविका चलाता था। बरसात का मौसम होने के कारण भट्टों पर काम बन्द है। इसलिए मुजफ्फरनगर में डेरा डालकर रह रहा था।

# सूबे में कोरोना के 6193 नए मरीज मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे** में शुक्रवार को कोरोना वायरस के 6193 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि 58595 केस एक्टिव बताए गए हैं। वहीं अभी तक प्रदेश में 3762 मरीजों की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 249413 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 5006 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया।

अभी तक सूबे में 190818 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 924, कानपुर में 382, प्रयागराज में 320, गोरखपुर में 346, वाराणसी में 203, गाजियाबाद में 156, नोएडा में 148 , बरेली में 149, मुरादाबाद में 118, अलीगढ़ में 161, मेरठ में 118, झांसी में 65, सहारनपुर में 145, बलिया में 41, देवरिया में 83, बाराबंकी में 111, जौनपुर में 55, अयोध्या में 108, रामपुर में 72, शाहजहांपुर में 99, कुशीनगर में 101, आजमगढ़ में 49, आगरा में 94, महाराजगंज में 52, गाजीपुर में 58, हरदोई में 88, गोंडा में 7, लखीमपुर खीरी में 65, बस्ती में 69, मथुरा में 43, बुलंद शहर में 55, पीलीभीत में 69, मुजफ्फरनगर में 101, सिद्धार्थनगर में 32, इटावा में 65, सीतापुर में 104, उन्नाव में 50, बहराइच में 24, सुल्तानपुर में 47, चंदौली में 54, संत कबीर नगर में 26, प्रतापगढ़ में 60, बिजनौर में 48, हापुड़ में 32, अमरोहा में 25, कन्नौज में 25, मिर्जापुर में 29, सोनभद्र में 63, बदायूं में 54, फिरोजाबाद में 26, मऊ में 44, संभल में 20, मैनपुरी में 44, रायबरेली में 51, ललितपुर में 38, जालौन में 30, फर्रुखाबाद में 31, फतेहपुर में 33, अमेठी में 44, औरैया में 18, कानपुर देहात में 11, शामली में 52, भदोही में 35, बलरामपुर में 39, एटा में 29, कौशांबी में 12, बांदा में 54, बागपत में 22, कासगंज में 11, अंबेडकरनगर में 28, चित्रकूट में 20, श्रावस्ती में 13, हमीरपुर में 11, हाथरस में 10, महोबा में 21 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

# भाजपा सरकार की हालत भी सपा जैसी: मायावती

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार पर ब्राह्मणों एवं दलितों के उत्पीड़न का आरोप समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के नेता पहले ही लगा चुके हैं। अब बसपा सुप्रीमो मायावती ने योगी सरकार पर हमला बोलते हुए शुक्रवार को कहा है कि भाजपा सरकार की हालत भी सपा जैसी ही है। इसमें भी ब्राह्मणों और दलितों का चुन चुनकर उत्पीड़न किया जा रहा है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को ट्वीट करते हुए लिखा कि सपा सरकार में जैसे ब्राह्मणों व दलितों का चुन.चुन कर उत्पीड़न किया गया था तो अब वैसे ही वर्तमान भाजपा सरकार में भी इनके साथ-साथ मुसलमानों का भी काफी उत्पीड़न किया जा रहा है। इनको जबरन गलत मामलों में फंसाया जा रहा है, जो अति दु:खद है। साथ हीजिस प्रकार से सपा सरकार में दलितों के मसीहा बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर व इनके महान् सन्तों व गुरुओं की मूर्ती तोड़ी गई तथा उनके नाम पर रखे गये जिलों व संस्थानों आदि के नाम भी काफी बदल दिये गये।

# गायत्री को इलाज के लिए हाईकोर्ट से दो माह की अंतरिम जमानत

● बीते तीन साल से गैंगरेप के मामले में हैं निरुद्ध

विधि संवाददाता। लखनऊ



**गैंगरेप** व जानमाल की धमकी के मामले में निरुद्ध पूर्व काबीना मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति को अपनी बीमारी का इलाज कराने के लिए हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने दो माह की अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। पीठ ने गायत्री को दो लाख की दो जमानतें व पांच लाख का निजी मुचलका दाखिल करने का आदेश दिया है।

पीठ ने इसके साथ ही कई अन्य शर्तें भी लगाई हैं। कहा है कि गायत्री अपना पासपोर्ट जमा कराएंगे। बगैर इजाजत देश से बाहर नहीं जाएंगे। दो माह की अवधि पूरी होते ही विचारण अदालत अथवा जेल अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण करेंगे। यह भी आदेश दिया है कि जमानत पर रिहा होने के बाद पीड़िता व उसके परिजनों को धमकी नहीं देंगे।

जस्टिस वेद प्रकाश वैश की एकल पीठ ने यह आदेश गायत्री की ओर से दाखिल दूसरी जमानत अर्जी पर दिया है। पीठ के समक्ष गायत्री की जमानत अर्जी पर वकील रुक्मिणी बोबडे व एसके सिंह ने बहस की। इनका कहना था कि गायत्री निर्दोष हैं। इस मामले में विचारण अदालत के समक्ष पीड़िता व उसका मेडिकल करने वाले डॉक्टर का बयान दर्ज हो चुका है। जिसमें उन्होंने अभियोजन कथानक को गलत बताया है। यह भी कहा गया कि गायत्री गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं और उन्हें तत्काल विशेष इलाज की आवश्यक्ता है। एकल पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जमानत अर्जी का जोरदार विरोध किया गया। कहा गया कि गायत्री का उचित इलाज कराया जा रहा है। पीठ ने दोनों पक्षों की बहस के बाद पाया कि गायत्री को गंभीर बीमारियां है। जिसका इलाज जेल अस्पताल व केजीएमयू में उपलब्ध नहीं है। यह भी पाया कि कोविड 19 महामारी के मद्देनजर गायत्री को वास्तविक व आसन्न खतरा है। लिहाजा गायत्री को इलाज के लिए दो माह की अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाता है।

बताते चलें कि 18 फरवरी, 2017 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गायत्री प्रसाद प्रजापति व अन्य छह मुल्जिमों के खिलाफ थाना गौतमपल्ली में गैंगरेप, जानमाल की धमकी व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था।

# मुख्य सूचना आयुक्त की चार हफ्ते में करें नियुक्ति: हाईकोर्ट

**लखनऊ( विसं )।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उप्र सूचना आयोग में चार हफ्ते में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति करने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। पीठ ने यह भी कहा है कि यदि अगले चार हफ्ते में नियुक्ति नहीं होती है, तो मुख्य सचिव को व्यक्तिगत हलफनामा देना होगा। जस्टिस पंकज कुमार जायसवाल एवं जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की पीठ ने यह आदेश डॉ. नूतन ठाकुर की एक जनहित याचिका पर दिया है। याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि विधान सभा में विपक्ष के नेता राम गोविन्द चौधरी अस्वस्थ हैं। लिहाजा इसकी वजह से नियुक्ति में विलंब हो रहा है। पीठ का इस पर कहना था कि सुप्रीम कोर्ट ने भी उक्त पद को जल्द भरने का आदेश दे रखा है। लेकिन बार-बार मौका देने के बावजूद सरकार संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रही है।

# स्वच्छता, स्वदेशी और स्वावलंबन कोविड से उत्पन्न परिस्थितियों के समाधान में सहायक



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वच्छता,** स्वदेशी और स्वावलंबन गांधी जी द्वारा बताये गये ऐसे मंत्र हैं जो कोविड.19 जैसी महामारी और उससे उत्पन्न हुई परिस्थितियों के समाधान में सहायक हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी के अर्थ दर्शन के अनुसार हमें चुनौती, शक्ति, परिस्थिति और संसाधन को मिलाकर अवसर में विकसित करना है। उक्त उद्गार शुक्रवार को प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की तरफ से राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150वीं जयन्ती समारोह पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के पीआईबी द्वारा आयोजित वेबिनार के दौरान राजभवन से व्यक्त किये गए।

पटेल ने कहा कि महात्मा गाँधी वास्तव में भारत के लिये एक वरदान थे। गांधी जी आज विश्व चिन्तन का विषय हैं, चाहे वह रोजगार हो या विश्व शांति की स्थापना हो। उन्होंने कहा कि गांधी जी जिन आदर्शों का पालन करते थे, वह हमारी सामूहिक जीवंत विरासत का हिस्सा है। इस विरासत में एक राष्ट्र होने का विचार समाहित है। गांधी जी कुटीर और ग्रामीण उद्योग को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण मानते थे। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए वोकल फॉर लोकल पर जोर दिया है। राज्यपाल ने कहा कि भारत में संसाधन बहुत हैं जिनसे विभिन्न प्रकार के उपयोगी सामान विश्व स्तर के बनाये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में असंख्य कुशल हाथ हैं, जिनका उपयोग करके प्राकृतिक संपदाओं से बहुत कुछ बनाया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि गांधी जी ने अपने विचारों के माध्यम से राजनैतिक, दार्शनिक, सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन किए। उन्होंने दबे कुचले दलित वर्ग के लोगों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं छुआछूत का विरोध किया तथा उन्हें समाज की मुख्य धारा में शामिल किया। गांधी जी ने जनसामान्य को साफ-सफाई की महत्ता बताने के साथ ही स्वच्छता के लिये प्रेरित भी किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए गाँधी जी को उनकी 150वीं जयन्ती पर स्वच्छ भारत अभियान को एक जन आन्दोलन का रूप दिया। राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज्य की कल्पना की थी। वे चाहते थे कि हर गांव एक आत्मनिर्भर इकाई बने। सरकार का कौशल विकास मिशन इसी दिशा में एक मजबूत कदम है।

# गिद्धों के संरक्षण के लिए सभी का सहयोग व सहभागिता जरूरी

● अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पर्यावरण** संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले गिद्धों के प्रति समाज में व्यापक जागरूता उत्पन्न करने एवं गिद्धों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष सितम्बर माह के प्रथम शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस मनाया जाता है। पर्यावरण, वन एवं जंतु उद्यान मंत्री दारा सिंह चौहान ने अन्तर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों का आहवान किया कि गिद्धों के संरक्षण के लिए विभागीय प्रयासों के साथ ही प्रत्येक प्रदेशवासी का सहयोग व सहभागिता आवश्यक है। चौहान ने कहा कि कोरोना के प्रकोप के कारण पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष गोष्ठियों एवं कार्यशालाओं का आयोजन नहीं किया जा रहा है किन्तु इस दिशा में ऑनलाईन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेशवासियों के सक्रिय सहभागिता व सहयोग से प्रदेश सरकार गिद्धों के संरक्षण व संवर्द्धन में सफल होगी ।

मुख्य वन संरक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि प्रदेश में वन्य प्राणियों व उनके प्राकृतवास वनों व वेटलैंड्स सहित समस्त पारिस्थितिकीय संरक्षण व संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा देश अपनी जैव विविधता के लिए विश्वविख्यात है। यह 17 सर्वाधिक जैवविविधता वाले देशों में से एक है। भौगोलिक स्थिति एवं जलवायु की विविधता के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश की जैविक विविधता भी अत्यंत सम्पन्न व समृद्ध है। उत्तर प्रदेश में बहने वाली महत्वपूर्ण नदियों गंगा-यमुना के मैदान में ही मीठे पानी की झीलें ए प्रवासी पक्षियों एवं कृषि फसलों की जंगली किस्मों प्रमुख प्राकृतवास हैं। प्रदेश में जलवायु व भौगोलिक विविधता के कारण ही प्रदेश की पक्षी संख्या भी विविधता से भरपूर है। भारत में पक्षियों की लगभग 1200 प्रजातियां पायी जाती हैं जिनमें से 300 प्रजातियां प्रवासी हैं जो अन्य देशों से जाड़े तथा अन्य मौसम में हमारे देश में आती हैं। मुख्य वन संरक्षक के अनुसार भारत में 9 प्रजाति के गिद्ध पाए जाते हैं, जिसमें से 8 उत्तर प्रदेश में पाए जाते हैं। इसमें 3 जिप्स प्रजाति के गिद्ध तथा लाल सिर वाले गिद्ध को अतिसंवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि गिद्धों के संरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा डाइक्लोफिनैक औषधि एवं डाइक्लोफिनैक के औषधि उत्पादों को पशुओं में प्रयोग हेतु प्रतिबन्धित कर दिया गया है। उप्र राज्य में उक्त औषधि एवं उसके उत्पाद औषधियों को पशुओं में प्रतिबन्धित करने के लिए उसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है।

# सिपाही भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा व चरित्र सत्यापन 7 से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही व आरक्षी पीएसी के पदों पर सीधी भर्ती 2018 के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों का आधारभूत प्रशिक्षण 7 सितंबर से प्रारंभ होने जा रहा है। प्रथम चरण में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद के लिए 14000 अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा एवं चरित्र सत्यापन की कार्रवाई 7 सितंबर से प्रारंभ करने के लिए पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश के चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सीय परीक्षण उनके गृह जनपदों में कराया जायेगा तथा ऐसे अभ्यर्थी जिनका गृह जनपद उत्तर प्रदेश न होकर अन्य राज्यों में हैं, उनकी चिकित्सा परीक्षा और चरित्र सत्यापन की कार्रवाई के लिए अलग-अलग जिले निर्धारित किए गए हैं। बिहार व झारखण्ड के अभ्यर्थियों का चिकित्सीय परीक्षण वाराणसी में, मध्य प्रदेश के अभ्यर्थियों का झांसी में, छत्तीसगढ़ के अभ्यर्थियों का प्रयागराज में, राजस्थान के अभ्यर्थियों का आगरा, दिल्ली व हरियाणा के अभ्यर्थियों का मेरठ, पंजाब, हिमांचल प्रदेश व उत्तराखण्ड के लोगों का सहारनपुर और इनके अलावा अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों का चिकित्सीय परीक्षण लखनऊ में होगा।

# सरकार पर बरसी कांग्रेस

## भर्तियों में देरी व बेरोजगारी को लेकर साधा निशाना

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने रेलवे समेत कई सरकारी विभागों में भर्तियों में विलंब और बेरोजगारी की स्थिति को लेकर शुक्रवार को सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि जब लोगों को भर्ती ही नहीं किया जाना था तो फिर लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले हजारों रिक्तियों की अधिसूचना क्यों जारी की गई ? पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि देश के 40 करोड़ लोगों को गरीबी की गर्त में धकेला जा रहा है और यह सरकार गरीब विरोधी है।


कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव से तीन महीने पहले रेलवे में हजारों रिक्तियों की अधिसूचना जारी की गई, लेकिन अब तक भर्ती नहीं की गई जिससे देश के युवाओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सुरजेवाला ने एक वीडियो जारी कर कहा, अब सोचने का समय है कि हार्ड वर्क और फ्रॉड वर्क में क्या फर्क है फ्रॉर्ड वर्क हमने 6 साल के दौरान देखा जहां केवल मुठ्ठी भर उद्योगपतियों ने पैसा कमाया। अगर लॉकडाउन की ही बात करें तो कुछ उद्योगपतियों की आय तो लगभग 35 प्रतिशत बढ़ गई, परंतु जीडीपी, जिससे आय बढ़ती है, वो 24 प्रतिशत कम हो गई।

सुरजेवाला ने कहा, हार्ड वर्क और फ्रॉड वर्क का अंतर समझना है, तो सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की तत्कालीन सरकार से समझिए। 2004 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार आई तो तो देश में गरीबी रेखा का आंकड़ा 38 प्रतिशत था। 10 साल बाद जब कांग्रेस ने 2014 में सरकार छोड़ी, तो देश में गरीबी 21.9 प्रतिशत रह गई। यानी 14 करोड़ हमारे गरीब भाई-बहन गरीबी रेखा से ऊपर उठ पाए। वल्लभ ने संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया, अप्रैल से जुलाई के बीच में 1.89 करोड़ वेतनभोगी लोगों ने अपनी नौकरी गंवा दी। देश में इस समय कुल 3.60 करोड़ लोगों के पास रोजगार नहीं है। यह सीएमआईई का आंकड़ा है।

रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) के ग्रुप डी के लिए 23 फरवरी 2019 को एक अधिसूचना जारी की गई थी। 18 महीने के बाद भी परीक्षा तिथि के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। वल्लभ ने कहा, आरआरबी एनटीपीसी की परीक्षा के लिए अधिसूचना 28 फरवरी 2019 को जारी की गई थी। यहां भी 18 महीने के बाद परीक्षा तिथि को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। 35,277 रिक्तियों के लिए लगभग 1.26 करोड़ आवेदन आए और परीक्षा शुल्क से 500 करोड़ रुपए से अधिक राशि एकत्र की गई।

## बिहार चुनाव, 65 लंबित उपचुनाव लगभग एक ही समय होंगे : चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उसने 65 लंबित उपचुनावों और बिहार विधानसभा चुनाव लगभग एक ही समय कराने का फैसला किया है। विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में 64 सीटें रिक्त हैं, जबकि लोकसभा की एक सीट रिक्त है। आयोग के एक बयान में कहा गया है, इन्हें एक साथ कराने का एक बड़ा कारण केंद्रीय बलों के आवागमन में सुगमता और साजो सामान से जुड़े मुद्दे हैं। बिहार विधानसभा का कार्यकाल 29 नवंबर को समाप्त हो रहा है और चुनाव अक्टूबर-नवंबर में कभी भी कराए जाने की संभावना है। बयान में कहा गया है, ...आयोग ने सभी 65 उपचुनावों और बिहार विधानसभा चुनाव लगभग एक ही समय कराने का फैसला किया है...बिहार विधानसभा चुनाव और इन उपचुनावों के कार्यक्रम की घोषणा आयोग द्वारा उपयुक्त समय पर की जाएगी। भारी बारिश और कोविड-19 महामारी के चलते हाल ही में कई उपचुनाव टालने पड़ गए।



पटना में जेईई-2020 में मुख्य प्रवेश परीक्षा में बैठने से पहले सेनिटाइजर लगाते छात्र।

# नक्सलियों ने की दो युवकों की हत्या

**भाषा।** दंतेवाड़ा

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों ने दो युवकों की हत्या कर दी है तथा पांच लोगों को पीट-पीट कर घायल कर दिया है। दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने बताया कि जिले के हिरोली और डोकापार गांव के मध्य जंगल में नक्सलियों ने दो युवकों अशोक कुंजाम और बंदरा कुंजाम की हत्या कर दी है। दोनों की उम्र 20 वर्ष के आसपास बताई गई है।

पल्लव ने बताया कि जिले के किरंदुल क्षेत्र के निवासी अशोक और उसके परिवार के पांच सदस्य अपने मित्र के साथ शादी पक्की करने पड़ोसी बीजापुर के दौड़ी कुमनार गांव गए थे। उन्होंने बताया कि आशोक और सभी लोग किरंदुल से जंगल के रास्ते से लगभग 30 किलोमीटर पैदल चलकर बुधवार की रात दौड़ी कुमनार गांव पहुंचे थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि गांव में शादी पक्की करने के बाद जब वह बृहस्पतिवार को वापस लौट रहे थे तब हिरोली और डोकापारा गांव के मध्य जंगल में उनका सामना नक्सलियों से हो गया। इस दौरान नक्सलियों ने उन्हें पुलिस का मुखबिर समझा और उनकी पिटाई शुरू कर दी। पल्लव ने बताया कि इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई तथा अन्य घायल हो गए।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि ग्रमीणों ने दोनों युवकों के शवों को किरंदुल पहुंचाया और इसकी सूचना पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से नक्सलियों का एक पर्चा भी बरामद किया है। जिसमें माओवादियों के गंगालूर एरिया कमेटी ने आरोप लगाया है कि दोनों युवक पुलिस के मुखबिर थे। माओवादियों ने पर्चे में कहा है कि इस घटना के लिए दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक जिम्मेदार हैं। माओवादियों के इस आरोप को लेकर पल्लव ने कहा कि दोनों मृतकों का पुलिस से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा हमलावर नक्सलियों की खोज में पुलिस दल रवाना कर दिया गया है।

## पीएम के खिलाफ घृणा संदेश पोस्ट करने के सिलसिले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**भाषा।** भुवनेश्वर

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित रूप से घृणा संदेश पोस्ट करने के सिलसिले में ओडिशा के कटक जिले से 42 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उत्तर प्रदेश के कुसुंबी गांव के निवासी आरोपी को बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस की एक टीम ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए (राजद्रोह) समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। कटक (सदर) के पुलिस अधीक्षक जुगल किशोर बनोठ ने कहा, उत्तर प्रदेश पुलिस ने यहां की स्थानीय पुलिस से मदद मांगी थी। हमारे पुलिसकर्मियों ने आरोपी को पकड़ने में आवश्यक सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ सिंहबली थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। यूपी पुलिस ओडिशा के सालीपुर में छोटा-मोटा कारोबार करने वाले इस आरोपी की ट्रांजिट रिमांड लेने की योजना बना रही है।

# भाजपा के एक और विधायक ने नड्डा से की शिकायत

**भाषा।** देहरादून

**सत्तारूढ़ भाजपा** में बढ़ते असंतोष के संकेत के बीच पार्टी के एक और विधायक ने अपने क्षेत्र में अधिकारियों की उदासीनता के कारण विकास कार्यो के न होने की शिकायत पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से की है। पिथौरागढ़ जिले के डीडीहाट क्षेत्र के विधायक बिशन सिंह चुफाल के दिल्ली में नड्डा से मिलने के बाद अब देहरादून जिले के रायपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमेश शर्मा काउ ने भाजपा अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में पूछे जाने पर काउ ने कहा, मैंने पार्टी अध्यक्ष को पत्र लिखा क्योंकि मैंने महसूस किया कि विकास कार्य नहीं होना पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा रहा है। परिवार के मुखिया को अपनी चिंताओं के बारे में बताने में कोई हर्ज नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में रायपुर से सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज करने वाले काउ ने कहा कि लोगों को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं और उनके क्षेत्र में विकास गतिविधियों के रुक जाने से वह बहुत निराश हैं।

विधायक ने कहा कि उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात का समय मांगा है और जब वह उनसे मिलेंगे तो उन्हें इसके बारे में विस्तार से बताएंगे। इससे पहले, बुधवार को पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पांच बार के विधायक चुफाल ने नड्डा से भेंट की थी और उन्हें बताया था कि अधिकारी उनकी नहीं सुन रहे हैं तथा पिछले तीन साल से उनके विधानसभा क्षेत्र में विकास के काम नहीं हो रहे हैं।

चुफाल ने कहा कि वह चाहते हैं कि भाजपा 2022 में सत्ता में जोरदार वापसी करे और इसीलिए वह नड्डा के साथ अपने क्षेत्र की रुकी पडी विकास परियोजनाओं के बारे में बात करने गए थे। हालांकि, पार्टी के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र भंडारी ने विधायकों की सरकार से नाराजगी का खबरों का खंडन किया और कहा कि संगठन और सरकार में सब कुछ ठीक चल रहा है। उन्होंने कहा, विधायकों का केंद्रीय नेतृत्व से मिलना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। इन मुलाकातों को लेकर मीडिया में जो अटकलें लगाई जा रही हैं, वे कोरी बकवास हैं। कोई विधायक सरकार से नाराज नहीं है। भंडारी ने कहा कि मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हो रहे हैं और पार्टी संगठन के लोग इन तमाम उपलब्धियों को जनजन तक पहुंचाने में जुटे हैं।

## क्विक न्यूज

### महामारीके दौरान पुलिस का मानवीय पक्ष सामने आया : मोदी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में युवकों को शुरुआत से ही आतंकवाद की राह पर जाने से रोकने के लिए महिला पुलिस अधिकारियों से वहां की महिलाओं की मदद लेने की अपील की। सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में परिवीक्षाधीन आईपीएस अधिकारियों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान देश में पुलिस का मानवीय पक्ष सामने आया है। एक महिला परीवीक्षाधीन अधिकारी के सवाल का जवाब देते हुए मोदी ने केन्द्र शासित प्रदेश के लोगों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे प्यारे लोग हैं। उन्होंने कहा, मैं इन लोगों के साथ बहुत जुड़ा हुआ हूं। वे आपके साथ बेहद प्यार से पेश आते हैं... हमे गलत राह पर जाने वालों को रोकना होगा। महिलाएं ऐसा कर सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा, (जम्मू-कश्मीर मे) हमारी माएं ऐसा कर सकती है....अगर हम शुरू में ही ऐसा करें तो बहुत अच्छा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि योग और प्राणायाम तनाव दूर करने के लिए बहुत फायदेमंद है।

### कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख डी के शिवकुमार अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार को बुखार आने के बाद फिर से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोविड-19 से संक्रमित होने पर हाल में वह उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती हुए थे और उन्हे छुट्टी दे दी गई थी। शिवकुमार के कार्यालय ने एक बयान में कहा, डी के शिवकुमार को बुखार आने के बाद बुधवार को जयानगर में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिवकुमार ने शुभचिंतकों और पार्टी कार्यकर्ताओ से अस्पताल या उनके आवास के पास नही आने की अपील की है क्योंकि वह अगले कुछ दिनों तक अस्पताल मे उपचार कराएंगे। शिवकुमार (58) को 24 अगस्त को राजाजीनगर में सुगुना अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उन्हें 28 अगस्त को छुट्टी दे दी गई थी। सुगुना अस्पताल ने 31 अगस्त को एक बयान मे कहा था कि शिवकुमार पर इलाज ने असर अच्छा असर दिखाया। वह ठीक हो गए हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

### सेवा के प्रति आईपीएस अधिकारियों की प्रतिबद्धता युवाओं को पुलिस में शामिल होने को प्रेरित करेंगी: अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को 2018 बैच के आईपीएस अधिकारियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि वह आश्वस्त है कि सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता युवाओं को भारतीय पुलिस सेवा मे शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवा अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संवाद करने के बाद शाह की यह टिप्पणी आई है। ए अधिकारी अभी हैदराबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में है। शाह ने ट्वीट किया, इन सभी आईपीएस अधिकारियों को उनके दीक्षांत परेड पर मेरी शुभकामनाएं। वे राष्ट्र की सुरक्षा एवं अखंडता को सुनिश्चित करते हुए अत्यधिक समर्पण के साथ इसकी सेवा करेंगे। मैं आश्वस्त हूं कि सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हमारे युवाओं को भारतीय पुलिस सेवा में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का प्रेरक संबोधन निश्चित रूप से युवा पुलिस अधिकारियों का मनोबल बढ़ाएगा और उन्हे पुलिस-जनता के बीच संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर दिशानिर्देशित करेगा।

### तीन नाबालिग बेटियों के साथ दंपति मृत पाए गए

**दाहोद।** गुजरात के दाहोद शहर मे शुक्रवार को एक दंपति और उनकी तीन नाबालिग बेटियां अपने घर पर मृत पाई गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला है। दाहोद पुलिस थाने के निरीक्षक एच पी करन ने कहा कि सैफुद्दीन दुधईवाला (42), उसकी पत्नी महजबी (35) और बेटियां आरवा (16), जैनब (16) और हुसैना (7) सुबह सुजाईबाग इलाके मे अपने अपार्टमेंट मे मृत पाए गए। उन्होने कहा, प्रारंभिक जांच से लगता है कि मृतकों ने बृहस्पतिवार शाम और शुक्रवार सुबह के बीच जहरीले पेय का सेवन किया होगा। अधिकारी ने कहा कि दुधईवाला के बुजुर्ग माता-पिता शुक्रवार को सुबह रिश्तेदार के यहां से घर लौटे जिसके बाद उन्हे पांचो के शव मिले सैफुद्दीन के पिता शब्बीर के अनुसार, उनके बेटे ने आर्थिक समस्याओ के कारण यह कदम उठाया होगा करन ने कहा कि सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### आग में जलकर एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**सलेमाचेन्नई (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु मे सलेम जिले के कुरनगुचावड़ी के निकट शुक्रवार तड़के एक परिवार के पांच सदस्यो की अपने घर मे लगी आग मे जलकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। आग लगने के समय सभी पांचो सदस्य सो रहे थे। मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने घटना पर शोक व्यक्त किया है। पुलिस ने कहा कि एक व्यक्ति को गंभीर रूप से जलने के बाद सलेम मे सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पलानीस्वामी ने चेन्नई मे एक बयान मे कहा कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। उन्होंने कहा, मै मृतकों के परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। उन्होंने जिला प्रशासन को घायल हुए व्यक्ति को अच्छी चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया।



नादिया में रेलवे स्टेशन पर सामाजिक दूरी के लिए मार्किंग करते कर्मचारी।

# बघेल ने केंद्रीय गृहमंत्री को लिखा पत्र नक्सल उन्मूलन में केंद्र से मांगा सहयोग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर राज्य में नक्सल उन्मूलन में केंद्र सरकार से सहयोग मांगा है। राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री बघेल ने नक्सल उन्मूलन की कार्ययोजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए केंद्र से सहयोग मांगा है। इस संबंध में बघेल ने केंद्रीय गृहमंत्री शाह को पत्र लिखकर पूर्व में आवंटित सात सीआरपीएफ बटालियनों को राज्य को अतिशीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने बस्तर के युवाओं के लिए विशेष भर्ती रैली तथा एक अतिरिक्त बस्तर बटालियन के गठन का भी आग्रह किया है।

पत्र में बघेल ने लिखा है कि वर्ष 2018 में गृह मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के लिए सात अतिरिक्त सीआरपीएफ बटालियन निर्धारित की गई थी, जिसे दक्षिण बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया जाना था। चयनित स्थलों पर निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है, इसलिए पूर्व में आवंटित सात सीआरपीएफ बटालियनों को राज्य को अतिशीघ्र उपलब्ध कराया जाए।

बघेल ने कहा है कि नक्सल प्रभावित जिलों में दूर संचार सुविधा में वृद्धि के लिए 1028 मोबाइल टावरों की स्थापना की स्वीकृति दी गई थी, इसके लिए स्थलों का चयन कर गृह मंत्रालय को भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि टॉवरों की स्थापना का काम जल्द किया जाए, ताकि उनका लाभ आम लोगों के साथ ही सुरक्षा बलों को भी हो सके। मुख्यमंत्री ने पत्र में बस्तर के युवाओं के लिए सेना द्वारा विशेष भर्ती रैली के आयोजन का आग्रह भी किया है। उन्होंने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की एक अतिरिक्त बस्तरिया बटालियन के गठन की भी बात कही है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होने के साथ ही नक्सल मोर्चे पर भी बेहतर परिणाम मिल सके।

# बंगाल विस के मानसून सत्र में प्रश्नकाल नहीं होगा: विधानसभाध्यक्ष

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि सदन के आगामी दो दिवसीय मानसून सत्र के दौरान समय की कमी और कोविड-19 की स्थिति के कारण प्रश्नकाल नहीं होगा। भाजपा ने इसे लेकर तृणमूल कांग्रेस पर दोहरा मानदंड अपनाने का आरोप लगाया। तृणमूल ने संसद के आगामी सत्र के दौरान प्रश्नकाल नहीं रखने के फैसले को लोकतंत्र की हत्या कहा था।

राज्य की अन्य प्रमुख विपक्षी पार्टियां-कांग्रेस और माकपा ने हालांकि कहा कि इस बारे में आधिकारिक रूप से जानकारी मिलने के बाद ही वे कोई टिप्पणी करेंगे। बनर्जी ने कहा, हमने तय किया है कि नौ सितंबर से शुरू होने वाले दो दिवसीय मानसून सत्र के दौरान समय की कमी और कोविड-19 स्थिति के कारण प्रश्नकाल नहीं होगा।

उन्होंने कहा, प्रश्नकाल का मतलब होगा सत्र को लम्बा खींचना और उसके लिए विधायकों को लंबी अवधि तक ठहरना होगा। हम इस महामारी के दौरान यह नहीं चाहते। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में विपक्ष के नेता अब्दुल मन्नान ने कहा कि वह इस संबंध में आधिकारिक सूचना मिलने के बाद ही टिप्पणी करेंगे।

भाजपा विधायक दल के नेता मनोज तिग्गा ने कहा कि यह निर्णय तृणमूल के दोहरे मानदंड को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस संसद के आगामी सत्र के दौरान प्रश्नकाल की मांग कर रही है लेकिन उसने पश्चिम बंगाल विधानसभा की कार्यवाही में प्रश्नकाल को शामिल नहीं करने का फैसला किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पार्टी के दोहरे मानदंड के अलावा और कुछ नहीं है।

# बेंगलुरु दंगा पूर्व नियोजित, सांप्रदायिक रूप से प्रेरित था : तथ्यान्वेषी कमेटी की रिपोर्ट

**बेंगलुरु।** सिटिजन्स फॉर डेमोक्रेसी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा को सौंपी गई अपनी तथ्यान्वेषी रिपोर्ट में कहा है कि बेंगलुरु में हालिया हिंसा पूर्व नियोजित और संगठित तौर पर अंजाम दी गई तथा निस्संदेह यह सांप्रदायिक रूप से प्रेरित थी। सिटिजन्स फॉर डेमोक्रेसी ने कहा कि 11 अगस्त की रात दंगों के दौरान खासकर इलाके में कुछ प्रमुख हिंदुओं को निशाना बनाया गया तथा समूची घटना राज्य के खिलाफ दंगा की तरह था, जिसका मकसद राज्य के प्रति आम लोगों के भरोसे को घटाना था।

सिटिजन्स फॉर डेमोक्रेसी जिम्मेदार नागरिकों का एक मंच है जिसका दावा है कि वह देश के नागरिकों के लोकतांत्रिक मूल्यों और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। वर्ष 2011 में शुरुआत के बाद इसने राष्ट्रीय और सामाजिक महत्व के विषयों पर विभिन्न सेमिनार, अभियान चलाए हैं। संगठन ने एक बयान में कहा कि हालिया हिंसा पर गौर करने के लिए समाज के अग्रणी प्रतिनिधियों की एक तथ्यान्वेषी समिति बनाई गई। इसका उद्देश्य बिना किसी भेदभाव या राजनीतिक हित के तटस्थ होकर घटना की पड़ताल करना था। सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश श्रीकांत डी बाबालाडी की अध्यक्षता वाली तथ्यान्वेषी समिति में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मदन गोपाल, सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी आर राजू समेत सेवानिवृत्त नौकरशाह, पत्रकार, वकील, प्रोफेसर और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

मदन गोपाल के नेतृत्व में कमेटी के सदस्यों ने शुक्रवार को एदियुरप्पा को रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसके अनुमान के मुताबिक हिंसा के दौरान 36 सरकारी वाहनों, करीब 300 निजी वाहनों और कई मकानों में तोड़फोड़ की गई। कमेटी ने कहा कि 10 से 15 करोड़ रुपए नुकसान का अनुमान है।

कमेटी ने कहा कि प्राथमिकी और पीड़ितों के बयानों के आधार पर पाया गया कि स्थानीय लोग भी हिंसा में शामिल थे। स्थानीय लोग ना केवल घटना में शामिल थे बल्कि पहले से उन्हें इस बारे में पता भी था। कमेटी ने कहा, इसे राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के तौर पर पेश करने का प्रयास किया गया लेकिन यह निस्संदेह सांप्रदायिक रूप से प्रेरित हिंसा थी। रिपोर्ट में कहा गया, जिन लोगों और घरों को निशाना बनाया गया, उस आधार पर कमेटी की राय है कि दंगा का मकसद दहशत कायम करना था ताकि जनसांख्यिकी में बदलाव हो और इसे मुस्लिम बहुल क्षेत्र बना दिया जाए। कमेटी ने कहा कि यह भी देखा जा सकता है कि इस घटना की साजिश रचने और उसे अंजाम देने में कथित तौर पर एसडीपीआई और पीएफआई की संलिप्तता थी।



जबलपुर में मडई गांव में एक घर से मिले मगरमच्छ के साथ वन अधिकारी।

## राउत ने कंगना के बारे में कहा

# मुंबई पुलिस को बदनाम करने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई




**भाषा। मुंबई**

**मुंबई** की तुलना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से करने के लिए अभिनेत्री कंगना रनौत पर निशाना साधते हुए शिवसेना नेता संजय राउत ने शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार से आग्रह किया कि नगर पुलिस को बदनाम करने वाले लोगों के खिलाफ कार्वाई की जाए। राउत ने कंगना को पीओके की स्थिति देखने के लिए सबसे पहले वहां का दौरा करने के लिए कहा।

कंगना ने हाल ही में एक ट्वीट में सवाल किया था कि मुंबई, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की तरह क्यों लग रहा है? उन्होंने एक सितंबर की एक समाचार रिपोर्ट को भी टैग किया था जिसमें संजय राउत ने कथित तौर पर कहा था कि अगर वह नगर की पुलिस से डरती हैं तो उन्हें वापस मुंबई नहीं आना चाहिए। राउत ने शुक्रवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि मुंबई पुलिस ने अपने जीवन का बलिदान कर शहर को सभी बाधाओं से बचाया है। राउत ने कहा, 106 शहीदों के बलिदान के कारण मुंबई महाराष्ट्र का हिस्सा है। अगर वे लोग, जिनका शहर से कोई लेना-देना नहीं है, इसे और इसकी पुलिस को बदनाम करते हैं, तो राज्य सरकार और पुलिस बल के प्रभारी गृह मंत्री को कार्वाई करनी चाहिए। अन्यथा पुलिस का मनोबल टूटेगा। उन्होंने दावा किया कि मुंबई पुलिस की छवि खराब करने के पीछे एक साजिश है। राउत ने कहा, मैं नाम नहीं लूंगा। लेकिन मैं खोखली धमकियां नहीं देता। मुझे कार्वाई में विश्वास है क्योंकि मैं शिव सैनिक हूं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग और गृह विभाग को ऐसे मानसिक मामलों से निपटना चाहिए जो बढ़ रहे हैं।

कानून के अनुसार कार्वाई करें। उन्होंने कहा कि यह झांसी की असली रानी का अपमान है जो महाराष्ट्र की बहादुर बेटी थीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद को निचले स्तर पर ले जाया गया है। इस बीच रनौत ने एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने नौ सितंबर को मुंबई की यात्रा करने का फैसला किया है। वह अभी मनाली में हैं। उधर, भाजपा नेता आशीष शेलार ने रनौत की टिप्पणी से अपनी पार्टी को अलग कर लिया। उन्होंने कहा कि कंगना को मुंबई, मुंबईकरों और महाराष्ट्र को पढ़ाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। संजय राउत को कंगना रनौत के जरिए हम पर हमला नहीं करना चाहिए। भाजपा का कंगना से कोई लेना-देना नहीं है। हमें उनके बयानों से मत जोड़िए।

## मुंबई शहर और पुलिस को लेकर कंगना की टिप्पणियां हास्यास्पद

**भाषा। मुंबई**

**महाराष्ट्र** के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने मुंबई को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से जोड़ने और पुलिस की आलोचना से संबंधित अभिनेत्री कंगना रनौत की टिप्पणियों पर शुक्रवार को कहा कि जिन्हें महाराष्ट्र या मुंबई में असुरक्षित महसूस होता है, उन्हें यह राज्य छोड़ देना चाहिए।

कंगना ने कहा था कि उन्हें उन लोगों से अधिक मुंबई पुलिस से डर लगता है, जिन्हें वे मूवी माफिया कहती हैं। देशमुख ने कंगना का नाम लिए बगैर उनकी टिप्पणियों को हास्यास्पद बताया। उन्होंने मुंबई पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि उसकी तुलना अकसर ब्रिटेन की स्कॉटलैंड यार्ड से की जाती है।



देशमुख ने नागपुर में पत्रकारों से कहा कि ऐसे हालात में एक अभिनेत्री द्वारा इस तरह के बयान दिया जाना हास्यास्पद है। चाहे मुंबई हो या पूरा महाराष्ट्र, सब पुलिस के हाथों में सुरक्षित है। राकांपा नेता देशमुख ने कहा कि महाराष्ट्र पुलिस राज्य में उचित कानून- व्यवस्था सुनिश्चित करने में सक्षम है और जिन्हें मुंबई या महाराष्ट्र में असुरक्षित महसूस होता है, उन्हें यहां रहने का कोई अधिकार नहीं है। कंगना (33) द्वारा मुंबई और यहां की पुलिस को लेकर दिए गए विवादित बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली है।

दरअसल शिवसेना नेता संजय राउत ने कथित तौर पर कंगना को कहा था कि अगर उन्हें मुंबई पुलिस से डर लगता है तो उन्हें यहां नहीं आना चाहिए। कंगना ने राउत के इस बयान से जुड़ी एक खबर को टैग करते हुए ट्वीट किया था, मुंबई पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर क्यों लगने लगी है। कंगना ने कहा था कि उन्हें बॉलीवुड में ड्रग माफिया का पर्दाफाश करने के लिए हरियाणा या हिमाचल प्रदेश पुलिस की सुरक्षा चाहिए और वह मुंबई पुलिस की सुरक्षा स्वीकार नहीं करेंगी।

## शिवसेना की महिला कार्यकर्ताओं ने रनौत की टिप्पणी को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन

**भाषा। ठाणे**

**शिवसेना** की ठाणे जिले की महिला इकाई ने मुंबई को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की तरह बताने से संबंधित अभिनेत्री कंगना रनौत की कथित टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। शिवसेना के स्थानीय मुख्यालय आनंद मठ में जमा हुए प्रदर्शनकारियों ने अभिनेत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें शहर छोड़ने को कहा।

दरअसल कंगना ने मुंबई शहर और पुलिस को लेकर हाल ही में कथित टिप्पणियां की थीं, जिनको लेकर विवाद खड़ा हो गया है। कंगना ने कहा था कि उन्हें उन लोगों से अधिक मुंबई पुलिस से डर लगता है, जिन्हें वे मूवी माफिया कहती हैं। इस पर शिवसेना नेता संजय राउत ने कथित तौर पर कंगना को कहा था कि अगर उन्हें मुंबई पुलिस से डर लगता है तो उन्हें यहां नहीं आना चाहिए।

कंगना ने राउत के इस बयान से जुड़ी एक खबर को टैग करते हुए ट्वीट किया था, मुंबई पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर क्यों लगने लगी है? कंगना ने कहा था कि उन्हें बॉलीवुड में ड्रग माफिया का पर्दाफाश करने के लिए हरियाणा या हिमाचल प्रदेश पुलिस की सुरक्षा चाहिए और वह मुंबई पुलिस की सुरक्षा स्वीकार नहीं करेंगी। उनकी इन टिप्पणियों की महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा ने आचोलना की है।



अमृतसर में शुक्रवार को हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) के हेरिटेज स्ट्रीट के पास बारिश के दौरान छतरी लेकर जातीं लड़कियां

## गुजरातः निकाय चुनाव से पहले राज्य चुनाव आयोग ने जारी किया प्राथमिक परिसीमन आदेश

**अहमदाबाद।** गुजरात में स्थानीय निकाय चुनाव से पहले राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) ने पांच नगर निगमों, छह नगर पालिकाओं, 16 जिला पंचायतों और 29 तालुका पंचायतों के परिसीमन के लिए प्राथमिक आदेश जारी किया है और लोगों से सुझाव मांगे हैं। अभी तक चुनाव की तारीख की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन नवंबर के अंत तक चुनाव होने की उम्मीद की जा रही है। एसईसी ने शुक्रवार को जारी एक वक्तव्य में कहा कि वर्तमान परिसीमन में वे स्थानीय निकाय हैं जिनके भौगोलिक क्षेत्र और वार्डों की संख्या, 2015 में हुए पिछले परिसीमन के बाद बदल गई थी। एसईसी ने कहा कि उसने परिसीमन प्रक्रिया के लिए बृहस्पतिवार को प्राथमिक आदेश जारी किया। वक्तव्य में कहा गया कि राज्य भर में 29 तालुका पंचायतों का भी परिसीमन किया जाएगा। परिसीमन के लिए एसईसी द्वारा अंतिम आदेश जारी करने से पहले लोगों से उनके सुझाव मांगे गए हैं।

# मुफ्त हो कोरोना मरीजों के शवों का दाह संस्कार

## ● वरिष्ठ समाजसेवी अजय कुमार ने पीएम मोदी से किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**वरिष्ठ** समाजसेवी व जन स्वास्थ्य एवं समग्र मानव विकास फाउंडेशन के चेयरमैन अजय कुमार ने कोरोना मरीजों के शवों के दाह संस्कार के लिए देश में अधिक से अधिक विद्युत शवदाहगृह के निर्माण का अनुरोध किया है। साथ ही कोरोना मरीजों के शवों को जलाने की व्यवस्था मुफ्त करने की भी मांग की है।

अजय कुमार ने पीएम नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि कोरोना की रोकथाम को लेकर आपकी अगुवाई में किया जा रहा कार्य सराहनीय है। इस दिशा में केंद्र सरकार की पहल काबिले तारीफ है। अजय कुमार ने पत्र में आगे



समाजसेवी अजय कुमार

लिखा है कि कई जगहों पर यह देखने को मिल रहा है कि कोरोना मरीजों के शवों का दाह संस्कार करने में परिजनों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में जरूरी है कि राज्य सरकारों को विद्युत शवदाहगृह की संख्या में बढ़ोतरी के लिए निर्देशित किया जाए, जिससे कोरोना मरीजों के शवों के दाह संस्कार में परिजनों को दिक्कत न हो। अजय कुमार ने कहा है कि कोरोना काल में देश के हर जिले में कम से कम एक विद्युत शवदाहगृह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही इन शवदाहगृहों में कोरोना मरीजों के शवों का अंतिम संस्कार निःशुल्क किया जाए, जिससे गरीब परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम हो सके। अजय कुमार का कहना है कि अधिक मात्रा में विद्युत शवदाहगृह बनने से लोगों को दाह संस्कार के लिए लकड़ी की जरूरत भी कम पड़ेगी, जिससे पेड़ों की कटाई कम होगी और इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। अजय कुमार ने पीएम मोदी से अनुरोध किया है कि इसके लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकारों को निर्देशित करे, जिससे कि इस दिशा में वह अतिशीघ्र कार्यवाही कर सकें। गौरतलब है कि अजय कुमार ने बिहार में कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए केंद्र सरकार से दिल्ली की तर्ज पर 1000 बेड का अस्थायी कोरोना हॉस्पिटल बनाने की मांग की थी जिस पर कार्यवाही करते हुए केंद्र सरकार की ओर से बिहटा व मुज्जफरपुर में 500-500 बेड के अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है।



जोधपुर में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद जल से भरी सड़क से गुजरते लोग

## सीबीएसई की 10वीं, 12वीं कक्षाओं के लिए पूरक परीक्षाएं 22 सितंबर से 29 सितंबर तक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को घोषणा की कि कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए पूरक परीक्षाएं 22 से 29 सितम्बर तक होंगी। बोर्ड ने कहा कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर परीक्षार्थी सैनिटाइजर साथ लेकर जाएंगे और मास्क पहनेंगे। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने आधिकारिक अधिसूचना में परीक्षा कार्यक्रम का विवरण दिया। इसमें कहा गया है, दोनों कक्षाओं के लिए पूरक परीक्षा 22 सितम्बर से शुरू होगी और 29 सितम्बर तक चलेगी। सभी परीक्षार्थियों को पारदर्शी बोतलों में सैनिटाइजर साथ में लाना होगा और मास्क या कपड़े से अपने मुंह और नाक को ढंकना आवश्यक होगा। इससे पहले दिन में सीबीएसई ने 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षाएं स्थगित करने के लिए दायर याचिका का उच्चतम न्यायालय में विरोध किया। बोर्ड ने कहा कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर छात्रों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। याचिका में 12वीं कक्षा की पूरक परीक्षाएं कराने के सीबीएसई के फैसले को चुनौती देते हुए कहा गया था कि यह परीक्षार्थियों की सेहत के लिए नुकसानदेह होगा। शीर्ष अदालत मामले की अगली सुनवाई 10 सितम्बर को करेगी।

## हेमकुंड यात्रा शुरू, रावत ने श्रद्धालुओं ने कोविड दिशानिर्देशों का पालन करने का किया अनुरोध

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले के उच्च हिमालय क्षेत्र में करीब 15,000 फुट की उंचाई पर स्थित प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब गुरूद्वारे के कपाट शुक्रवार सुबह श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। दिल्ली और पंजाब से आए 125 से अधिक तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे के साथ सुबह नौ बजे श्री हेमकुण्ड साहिब के कपाट खोले जाने की परंपरागत रस्म अदा की गई। सीमा सड़क संगठन और सेना की एक टुकड़ी भी पहले दिन की पूजा में शरीक हुई। हेमकुंड गुरूद्वारे के साथ ही वहां स्थित लक्ष्मण मंदिर के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे और लक्ष्मण मंदिर के कपाट खोले जाने पर सभी श्रद्धालुओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के चलते इस वर्ष यहां सीमित संख्या में यात्रियों को जाने की अनुमति दी जा रही है। इस संबंध में उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कोविड-19 संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करने का अनुरोध भी किया। कोविड-19 महामारी के चलते इस वर्ष हेमकुंड साहिब गुरूद्वारे के कपाट तीन माह की देरी से खुले हैं।

# पेज एक का शेष

## तनाव मिटाने...

हम हमेशा बात करना चाहेंगे। हमारे संवाद की सभी लाइनें खुली रहेंगी। इससे पूर्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस की राजधानी में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक मंत्री स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए शुक्रवार को कहा कि एससीओ क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए विश्वास का माहौल, गैर-आक्रामकता, अंतरराष्ट्रीय नियमों के प्रति सम्मान तथा मतभेदों का शांतिपूर्ण समाधान जरूरी है। उनके इस बयान को पूर्वी लद्दाख में भारत के साथ सीमा विवाद में संलिप्त चीन को परोक्ष संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। सिंह ने द्वितीय विश्व युद्ध का भी उल्लेख किया और कहा कि उसकी स्मृतियां दुनिया को सबक देती हैं कि एक देश की दूसरे देश पर आक्रमण की अज्ञानता सभी के लिए विनाश लाती हैं। भारत और चीन दोनों ही देश आठ सदर्स्रय क्षेत्रीय समूह का हिस्सा हैं जो मुख्य रूप से सुरक्षा और रक्षा से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देता है। सिंह ने कहा, एससीओ के सदस्य देशों, जहां दुनिया की 40 प्रतिशत से अधिक आबादी रहती है, के शांतिपूर्ण, स्थिर और सुरक्षित क्षेत्र के लिए विश्वास और सहयोग, गैर-आक्रामकता, अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों के लिए सम्मान, एक दूसरे के हितों के प्रति संवेदनशीलता तथा मतभेदों के शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत है। उन्होंने ये बयान चीन के रक्षा मंत्री जनरल वेइ फेंगहे की मौजूदगी में दिए। पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में कई जगहों पर भारत और चीन के सैनिकों के बीच चार महीने से गतिरोध की स्थिति है। पांच दिन पहले चीन ने पैंगोंग झील के दक्षिणी तटीय क्षेत्र में भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करने की असफल कोशिश की थी जिसके बाद तनाव और बढ़ गया। सिंह ने कहा, इस साल द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति और संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ है। संयुक्त राष्ट्र एक शांतिपूर्ण दुनिया को आधार प्रदान करता है जहां अंतरराष्ट्रीय कानूनों तथा देशों की संप्रभुता का सम्मान किया जाता है एवं देश दूसरे देशों पर एकपक्षीय तरीके से आक्रमण करने से बचते हैं। रक्षा मंत्री ने आतंकवाद और उग्रवाद के खतरों की भी बात की और इन चुनौतियों से निपटने के लिए संस्थागत क्षमता विकसित करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि भारत हर तरह के आतंकवाद की और इसकी हिमायत करने वालों की स्पष्ट तरीके से निंदा करता है। उन्होंने कहा कि भारत एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद निरोधक ढांचे (आरएटीएस) के काम को अहमियत देता है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक सुरक्षा ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है जो खुला, पारदर्शी, समावेशी, नियम आधारित तथा अंतरराष्ट्रीय कानूनों के दायरे में काम करने वाला होगा। सिंह ने फारस की खाड़ी क्षेत्र के हालात पर भी गहन चिंता जताई। उन्होंने कहा, भारत के खाड़ी के सभी देशों के साथ सभ्यता तथा संस्कृति के महत्वपूर्ण हित और संपर्क हैं। हम क्षेत्र के देशों, जो भारत के मित्र हैं, का आह्वान करते हैं कि आपसी सम्मान, संप्रभुता और एक दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने के आधार पर संवाद के माध्यम से मतभेद सुलझाएं। अफगानिस्तान के हालात का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा कि देश में सुरक्षा स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। उन्होंने कहा, भारत अफगान-नीत, अफगानिस्तान के स्वामित्व वाली तथा अफगान नियंत्रित समावेशी शांति प्रक्रिया के लिए अफगानिस्तान की जनता और सरकार के प्रयासों का समर्थन करता रहेगा। फरवरी में अमेरिका के तालिबान के साथ शांति समझौता करने के बाद से भारत, अफगानिस्तान के राजनीतिक हालात पर लगातार नजर रख रहा है। इस समझौते के तहत अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी होनी है। सिंह ने एससीओ के अफगानिस्तान संपर्क समूह की प्रशंसा करते हुए कहा कि सदस्य देशों के बीच जानकारी का आदान-प्रदान करने के लिए यह उपयोगी है। एससीओ के आठ सदस्य देशों में -भारत, कजाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान तथा उज्बेकिस्तान हैं। अफगानिस्तान में शांति और सुलह की प्रक्रिया में भारत एक अहम पक्षकार है। सिंह ने वार्षिक आतंकवाद निरोधक अभ्यास पीस मिशन आयोजित करने के लिए रूस का शुक्रिया भी अदा किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने रक्षा बलों के बीच विश्वास पैदा करने तथा अनुभव साझा करने में योगदान दिया है। कोरोना वायरस महामारी के संदर्भ में उन्होंने कहा कि इसने दुनिया को अहसास कराया कि मानव जाति को प्रकृति के प्रकोप को कम करने के लिए मतभेदों को भुलाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम स्पुतनिक वी टीके की पहल के लिए रूसी वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य कर्मियों की प्रशंसा करते हैं।

## नौ घंटे...

शोविक चक्रवर्ती के ठिकानों पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। दोनों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 67 के तहत नोटिस जारी किया गया है। गुरुवार को जैद विलात्रा को कोर्ट में पेश किया गया था। एनसीबी ने कोर्ट से 10 दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन 9 दिन की रिमांड मिली। जैद को एक सितंबर को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों को मुताबिक, बासित और जैद का कनेक्शन रिया के सहयोगी सैमुअल मिरांडा से भी रहा है। बताया जा रहा है कि इन लोगों ने पूछताछ में रिया और उनके भाई शौविक का नाम लिया है। रिया और उनके भाई शौविक की ड्रग्स के व्यापार से जुड़े कुछ चैट और उनके पिता के लिए बेटे द्वारा ड्रग्स खरीदने की बात भी सामने आई है।

## एलएसी पर...

समाधान ढूंढने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हम तनाव को खत्म करने तथा यथास्थिति को एकतरफा कार्रवाई के जरिये न बदला जाए यह सुनिश्चित करने के लिए सभी मौजूदा व्यवस्था का उपयोग जारी रखेंगे। इस बीच, चुशूल में शुक्रवार को लगातार पांचवे दिन दक्षिणी किनारे पर हालात को सामान्य करने के लिए ब्रिगेडियर स्तर की बातचीत जारी रही। लेकिन इस हफ्ते में पहले हुई बातचीत की तरह यह वार्ता भी बेनतीजा रही। दोनों अधिकारी शनिवार को फिर मिलेंगे। सेना प्रमुख ने कहा, अपने जवानों और स्थानीय कमांडरों को उच्च मनोबल के साथ तथा अच्छी सेहत में देखना बहुत संतोषप्रद है। यह मुझे भरोसा दिलाता है कि वे हमारे राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता की सुरक्षा के लिए भलीभांति तैयार हैं। भारतीय सेना अपनी प्रतिबद्धता और संकल्प के लिए जानी जाती है। एलएसी के करीब चीन द्वारा फौज का जमावड़ा करने के साथ टैंक और भारी हथियारों की तैनाती के परिप्रेक्ष्य में सेना प्रमुख ने मौके पर हालात का जायजा लिया। 29 और 30 अगस्त को पैंगोंग त्सो के दक्षिणी तट पर भारतीय सेना द्वारा घुसपैठ की उसकी कोशिश को नाकाम कर चोटियों पर कब्जा करने के बाद चीन ने वहां अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास शुरू कर दिया है। इसके बाद 31 अगस्त को चीन की इसी तरह की एक और कोशिश नाकाम कर दी गई थी। घुसपैठ की यह कोशिश उस समय हुई थी जब दोनों सेनाओं की बीच ताजा संकट को दूर करने के लिए बातचीत चल रही थी। चुशूल सेक्टर में अपनी टुकड़ियों और टैंक को आगे बढ़ाने के साथ चीन लंबी दूरी तक मार करने वाले अपने हथियारों को भी आगे ले आया है। अब उन्होंने एलएसी से करीब 15 किमी दूर पोजिशन ले रखी है और हथियारों की मार 20 किमी से ज्यादा है। सूत्रों के मुताबिक एहतियाती कदम उठाते हुए भारतीय सेना ने भी अतिरिक्त टुकड़ियों, टैंक और बंदूकों के साथ इलाके में अपनी ताकत बढ़ानी शुरू कर दी है। इसके अलावा भारतीय सेना अब पैंगोंग के दक्षिण में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चोटियों पर कब्जा जमा रखा है और वह मोल्डो में एलएसी के दूसरी तरफ चीन टैंकों और फौजों की किसी भी मूवमेंट को आसानी से देख सकती है। इत्तफाक से गुरुवार को वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने पूर्वी भारत में महत्वपूर्ण एयरबेसों का दौरा किया था। पश्चिम में लद्दाख से पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक फैली 4000 किमी लंबी एलएसी पर सशस्त्रों बलों के हाईअलर्ट के बीच उन्होंने तैयारियों की समीक्षा की। आईएएफ ने एलएसी के पास स्थित एयरबेसों पर अपने अग्रणी मोर्चों के लड़ाकू जेट को तैनात कर रखा है और लगातार निगरानी कर कर रही है।

## बिहार विधानसभा...

दो-दो और असम, मध्य प्रदेश व केरल में एक-एक विधानसभा सीट पर उपचुनाव टाल दिया था। इनमें से ज्यादातर सीटें सदस्यों की मृत्यु के कारण खाली हुई हैं।

## अगले साल...

तापमान पर उन्हें रखना है। यह मानक मॉडर्ना और फाइजर कंपनी द्वारा तैयार वैक्सीन के मानकों से मिलते जुलते हैं। साथ ही, अमेरिका में एस्ट्राजेनेका द्वारा तैयार की जा रही कोरोना वैक्सीन का ट्रायल तीसरे चरण में पहुंच गया है। कंपनी के मुताबिक, अमेरिका में कुल 80 जगहों पर 30 हजार स्वयंसेवकों पर इसका परीक्षण चल रहा है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ये ऐलान किया था कि एस्ट्राजेनेका वैक्सीन परीक्षण के तीसरे चरण में पहुंच गई है और वह उन वैक्सीन्स की सूची में शामिल हो गई है, जिसका इस्तेमाल बहुत जल्द कोरोना से लड़ने में किया जाएगा। इसी महीने इसके बाजार में आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## ब्राजील को...

किए जा रहे हैं। यह संख्या अमेरिका और ब्राजील की तुलना में लगभग 35,000 से 40,000 अधिक है। भारत अब ब्राजील से लगभग एक लाख केस पीछे ही है और जिस तेजी से केस बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए इस रविवार तक भारत कोरोना मरीजों के मामल में ब्राजील से आगे होगा। देश के हर हिस्से में कोविड-19 का संक्रमण बढ़ रहा है। महामारी फैलने के शुरुआती दिनों में सबसे सुरक्षित माने जाने वाले दक्षिण भारत की स्थिति अब बेहद गंभीर दिख रही है। यहां तक कि केरल जैसे छोटे से राज्य में हर रोज 2000 केस दर्ज किए जा रहे हैं। यह वही राज्य है जहां एक बार वायरस के फैलाव पर काबू पा लिया गया था। महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश दो ऐसे राज्य हैं जहां प्रति दिन 10,000 से अधिक कोरोना केस आ रहे हैं। दिल्ली में ऊंचाई पर पहुंचने के बाद कम होते-होते केस 500 रह गए थे। अस्पताल भी लगभग खाली हो गए थे, लेकिन दूसरी लहर में फिर सरकारी और निजी अस्पतालों में भीड़ बढ़ने लगी है। पिछले कुछ दिनों तक उत्तर प्रदेश में बेहद धीरे-धीरे बढ़ रहे संक्रमण ने अचानक रफ्तार पकड़ी है और अब यहां भी हर दिन 5000 से अधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं। भारत भले दावा करे कि उसके यहां मृत्यु दर दो प्रतिशत पर अटकी है लेकिन एक तथ्य यह है कि हर दिन 1,000 से अधिक लोग वायरस से पीड़ित होकर मारे जा रहे हैं। यदि यही सिलसिला जारी रहता है तो सितंबर के अंत तक इस महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या एक लाख पहुंच जाएगी। मेट्रो ट्रेनों और बार एवं रेस्तरां खुलने से संक्रमण का खतरा और बढ़ सकता है तथा देष के दूरदराज के कोने-कोने तक फैल गए कोरोना को रोक पाना बड़ी चुनौती होगी।

## आईजीआई पर...

उसे घरेलू उड़ान की अनुमति दे दी जाएगी अन्यथा उसे आईसीएमआर के नियमों के अनुसार एयरपोर्ट से ही भर्ती किया जाएगा। सैंपल देने के बाद यात्री को आइसोलेशन में तब तक रखा जाएगा जब तक कि उसकी जांच रिपोर्ट निगेटिव नहीं आ जाती। सेंटर निदेशक डॉ. रजत अरोड़ा का कहना है कि देश में ऐसा पहली बार है जब हवाई अड्डे पर इस तरह की जांच सुविधा को शुरू किया जा रहा है।

## नीट परीक्षा...

सदस्यों द्वारा न्यायाधीश चैंबर में ही सर्कुलेशन के जरिए विचार होता है जिसमे निर्णय होता है कि क्या यह विचार योग्य है या नहीं ? पुनर्विचार याचिकाओं में एक याचिका छह राज्यों के मंत्रियों की भी थी। यह याचिका दायर करने वालों में पश्चिम बंगाल के मलय घटक, झारखंड के रामेश्वर ओरांव, राजस्थान के रघु शर्मा, छत्तीसगढ़ के अमरजीत भगत, पंजाब के बी एस सिद्धू और महाराष्ट्र के उदय रवीन्द्र सावंत शामिल हैं। गैर भाजपा शासित छह राज्यों के मंत्रियों की याचिका में कहा गया था कि न्यायालय छात्रों के जीने के अधिकार को सुरक्षित करने में विफल हो गया है और उसने कोविड-19 महामारी के दौरान आने जाने में हो रही दिक्कतों को नजरअंदाज किया है। न्यायालय ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर जेईई (मुख्य) अप्रैल, 2020 और नीट-यूजी की सितंबर में होने वाली परीक्षाओं के कार्यक्रम में हस्तक्षेप करने से इंकार करते हुए 17 अगस्त को कहा था कि छात्रों का कीमती वर्ष बर्बाद नहीं किया जा सकता और जीवन चलते रहना है।

## अंतरराष्ट्रीय फुटबाल की वापसी पर जर्मनी और स्पेन का मैच 1–1 से ड्रा

स्टुटगार्ट। स्पेन के डिफेंडर गाया ने इंजुरी टाइम में गोल करके यूरोपीय फुटबाल महासंघ (यूएफा) नेशन्स लीग के पहले मैच मे जर्मनी को l-l से ड्रा पर रोका। यह पिछले दस महीनो में खेला गया पहला अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच भी था। कोविड-19 महामारी के कारण पिछले कुछ महीनो मे क्लब स्तरीय फुटबॉल ही खेली जा रही थी। वेलेंसिया के डिफेंडर गाया ने इंजुरी टाइम के छठे मिनट मे गोल किया। इससे पहले जर्मनी को टिमो वर्नर ने बढ़त दिलाई थी।

## त्वेशा स्विट्जरलैंड में तीन अंडर के साथ पांचवें ओर दीक्षा 28वें स्थान पर

फ्लमसरबर्ग (स्विट्जरलैंड)। भारतीय गोल्फर त्वेशा मलिक ने फ्लमसरबर्ग लेडीज ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर मे शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अंडर 69 का कार्ड खेला। यह प्रतियोगिता लेडीज यूरोपियन टूर एक्सेस सीरीज का हिस्सा है।

## शुभंकर संयुक्त 117वें स्थान पर

सोटोग्रांडे (स्पेन)। शुभंकर शर्मा ने खराब मौसम से प्रभावित एन.ए. एंडालूसिया मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के शुरुआती दौर मे 10 ओवर 81 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से 117वे स्थान पर है। मुश्किल परिस्थितियों मे सिर्फ पांच खिलाड़ी पार या अंडर का स्कोर कर पाए। शुभंकर ने पांच बोगी, एक डबल बोगी और एक ट्रिपल बोगी की जो इस साल के उनके सबसे निराशाजनक प्रदर्शन मे से एक है।

## खेलों को आयोजित करने के लिए टीका जरूरी नहीं: तोक्यो ओलंपिक सीईओ

तोक्यो। तोक्यो खेलो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) तोशीरो मुतो ने शुक्रवार को कहा कि विलंब से अगले साल होने वाले ओलंपिक एवं पैरालंपिक खेलो के लिए टीके (वैक्सीन) की शर्त जरूरत नही है। मुतो सरकारी अधिकारियों, रोग विशेषज्ञों और जापानी ओलंपिक अधिकारियों के साथ एक कार्य बल की बैठक के बाद बोल रहे थे। यह कोविड-19 महामारी से निपटने वाली कई उच्च-स्तरीय बैठको मे से पहली है, जिसमे यह पता लगाने की कोशिश कि जा रही थी कि खेलो की मेजबानी संभव है या नही।

## तेंदुलकर का बल्ला बनाने वाले अशरफ कोविड–19 जांच में पॉजिटिव मिले

मुंबई। सचिन तेदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गजो के बल्ले की मरम्मत करने वाले अशरफ चौधरी कोविड-19 जांच मे पॉजिटिव पाए गए है जिन्हे यहां उपनगरीय अंधेरी के सेवन हिल्स अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। क्रिकेट जगत मे अशरफ चाचा के नाम से पहचाने जाने वाले अशरफ को इससे पहले चेंबूर के एक उपनगरीय अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। वह कई बीमारियो से पीड़ित थे। उनकी उम्र 60 साल से अधिक है।

# सेरेना की आसान जीत, मरे और दिमित्रोव हारे

### ●यूएस ओपन टेनिस

भाषा। न्यूयार्क



अपने 24वें ग्रैंडस्लैम खिताब की कवायद में लगी सेरेना विलियम्स ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन अनुभवी एंडी में और ग्रिगोर दिमित्रोव पुरुष एकल से बाहर हो गए। अपने 23 ग्रैंडस्लैम में से छह टूर्नामेंट फ्लाशिंग मीडोज में जीतने वाली सेरेना ने गुरुवार की रात को आर्थर ऐस स्टेडियम विश्व में 117वें नंबर की रूसी खिलाड़ी मारग्रिटा गैस्पारयान को 6–2, 6–4 से हराया। सेरेना का अगला मुकाबला 2017 की यूएस ओपन चैंपियन और यहां 26वीं वरीय सलोनी स्टीफन्स से होगा जिन्होंने ओल्गा गोर्वात्सोवा को 6–2, 6–2 से पराजित किया।

सेरेना का स्टीफन्स के खिलाफ रिकार्ड 5–। है लेकिन इन दोनों के बीच आखिरी मुकाबला 2015 में फ्रेंच ओपन में हुआ था। स्टीफन्स ने आखिरी बार 2013 आस्ट्रेलियाई ओपन में सेरेना को हराया था। पुरुष वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त डोमिनिक थीम ने भारत के सुमित नागल के खिलाफ 6–3, 6–3, 6–2 से जीत दर्ज की जबकि तीसरे वरीय और पिछले साल के उपविजेता दानिल मेदवेदेव ने 116वीं रैंकिंग के आस्ट्रेलियाई क्रिस्टाफेर ओकोनेल को 6–3, 6–2, 6–4 से पराजित किया। जिन अन्य खिलाड़ियों ने तीसरे दौर में जगह बनाई उनमें छठे वरीय मैटियो बेरेटिनी, आठवें वरीय राबर्ट बातिस्ता आगुट, दसवें वरीय आंद्रेई रूबलेव, 11वें वरीय कारेन काचनोव, 2014 के चैंपियन मारिन सिलिच शामिल हैं लेकिन एंडी में, 14वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव और 25वें वरीय मिलोस राओनिच को हार का सामना करना पड़ा। महिला वर्ग में भी उलटफेर देखने को मिले। नौवीं वरीयता प्राप्त योहाना कोंटा को सोरेना क्रिस्टीया ने 2–6, 7–6 (5), 6–4 से जबकि दसवें नंबर की गर्बाइन मुगुरुजा को स्वेताना पिरोनकोवा ने 7–5, 6–3 से हराया। बेटे के जन्म के बाद पिरोनकोवा का पिछले तीन साल में यह पहला टूर्नामेंट है।

बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका ने हमवतन और पांचवीं वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका 6–l, 6–3 से हराया। महिला वर्ग में ही आस्ट्रेलियाई ओपन विजेता और दूसरी वरीयता प्राप्त सोफिया केनिन, सातवीं वरीय मेडिसन कीज, 15वीं वरीय मारिया सकारी, 18वीं वरीय डोना वेकिच और 22वीं वरीय अमांडा अनिसिमोवा भी अगले दौर में पहुंच गई हैं। मरे को 15वीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स आगुर अलीसामी ने सीधे सेटों में 6–2, 6–3, 6–4 से हराया। इस तरह से कनाडा के तीन खिलाड़ी पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के तीसरे दौर में पहुंचे हैं। डेनिस शापोवालोव ओर वासेक पोसपिसिल अन्य दो खिलाड़ी हैं। पोसपिसिल ने हमवतन राओनिच को 6–7 (1), 6–3, 7–6 (4), 6–3 से हराया। दिमित्रोव को हंगरी के मार्टन फुस्कोविक्स ने 6–7 (5), 7–6 (4), 3–6, 6–4, 6–। से शिकस्त दी।

# जब दो रन से विश्व रिकार्ड से चूक गए थे गावस्कर

भाषा। नई दिल्ली



वह चार सितंबर 1979 का दिन था जब केनिंगटन ओवल पर सुनील गावस्कर ने अपनी बेमिसाल बल्लेबाजी से इंग्लैंड की पेशानी पर बल ला दिए थे लेकिन तब वह केवल दो रन से चौथी पारी में सर्वोच्च स्कोर का विश्व रिकार्ड बनाने से चूक गए थे और भारत को भी जीत की दहलीज पर पहुंचकर ड्रा से संतोष करना पड़ा था। पहला टेस्ट गंवाने और अगले दो टेस्ट मैच ड्रा कराने के बाद ओवल में चौथे टेस्ट मैच में भारत के सामने 438 रन का मुश्किल लक्ष्य था। उस समय किसी ने भी विश्वास नहीं किया था कि पांचवें दिन जब मैच ड्रा समाप्त होगा तो भारतीय टीम लक्ष्य से केवल नौ रन दूर होगी। यह संभव हो पाया गावस्कर की 221 रन की पारी से जो उस समय मैच की चौथी पारी में दूसरा सर्वोच्च स्कोर था। यह दिग्गज भारतीय सलामी बल्लेबाज उस समय केवल दो रन से वेस्टइंडीज के जार्ज हैडली के रिकार्ड की बराबरी करने से चूक गया था जिन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ किंग्सटन में 223 रन बनाए थे। यह रिकार्ड आज भी हैडली के नाम पर है। न्यूजीलैंड के नाथन एस्टल ने 2002 में क्राइस्टचर्च में इंग्लैंड के खिलाफ गावस्कर की रन संख्या को पार करने के बाद 222 रन पर आउट हो गए थे। गावस्कर अपनी इस पारी के दौरान आठ घंटे 10 मिनट तक क्रीज पर रहे और उन्होंने 443 गेंदों का सामना करके 21 चौके लगाए। भारत ने जिन तीन अवसरों पर चौथी पारी में 400 या इससे अधिक रन बनाए, उनमें से दो मौकों पर गावस्कर ने शतक लगाया और पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी ने ओवल की पारी के बहाने उनके इस प्रदर्शन को याद किया। बेदी ने ट्विटर पर लिखा, पूरी विनम्रता के साथ भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसने चौथी पारी में तीन अवसरों पर 400 से अधिक रन बनाए जिसमें से एक मैच ड्रा रहा, एक में उसे हार मिली और एक में जीत। यह जरूरी नहीं कि यह क्रम में हो। और ऑरिजनल लिटिल मास्टर (गावस्कर) ने तीनों में अहम भूमिका निभाई थी। गौरतलब है कि भारत ने 1976 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में जब 403 रन के रिकार्ड लक्ष्य को हासिल किया था तब गावस्कर ने 102 रन की पारी खेली थी लेकिन 1978 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में 493 रन के लक्ष्य के सामने भारत के 445 रन में यह सलामी बल्लेबाज 29 रन का योगदान ही दे पाया था।

## सुपरकिंग्स ने अभ्यास शुरू किया

भाषा। दुबई

कोविड–19 से संक्रमित दीपक चाहर और रुतुराज गायकवाड़ को छोड़कर कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के अन्य खिलाड़ियों ने तीसरे दौर के परीक्षण के नतीजे नेगेटिव आने के बाद नेट पर अभ्यास किया। पिछले सप्ताह दीपक और रुतुराज के अलावा उसके 11 सदस्य कोविड–19 के लिए पॉजिटिव पाए गए थे। इससे टीम को 21 अगस्त को यहां पहुंचने के बाद तीन परीक्षण सहित छह दिन का पृथकवास पूरा करने के बाद अपनी ट्रेनिंग योजना को रोकना पड़ा था। गुरूवार को एक और अतिरिक्त जांच कराई गई जिसमें कोरोना वायरस मुक्त खिलाड़ी नेगेटिव आए और उनका अभ्यास शुरू करने का रास्ता साफ हुआ। आईपीएल टूर्नामेंट 19 सितंबर से तीन शहरों दुबई, शारजाह और अबुधाबी में खेला जाएगा। सीएसके के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केएस विश्वनाथन ने पीटीआई–भाषा से कहा, उन 13 को छोड़कर बाकी सभी का परीक्षण तीसरी बार भी नेगेटिव आया है। जिनका परीक्षण पॉजिटिव आया था, उनका पृथकवास (14 दिन) पूरा करने के बाद ही फिर से परीक्षण किया जाएगा। ये नतीजे फ्रेंचाइजी के लिए राहत देने वाले रहे। टीम को तब भी करारा झटका लगा जब उसके सीनियर खिलाड़ी सुरेश रैना और हरभजन सिंह ने व्यक्तिगत कारणों से इंडियन प्रीमियर लीग से हटने का फैसला किया।


**जिंदल लीजफिन लिमिटेड**
सीआईएन: एल74899डीएल1994पीएलसी059252
पंजी. कार्यालय: 110, बाबर रोड, नई दिल्ली–110001
फोन : 011–46201000,
ई–मेल: jindal@jindal.bz वेबसाइट: www.jlltd.co.in

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक सोमवार, 14 सितम्बर, 2020 को अप. 02.00 बजे इसके पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी, जिसमें 30 जून, 2020 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित एवं अनुमोदित किए जाएंगे।
उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट http://www.jlltd.co.in पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट्स नामतः https://www.bseindia.com पर देखी जा सकती है।

वास्ते जिंदल लीजफिन लिमिटेड
हस्ता./–
सुरेन्द्र कुमार जिंदल
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00130589
तिथि : 05–09–2020
स्थान : नई दिल्ली



**ADDI INDUSTRIES LTD.**
Regd. Office : 23, Eastern Avenue, Maharani Bagh, New Delhi - 110065
CIN:-L51109DL1980PLC256335

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are pleased to inform you that the meeting of the Board of Directors of the Company has been scheduled to be held on **Saturday, the 12th day of September, 2020 at 1.30 P.M. at 23, Eastern Avenue, Maharani Bagh, New Delhi -110065**, to inter-alia consider and approve, the unaudited Financial Results of the Company along with Limited Review Report of the Statutory Auditor for the quarter ended June 30, 2020.

For ADDI INDUSTRIES LTD.
Sd/-
C.L. Jain
Managing Director
Date :03.09.2020
Place: New Delhi



## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नाम** : विजय, **पिता** : राजेश, **पताः** नामालूम, **उम्र** : 40 साल लगभग, **कद** : 5 फुट 4 इंच, **रंग** : गेहूँआ, **लिंग** : पुरूष, **चेहराः** अंडाकार, **शरीर** : पतला, **पहनावा** : जिसने ब्लू रंग की शर्ट व ब्लू कलर की लोअर पहन रखी है। जो सीएम रोड़ महालक्ष्मी स्वीट सॉप के सामने राजन बानू किंग्सवे कैम्प टीबी अस्पताल दिल्ली–06 ईलाज के बाद मृत पाया गया। इस संदर्भ में **डी. डी. नं. 42–ए, दिनांक 31.08.2020** थाना लाहौरी गेट, दिल्ली में दर्ज है। मृतक शरीर को पहचान के लिए सब्जी मंडी के शवगृह में 72 घंटे के लिए रखा गया है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना : लाहौरी गेट, दिल्ली**
DP/525/N/2020 **फोनः 011-23953776, 8750870122**



**PASUPATI ACRYLON LIMITED**
CIN : L50102UP1982PLC015532
Regd. Office: Kashipur Road, Thakurdwara, Distt. Moradabad (U.P)
Corp. Office: M-14, Connaught Circus (Middle Circle), New Delhi-110 001.
Tel.No. 91-11-47627400; Fax No. 91-11-47627497; Email: delhi@pasupatiacrylon.com
Website: www.pasupatiacrylon.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that 37th Annual General Meeting ('AGM') of the members of the Company will be held on Tuesday, 29th September, 2020 at 10:00 A.M. through Video Conferencing ("VC")/Other Audio Visual Means ("OAVM") to transact the businesses as set out in the notice of 37th AGM. Annual Report for the financial year 2019-20 alongwith 37th AGM Notice have been sent only through emails to all those Members, whose e-mail ids are registered with the company/RTA/DPs. The dispatch of AGM Notice and Annual Report through email has been completed on 4thSeptember, 2020. In terms of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with rules made thereunder and Regulation 44 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, the Company is providing e-voting facility to its Members enabling them to cast their vote electronically on the businesses to be transacted at 37th AGM, through e-voting services provided by Central Depository Services (India) Limited.

**Members may note that:**


a) The resolutions set out in the Notice of AGM will be transacted through voting by electronic means.
b) Date of Completion of sending of Notices: 4th September, 2020.
c) Remote E-voting shall commences on Saturday, 26th September, 2020 at 10:00 A.M. and ends on Monday, 28th September, 2020 at 5:00 P.M.
d) Cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means or in the 37th AGM shall be 22nd September, 2020.
e) Any person who becomes member of the company after sending of AGM Notice and holding shares as on cut-off date may obtain the login ID and password by sending a request at **helpdesk.evoting@cdslindia.com.**
f) Remote e-voting shall not be allowed beyond 5:00 P.M on 28th September, 2020.
g) A member may participate in the AGM through VO/OAVM even after exercising his right to vote through remote e-voting but shall not be allowed to vote again in the AGM. The facility of e-voting shall also be made available at the AGM only for those members, who had not casted their vote by remote e-voting.A person whose name is recorded in the Register of Members or in the Register of Beneficial Owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail the remote e-voting facility as well as voting at the AGM.
h) Annual Report and Notice of 37th AGM is available on the Company's website **www.pasupatiacrylon.com** and CDSL's website **www.evotingindia.com.**

Pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013, the Register of Members and Share Transfer books of the Company will remain closed from Wednesday, the 23rd September, 2020 to Tuesday, the 29th September, 2020 (both days inclusive) for the purpose of 37th AGM. In case of any query/grievance connected with e-voting, please write an email to **helpdesk.evoting@cdslindia.com** or contact Mr. Bharat Kapoor, Company Secretary, email id :**palsecretarial@gmail.com.**

for Pasupati Acrylon Ltd.
Sd/-
Bharat Kapoor
Company Secretary
Date: 04.09.2020
Place: New Delhi


# खरीफ बुवाई नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची: सरकार

भाषा। नई दिल्ली



### ●1,095.38 लाख हेक्टेयर में बढ़ा रकबा

खरीफ फसलों की बुवाई चालू सत्र में अब तक 1,095.38 लाख हेक्टेयर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी है। अच्छी बारिश और फसलों के लिए बीज, उर्वरक तथा अन्य जरूरी सामान की समय पर उपलब्धता से यह संभव हो पाया है।

कृषि मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। धान की बुवाई अभी भी जारी है जबकि दलहन, मोटे अनाज, बाजरा और तिलहन फसलों की बुवाई लगभग समाप्त हो चली है। कृषि मंत्रालय ने कहा कि चालू खरीफ सत्र के बुवाई के आंकड़ों को दो अक्टूबर को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। खरीफ बुवाई का पिछला रिकॉर्ड वर्ष 2016 में हासिल किया गया था जब किसानों ने कुल 1,075.71 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसल बोई थी। खरीफ की बुवाई जून से दक्षिण पश्चिम मानसून आने के साथ शुरु होती है और अक्टूबर से कटाई का काम शुरू होता है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, खरीफ की फसलें इस सत्र में अब तक 1,095.38 लाख हेक्टेयर के रिकॉर्ड क्षेत्र में बोई जा चुकी है, जबकि साल भर पहले बुवाई का रकबा 1,030.32 लाख हेक्टेयर था। इसमें कहा गया है कि अच्छी बारिश तथा बीज, कीटनाशक, उर्वरक, मशीनरी और ऋण जैसे जरूरी सामान का समय से पहले इंतजाम रखने के कारण महामारी की स्थिति के बावजूद भी खेती के रकबे के दायरे में वृद्धि संभव हुई है। आंकड़ों के अनुसार, खरीफ सत्र के दौरान धान बुवाई का कुल रकबा 8.27 प्रतिशत बढ़कर 396.18 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल 365.92 लाख हेक्टेयर था। दलहनों की बुवाई का रकबा 4.67 प्रतिशत बढ़कर 136.79 लाख हेक्टेयर हो गया है जो पहले 130.68 लाख हेक्टेयर था, जबकि मोटे अनाजों का रकबा 1.77 प्रतिशत बढ़कर 179.36 लाख हेक्टेयर हो गया, जो पहले 176.85 लाख हेक्टेयर था। इसी तरह, तिलहन का रकबा चालू खरीफ सत्र में अब तक 12 प्रतिशत बढ़कर 194.75 लाख हेक्टेयर पर पहुंच गया, जो पहले 174 लाख हेक्टेयर ही था।

# वैश्विक बिकवाली दबाव से घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट

भाषा। मुंबई

अमेरिका के वॉल स्ट्रीट में प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव का घरेलू शेयर बाजारों पर भी असर हुआ। निवेशकों की बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 634 अंक लुढ़क गया और निफ्टी 11,350 अंक के स्तर से नीचे आ गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज समेत बैंक व वित्त समूह के शेयरों का गिरावट में प्रमुख योगदान रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में नीचे खुला और पूरे कारोबार के दौरान दबाव में रहा।

अंततः यह 633.76 अंक यानी 1.63 प्रतिशत गिरकर 38,357.18 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी 193.60 अंक यानी 1.68 प्रतिशत गिरकर 11,333.85 अंक पर बंद हुआ। मारुति सुजुकी को छोड़ कर सेंसेक्स की सभी कंपनियां नुकसान में रहीं। मारुति सुजुकी का शेयर 1.70 प्रतिशत बढ़त में रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक का शेयर सर्वाधिक 4.07 प्रतिशत गिरावट में रहा।


**PASUPATI ACRYLON LIMITED**
CIN : L50102UP1982PLC015532
Regd. Office: Kashipur Road, Thakurdwara, Distt. Moradabad (U.P)
Corp. Office: M-14, Connaught Circus (Middle Circle), New Delhi-110 001.
Tel.No. 91-11-47627400; Fax No. 91-11-47627497; Email: delhi@pasupatiacrylon.com
Website: www.pasupatiacrylon.com

**STATEMENT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS (REVIEWED) FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2020** (Rs. in Crore)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2020 | 31.03.2020 | 30.06.2019 | 31.03.2020 |
| 1 | Total Income from operations | 62.19 | 180.39 | 193.92 | 670.08 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and /or Extraordinary items) | (5.06) | 1.42 | 22.20 | 20.39 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | (5.06) | 1.42 | 22.20 | 20.39 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax(after Exceptional and/or Extraordinary items) | (3.14) | 0.95 | 14.43 | 13.05 |
| 5 | Total comprehensive income/(Loss) for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income/(Loss) (after tax) | (3.17) | 1.18 | 14.42 | 13.25 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face Value Rs.10/-) | 89.14 | 89.14 | 89.14 | 89.14 |
| 7 | Other Equity (excluding Revaluation Reserve) | | | | 100.81 |
| 8 | Earnings Per Share (Rs.10/- each) Basic: | (0.35) | 0.11 | 1.62 | 1.46 |
| | Diluted: | (0.35) | 0.11 | 1.62 | 1.46 |

**NOTE:** The above is an extract of the detailed format of quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Company's Website **(www.pasupatiacrylon.com)** and BSE Limited**(www.bseindia.com)**.

for Pasupati Acrylon Ltd.
Sd/-
Vineet Jain
Managing Director
Date: 4th September, 2020
Place: New Delhi



**RAMPUR FERTILIZERS LIMITED**
Registered Office: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 (U.P.)
CIN: L15136UP1988PLC010084 / E-mail: info@rampurfert.com

**NOTICE OF 32nd ANNUAL GENERAL MEETING, E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE**

Notice of 32nd Annual General Meeting, Book Closure and Remote E-Voting information

**NOTICE** is hereby given that the 32nd Annual General Meeting ('AGM') of the members of Rampur Fertilizers Limited will be held through Video Conferencing ("VC") / Other Audio Visual means ("OAVM") on Sunday, the 27th September, 2020 at 11.30 am to transact the Ordinary and Special Business, as set out in the Notice of AGM. The Notice of the Meeting, Annual Report for the financial year ended March 31, 2020 and remote e-voting details have been sent in electronic mode to all the members whose e-mail IDs are registered with the Company/RTA/Depository The date of completion of email of the notices to the shareholders is September 03, 2020.

In case you have not registered your email ID with the Company/Depository, please follow below instructions to register your email ID for obtaining annual report for FY 2019-20 and login details for e-voting.

**Physical Holding :** Send a request to Registrar and Transfer Agents of the Company, **MAS Services Limited** at info@masserv.com providing Folio number, Name of the shareholder, scanned copy of the share certificate (Front and Back), PAN (Self attested scanned copy of PAN Card), AADHAR (Self attested scanned copy of Aadhar Card) for registering email address. Please send your bank detail with original cancelled cheque to our RTA (i.e. MAS Services Limited, T-34 2nd Floor, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Delhi-110020) along with letter mentioning folio no. if not registered already.

**Demat Holding:** Please contact your Depository Participant (DP) and register your email address as per the process advised by DP. Please also update your bank detail with your DP for dividend payment by NACH if declare by company.

These documents are also available on Company's website www.rampurfert.com for download by the members. Notice is hereby given in compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended and Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that the Company has offered e-voting facility for transacting all the business by Central Depository Services (India) Limited (CDSL) through their portal www.evotingindia.com to enable the members to cast their votes electronically. The remote e-voting period commences on Thursday, 24th September, 2020 (09:00 am) and ends on Saturday, 26th August, 2020 (05:00 pm). No e-voting shall be allowed beyond the said date and time. During this period members of the Company, holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date of 20th September, 2020, may cast their vote by remote e-voting. Any person, who acquires shares and becomes member of the Company after dispatch of the notice and holding shares as of the cutoff date i.e. 20th September 2020, may obtain the login ID and password by sending a request at helpdesk@cdslindia.com or RTA, MAS Services Limited at info@masserv.com. However, if the members are already registered with CDSL for remote e-voting then they can use their existing user ID and password for casting their vote. The remote e-voting module shall be disabled by CDSL for voting thereafter. Once the vote on a resolution is cast by the member, the member shall not be allowed to change it subsequently. The facility for voting through e-voting shall be made available at the AGM and the members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again. Shri Sanjiv Nigam, Practicing Company Secretary (Membership No. FCS 9313 & CP No. 8458), Proprietor M/s. Sanjiv Nigam & Associates, Company Secretaries, has been appointed as Scrutinizer for the e-voting process. The detailed procedure for remote e-voting is contained in the letter sent with the Notice of the AGM. Any query/grievance relating to e-voting may be addressed to Mr. Rajeev Kumar, Company Secretary and Compliance Officer, Rampur Fertilizers Ltd., Judges Bareilly Road, Rampur - 244901 U.P. Phone: 0595-2352028, Fax: 0595-2352030, Email: rkumar@rampurfert.com NOTICE is also hereby given pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013, Rule 10 of the Companies (Management & Administration) Rules, 2014 and Regulation 42 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that the **Register of the Members and Share Transfer Books** of the Company will remain closed from Monday, the 21st September, 2020 to Sunday, the 27th September, 2020 (both days inclusive) for the purpose of taking record of the shareholders at the Annual General Meeting.

For Rampur Fertilizers Limited
Sd/-
Rajeev Kumar
Company Secretary & Compliance Officer
Place: Rampur
Date: 4th September, 2020



**जिंदल लीजफिन लिमिटेड**
सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी059252
पंजी. कार्यालय : 110, बाबर रोड, नई दिल्ली–110001
फोन : 011–46201000 फैक्स : 011–46201002,
ई–मेल : jindal@jindal.bz, वेबसाइट : www.jlltd.co.in

**26वीं वार्षिक सामान्य बैठक, ई–वोटिंग जानकारी तथा बही बंदी की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि जिंदल लीजफिन लिमिटेड के सदस्यों की 26वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) बुधवार, 30 सितम्बर, 2020 को पूर्वा. 10.00 बजे केजरीवाल फार्म हाउस, होलाम्बी कलां, नरेला, दिल्ली–110092 में आयोजित होगी।
सूचना, वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रानिक विधि से भेजी जा चुकी है, जिनकी ई–मेल आईडी कम्पनी/डिपॉजिटरी सहभागी के पास पंजीबद्ध हैं। सूचना की भौतिक प्रतियां, वार्षिक रिपोर्ट सहित अन्य सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर भेजी जा चुकी हैं।
सदस्यगण इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सीडीएसएल द्वारा उपलब्ध कराई गई रिमोट ई–वोटिंग सर्विसेज के माध्यम से कर सकते हैं। वोटिंग अधिकार की गणना कट ऑफ तिथि अर्थात 23 सितम्बर, 2020 को सदस्य/लाभार्थी स्वामी के नाम में पंजीकृत शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर की जाएगी। कोई व्यक्ति, जो बैठक की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि अर्थात 23 सितम्बर, 2020 को शेयरों का धारक है, वह beetlarta@gmail.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
रिमोट ई–वोटिंग रविवार, 27 सितम्बर, 2020 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) आरंभ होगी तथा मंगलवार, 29 सितम्बर, 2020 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। कृपया नोट करें कि मंगलवार, 29 सितम्बर, 2020 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) के पश्चात रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
एजीएम स्थल पर मतपत्र द्वारा वोट डालने की सुविधा बैठक मे उपस्थित उन सदस्यों को उपलब्ध होगी, जिनके द्वारा रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाला गया है। एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट डाल चुके सदस्य भी बैठक में भाग ले सकते हैं, परंतु उनको एजीएम में पुनः वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।
सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट : www.jlltd.co.in से डाउनलोड भी की जा सकती है।
ई–वोटिंग संबंधी शिकायत अधोहस्ताक्षरी को संबोधित की जा सकती है।
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां 24 सितम्बर, 2020 से 30 सितम्बर, 2020 तक वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगी।

वास्ते जिंदल लीजफिन लिमिटेड
हस्ता./–
सुरेन्द्र कुमार जिंदल
प्रबंध निदेशक
तिथि : 05–09–2020
स्थान : नई दिल्ली



**तोशा इंटरनेशनल लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : ई–34, द्वितीय तल, कनाट सर्कस, नई दिल्ली–11001
फोन : 011–23418880, ई–मेल : toshainternational@yahoo.com
सीआईएन :एल32101डीएल1988पीएलसी119284,
वेबसाइट : www.toshainternationallimited.in

**तोशा इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयरधारकों के ध्यानार्थ 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेन्स पर तथा अन्य जानकारी**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि तोशा इंटरनेशनल लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 32वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") का आयोजन सोमवार 28 सितंबर 2020 को मध्या. 12.00 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें एजीएम की सूचना में निर्धारितानुसार व्यवसाय निष्पादित किया जाएगा।
एजीएम का आयोजन कम्पनी अधिनियम, 2013 तथा कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी सर्कुलर दिनांकित 05 मई, 2020, 13 अप्रैल, 2020 तथा 08 अप्रैल, 2020 ("एमसीए सर्कुलर्स") तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर दिनांकित 12 मई, 2020 के अनुपालन में, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से किया जाएगा। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग ले रहे सदस्यों की गणना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अधीन गणपूर्ति के प्रयोजन हेतु की जाएगी। एजीएम में परोक्षी की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। इलेक्ट्रॉनिक विधि से एजीएम में भाग लेने हेतु अनुदेश एजीएम की सूचना में उपलब्ध कराए जाएंगे।
उपरोक्त सर्कुलर्स के अनुपालन में, कोविड–19 वैश्विक महामारी जारी रहने के कारण, एजीएम की सूचना वार्षिक रिपोर्ट 2019–2020 सहित इलेक्ट्रॉनिक विधि से उन सदस्यों को भेजी जा रही है, जिनका ई–मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत है तथा जो 5 सितम्बर, 2020 को शेयरों की धारक है। सदस्य नोट करें कि एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट 2019–2020 कम्पनी की वेबसाइट www.toshainternationallimited.in तथा सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध है। सदस्यों को कोई भौतिक प्रतियां नहीं भेजी जाएंगी।
एमसीए सर्कुलर्स के निबन्धनों में, एजीएम में वर्णित व्यवसाय का निष्पादन केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा किया जा सकता है। एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध सभी व्यवसाय मदों पर वोट डालने के लिए रिमोट ई–वोटिंग शुक्रवार, 25 सितम्बर, 2020 को पूर्वा. 9.00 बजे आरंभ होगी तथा रविवार 27 सितम्बर, 2020 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी। तदुपरांत, सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा। कोई व्यक्ति, जिसका नाम कट–ऑफ तिथि अर्थात सोमवार 21 सितम्बर, 2020 को डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों की पंजिका अथवा सदस्यों की पंजिका में दर्ज मौजूद होगा, केवल वही अपना वोट डालने का हकदार होगा। एजीएम के समय पर भी ई–वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जो सदस्य रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं वे भी एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं, परंतु अपना वोट दोबारा डालने के हकदार नहीं होंगे। रिमोट ई–वोटिंग तथा एजीएम में ई–वोटिंग हेतु विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में उपलब्ध कराई जाएगी।
जिन सदस्यों के शेयर भौतिक रूप में हैं, उनसे पता परिवर्तन के बारे में कम्पनी के आरटीए से info@skylinerta.com पर सम्पर्क करने का अनुरोध किया जाता है।
यदि सदस्य के शेयर भौतिक रूप में हैं तथा अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं करवाया है, कृपया कम्पनी के आरटीए से ई–मेल आईडी : compliances@skylinerta.com पर सम्पर्क करें और उसका पंजीकरण करवाएं अथवा यदि कोई व्यक्ति एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी के शेयर अर्जित करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट–ऑफ तिथि अर्थात सोमवार 21 सितम्बर, 2020 को शेयरधारक है, वह एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2019–2020 हेतु वार्षिक रिपोर्ट तथा वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैठक में भाग लेने हेतु लॉगइन विवरण ई–वोटिंग विवरण (यूजर आईडी तथा पासवर्ड) सहित प्राप्त करने के लिए अपना अनुरोध helpdesk.evoting@cdslindia.com पर भेज सकता है अथवा टोल फ्री नंबर 1800–225–533 पर कॉल कर सकता है। सदस्यगण कम्पनी सचिव को भी कम्पनी के ई–मेल पता toshainternational@yahoo.com पर लिख सकते हैं।

कृते तोशा इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता./–
अक्षत
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. : ए–45376
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04–09–2020



**परफैक्टपैक लिमिटेड**
सीआईएन : एल72100डीएल1972पीएलसी005971
पंजीकृत कार्यालय : 910, चिरंजीवी टॉवर–43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
दूरभाष सं. 011–26441015–18, वेबसाइट : www.perfectpac.com
ई–मेल आईडी : complianceofficer@perfectpac.com

**48वीं वार्षिक सामान्य बैठक, ई–मतदान जानकारी तथा बही बंदी की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि परफैक्टपैक लिमिटेड के सदस्यों की 48वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) का आयोजन मंगलवार 29 सितंबर 2020 को 12.00 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो–विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से, एमसीए परिपत्र सं. 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल 2020, परिपत्र सं. 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल 2020, परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई 2020 तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/ सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 12 मई 2020 के अनुपालन में और कम्पनी अधिनियम 2013 तथा सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 ('सूचीकरण विनियमावली') के लागू प्रावधानों के अनुसार, एजीएम आयोजन किए जाने की सूचना में वर्णित व्यवसाय का कार्य–निष्पादन किए जाने हेतु किया जाएगा।
समय–समय पर संशोधितानुसार कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली 2014 ('नियमावली') के नियम 20 तथा सूचीकरण विनियमावली के विनियम 44 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 ('अधिनियम') की धारा 108 के प्रावधानों के अनुपालन में, कम्पनी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मतदान ('एजीएम से पूर्व ई–मतदान तथा एजीएम की समयावधि में ई–मतदान') सुविधा उपलब्ध करा रही है, ताकि वे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से अपना मतदान करने में समर्थ हो सकें। तद्नुसार, एजीएम की सूचना में दिए गए व्यवसाय बिंदुओं का निष्पादन नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ('एनएसडीएल') द्वारा उपलब्ध करायी गयी इलेक्ट्रॉनिक मतदान सुविधाओं के माध्यम से किया जा सकता है।
सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने उन सदस्यों को, जिनकी ई–मेल आईडी कम्पनी अथवा रजिस्ट्रार तथा अंश अंतरण अभिकर्ताओं अथवा डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं, शुक्रवार 4 सितंबर 2020 को ई–मेल के माध्यम से, अन्य बातों के साथ–साथ, 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वित्तीय विवरणों और उन पर निर्गत लेखापरीक्षकों एवं निदेशकों के प्रतिवेदनों से समाविष्ट वार्षिक प्रतिवेदन एवं एजीएम की सूचनाओं का प्रेषण–कार्य पूर्ण कर लिया है। वार्षिक प्रतिवेदन की वास्तविक प्रतियों को भेजने की आवश्यकता को एमसीए परिपत्रों एवं सेबी परिपत्र द्वारा अनावश्यक बना दिया गया है।
सदस्यों को आगे सूचित किया जाता है कि (क) दूरस्थ ई–मतदान का प्रारंभ शनिवार 26 सितंबर 2020 को 9.00 बजे (भामास) और समापन सोमवार 28 सितंबर 2020 को 5.00 बजे (भामास) होगा; (ख) उपर्युक्त तिथि एवं समय के उपरान्त किसी दूरस्थ ई–मतदान की अनुमति नहीं होगी और दूरस्थ ई–मतदान मापांक को उपर्युक्त अवधि के समापन पर एनएसडीएल द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा; (ग) मतदान अधिकारों (एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई–मतदान के माध्यम से मतदान के साथ–साथ एजीएम की समयावधि में ई–मतदान हेतु) की गणना कट–ऑफ तिथि अर्थात् बुधवार 23 सितंबर 2020 के अनुसार कम्पनी के सदस्यों के नाम में पंजीकृत अंशों के चुकता मूल्य पर की जाएगी; (घ) कोई व्यक्ति जो एजीएम की सूचना भेजे जाने के उपरान्त कम्पनी के अंश अर्जित करता है तथा कम्पनी का एक सदस्य बनता है और कट–ऑफ तिथि अर्थात् बुधवार 23 सितंबर 2020 के अनुसार अंशों का धारण करता है, वो evoting@nsdl.co.in पर अथवा admin@skylinerta.com पर आरटीए को एक अनुरोध (नाम, फोलियो नं./डीपी आईडी एवं क्लाइंट आईडी, जैसी भी स्थिति हो और अंशधारण के साथ) भेजकर प्रयोक्ता आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि यदि कोई व्यक्ति दूरस्थ ई–मतदान के लिए एनएसडीएल के साथ पहले ही पंजीकृत है, तो वह मतदान करने के लिए अपनी विद्यमान प्रयोक्ता आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति अपना पासवर्ड भूल चुका है तो वह www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध "विस्मृत प्रयोक्ता विवरण/पासवर्ड" विकल्प का उपयोग करते हुए पासवर्ड को पुनः बना सकते हैं अथवा एनएसडीएल को टोल फ्री नं. 1800–222–990 पर सम्पर्क करें; (ड.) मतदान हेतु सुविधा एजीएम की समयावधि में भी उपलब्ध करायी जाएगी और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होनेवाले सदस्यगण, जिन्होंने दूरस्थ ई–मतदान द्वारा अपना मतदान नहीं किया है, वे एजीएम की समयावधि में ई–मतदान प्रणाली के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए योग्य होंगे; (च) एक सदस्य दूरस्थ ई–मतदान के माध्यम से मतदान करने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के उपरान्त भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में प्रतिभागिता कर सकता है, परन्तु उसे एजीएम में पुनर्मतदान करने की अनुमति नहीं होगी; (छ) एक व्यक्ति जिसका नाम कट–ऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभप्रद स्वामियों की पंजिका में अथवा सदस्यों की पंजिका में अभिलेखित है, केवल वही व्यक्ति दूरस्थ ई–मतदान के साथ–साथ एजीएम में ई–मतदान करने की सुविधा प्राप्त करने का अधिकारी होगा। एक व्यक्ति जो कट–ऑफ तिथि को एक सदस्य नहीं है, उसे इस सूचना को केवल जानकारी उद्देश्यार्थ समझना चाहिए; (ज) एजीएम की सूचना के साथ वार्षिक प्रतिवेदन कम्पनी की वेबसाइट www.perfectpac.com पर प्रदर्शित किए गए हैं। एजीएम की सूचना एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होगी।
ई–मतदान अनुदेशों के लिए, सदस्यगणों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए अनुदेशों को देख–पढ़ लें। ई–मतदान से सम्बद्ध किसी पूछताछ/शिकायत की स्थिति में सदस्यगण www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड्स सेक्शन में उपलब्ध अंशधारकों हेतु तेजी से पूछे जानेवाले प्रश्नों (एफएक्यू) तथा अंशधारकों हेतु दूरस्थ ई–मतदान प्रयोक्ता मैन्युअल का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक, एनएसडीएल, चतुर्थ तल, 'ए' स्कंध, ट्रेड वर्ल्ड, कमाला मिल्स कम्पाउण्ड, सेनापति बापत मार्ग, लोवर पार्ले, मुम्बई–400013, भारत को ई–मेल evoting@nsdl.co.in / pallavi@nsdl.co.in के माध्यम से अथवा टोल फ्री नं. 1800–222–990/दूरभाष सं. 022–24994545 पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा श्री विरेन्द्र कुमार राणा, निदेशक, स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा. लि, डी–153ए, प्रथम तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–।, नई दिल्ली–110020, भारत से admin@skylinerta.com पर ई–मेल करके अथवा दूरभाष सं. 011–40450193–97 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
एजीएम की सूचना में निर्धारित संकल्पों पर मतदान के परिणामों की घोषणा एजीएम के समापन के 48 घंटों के अंदर की जाएगी। जांचकर्ता के प्रतिवेदन के साथ घोषित परिणाम अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत एक व्यक्ति द्वारा परिणाम की घोषणा किए जाने के तत्काल उपरान्त कम्पनी की वेबसाइट www.perfectpac.com पर और एनएसडीएल की वेबसाइट पर डाले जाएंगे और परिणामों को स्टॉक एक्सचेंजों को भी भेजा जाएगा। परिणाम पंजीकृत कार्यालय 910, चिरंजीव टॉवर–43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 में प्रदर्शित होंगे।
आगे सूचित किया जाता है कि सूचीकरण विनियमावली के विनियम 42 तथा नियमावली के नियम 10 के साथ पठित अधिनियम की धारा 91 के अनुपालन में, कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा अंश अंतरण बहियां मंगलवार 22 सितंबर 2020 से लेकर मंगलवार 29 सितंबर 2020 (दोनों दिन सम्मिलित) तक एजीएम के उद्देश्यार्थ बंद रहेंगी।

कृते परफैक्टपैक लिमिटेड
शेफाली चौहान
कम्पनी सचिव
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04.09.2020

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव

# बीस लाख हिंदुओं की भूमिका अहमः सांसद कृष्णामूर्ति



**भाषा।** वाशिंगटन,

**भारतीय-अमेरिकी** सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कई राज्यों के करीब 20 लाख हिंदुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। साथ ही उन्होंने अपने समुदाय के साथी सदस्यों से कहा कि अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना उनका धर्म है।

हिंदू अमेरिकन फॉर बाइडेन अभियान की आधिकारिक शुरुआत के दौरान कृष्णामूर्ति ने ऑनलाइन एक कार्यक्रम में समुदाय के सदस्यों से तीन नवम्बर को डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन और उनकी रनिंग मेट (उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार) भारतीय अमेरिकी कमला हैरिस को वोट देने की अपील की।उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हिंदू मूल्य वसुधैव कुटुम्बकम् की वजह से जो बाइडेन का चुना जाना बेहद महत्वपूर्ण है .... हम सभी के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने में विश्वास करते हैं।

कृष्णामूर्ति ने कहा, यह हमारे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण चुनाव है। 60 दिनों में, तीन नवम्बर को, आप माने या ना माने, 20 लाख हिंदू-अमेरिकी कई राज्यों में मतदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। केवल फ्लोरिडा में नहीं, बल्कि वर्जीनिया और पेंसिल्वेनिया और मिशिगन और विस्कॉन्सिन में, यह सूची लंबी है। मतदान करना हमारा कर्तव्य, हमारा धर्म है।

इस बीच, बाइडेन के राष्ट्रपति अभियान एएपीआई के निदेशक अमित जैन ने भी समुदाय के लोगों से मतदान करने की अपील की।


## भारतीय नागरिक पर 2016 के चुनाव में अवैध मतदान का आरोप

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका** की एक संघीय अदालत में एक भारतीय नागरिक समेत 12 विदेशी लोगों पर 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में अवैध तरीके से मतदान करने का आरोप लगाया गया है। उत्तरी कैरोलाइना के मिडल जिले की जिला अदालत में 58 वर्षीय बैजू पी. थामस और 11 अन्य विदेशी नागरिकों पर 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में अवैध रूप से मतदान करने का आरोप पिछले महीने लगाया गया।अमेरिकी आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन (आईसीई) गृह सुरक्षा जांच (एचएसआई) के अनुसार अगर दोषी पाए जाते हैं तो इन्हें अधिकतम एक साल की जेल की सजा हो सकती है और।,00,000 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लग सकता है।अमेरिकी कानून के मुताबिक देश में गैर नागरिक मतदान के लिए पंजीकरण कराने या संघीय चुनाव में मतदान करने के पात्र नहीं हैं। भारतीय मूल के 57 वर्षीय रूब कौर अतर सिंह भी उन सात विदेशी नागरिकों में शामिल हैं जो उत्तरी कैरोलाइना में 2016 के संघीय चुनाव में मतदान करने के आरोप का सामना कर रहे हैं। सिंह मलेशिया से हैं। सिंह उन आरोपियों में शामिल हैं जिस पर संघीय ग्रांड ज्यूरी ने आरोप लगाया है।

# राजनाथ ने रूसी सशस्त्र बलों के मुख्य गिरजाघर का दौरा किया

**भाषा।** मॉस्को



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक से पहले शुक्रवार को रूसी सशस्त्र बलों के मॉस्को स्थित मुख्य गिरजाघर और संग्रहालय परिसर का दौरा किया। सिंह यहां एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने पहुंचे हैं। उन्होंने अपने दौरे के तीसरे दिन की शुरुआत अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ गिरजाघर का दौरा करने के साथ की। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक ट्वीट में कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज सुबह रूसी संघ के सशस्त्र बलों के मॉस्को स्थित मुख्य गिरजाघर और संग्रहालय परिसर का दौरा किया।

मंत्रालय ने ट्विटर पर दो तस्वीरें भी पोस्ट कीं जिनमें राजनाथ रूसी और भारतीय अधिकारियों के साथ गिरजाघर के अंदर दिखाई देते हैं। रूसी संघ के सशस्त्र बलों का यह मुख्य गिरजाघर इस साल 20 जून को ही खुला था। यह सेना को समर्पित ऑर्थोडॉक्स ईसाइयों का एक विशाल चर्च है।

सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा था कि रूसी समकक्ष जनरल सर्गेई शोइगू के साथ उनकी शानदार बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने भारत की रक्षा और सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए रूस की मदद की सराहना की।

रक्षा मंत्री ने इस दौरान रूस द्वारा भारत को कई अस्त्र प्रणालियों, गोला-बारूद और सैन्य उपकरणों की आपूर्ति की प्रक्रिया तेज किए जाने पर जोर दिया, जिनके लिए शुरू में करार हो चुके हैं। दोनों देशों ने एके-47 203 राइफलों के भारत में विनिर्माण के लिए एक बड़े सौदे को भी अंतिम रूप दिया।

# 'अमेरिकी युद्ध के शहीदों को ट्रंप ने हारे हुए, मूर्ख कहा था'

**एपी।** डेलरे बीच (अमेरिका)

- **ट्रंप पर शहीद जवानों के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप**
- **पहली बार यह आरोप द एटलांटिक में प्रकाशित किए गए**
- **ट्रंप ने किया रिपोर्ट को सिरे से खारिज**

**एक** नई रिपोर्ट में पता चला है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई मौकों पर अमेरिकी सेना के बंधक बनाए गए या मारे गए जवानों के लिए अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। उन्होंने 2018 में फ्रांस में आयस्ने-मार्ने अमेरिकी कब्रिस्तान में दफनाए अमेरिकी शहीदों को हारने वाला और मूर्ख करार दिया था।

ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कहानी पूरी तरह से झूठी है। ए आरोप पहली बार द एटलांटिक में प्रकाशित किए गए।

रक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी, जो इन घटनाक्रम से परिचित थे, और अमेरिकी मरीन कोर के एक वरिष्ठ अधिकारी, जिन्हें ट्रंप की टिप्पणियों के बारे में बताया गया, दोनों ने एसोसिएटेड प्रेस से ट्रंप की कुछ टिप्पणियों के बारे में पुष्टि की, जिसमें 2018 में कब्रिस्तान के संबंध में की गई टिप्पणी भी शामिल है।

रक्षा अधिकारियों ने बताया कि ट्रंप ने ए टिप्पणियां एक बैठक में तब कीं जब वह पेरिस के बाहर स्थित कब्रिस्तान नहीं जाना चाह रहे थे। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और गुप्तचर सेवा के कर्मियों ने ट्रंप को बताया था कि बरसाती मौसम के कारण कब्रिस्तान तक हेलिकॉप्टर से जाना जोखिम भरा हो सकता है लेकिन सड़क मार्ग से वहां जाया जा सकता है।

अधिकारी के मुताबिक इस पर ट्रंप ने कहा था कि वह कब्रिस्तान नहीं जाना चाहते हैं क्योंकि वह हारे हुए लोगों से भरा है। तब व्हाइट हाउस ने कब्रिस्तान का दौरा रद्द होने का कारण खराब मौसम बताया था।

द अटलांटिक के मुताबिक इसी दौरे में ट्रंप ने प्रथम विश्व युद्ध में जान गंवाने वाले।,800 नौसैनिकों के लिए मूर्ख शब्द का इस्तेमाल किया था। ट्रंप ने बृहस्पतिवार रात को इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया।

## पाक पीएम के शीर्ष सलाहकार ने भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद इस्तीफा दिया

**इस्लामाबाद।** सूचना एवं प्रसारण मामलों पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के विशेष सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) आसिम सलीम बाजवा ने खुद पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद शुक्रवार को पद से इस्तीफा दे दिया।

पाकिस्तानी सेना के पूर्व प्रवक्ता बाजवा सेना की दक्षिणी कमान के कमांडर भी रहे चुके हैं। वह हालांकि चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) प्राधिकरण के अध्यक्ष के तौर पर काम करते रहेंगे।दरअसल एक वेबसाइट पर प्रकाशित खबर में आरोप लगाया गया था कि बाजवा ने अपने पद का इस्तेमाल कर अपनी पत्नी, बेटों और भाइयों को कारोबारी फायदा पहुंचाया है। इन आरोपों के बाद बाजवा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।



मिलान के सैन रैफेल अस्पताल के बाहर लोगों की गहमा-गहमी, यहां इटली के पूर्व प्रधानमंत्री सिल्वियो बर्लुस्कोनी भी भर्ती हैं



चिली में पिछले महीने बड़े पैमाने पर हुए विस्फोट में ध्वस्त इमारत की जगह पर ध्वनि ट्रैकिंग मशीन का उपयोग करता बचावकर्मी।


## पाक में कोरोना के 498 नए मामले

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कोरोना वायरस संक्रमण के 498 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या 2,97,512 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने कहा कि बीते 24 घंटे में कोविड-19 के सात रोगियों की मौत के साथ ही मृतकों की कुल संख्या 6,335 हो गई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या 2,97,512 है। इनमें से 6,335 लोगों की मौत हो चुकी है। मंत्रालय ने कहा कि अब तक 2,82,268 लोग संक्रमण से उबर चुके हैं। मंत्रालय ने कहा कि सिंध राज्य में सबसे अधिक 130041 मामले सामने आए हैं जबकि पंजाब में 97,044 और खैबर पख्तूनख्वा में34414, इस्लामाबाद में 15714, गिलगित बाल्तिस्तान में 2948 और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में 2306 मामले सामने आए हैं।

# सत्ता में आए तो तिब्बत में मानवाधिकार उल्लंघन करने वाले चीनी अफसर पाबंद होंगेः बाइडेन

- **डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार ने विस्तारवादी नीतियों की आलोचना की**

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका** में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने तिब्बत पर नियंत्रण बढ़ाने की चीन की योजना की निंदा करते हुए कहा कि अगर वह सत्ता में आते हैं तो उनका प्रशासन तिब्बत में मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार चीनी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाएगा। बाइडेन ने कहा, मेरा प्रशासन तिब्बत में मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार चीनी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाएगा और रेडियो फ्री एशिया और वॉइस ऑफ अमेरिका रेडियो सेवाओं में तिब्बत भाषा सेवा को भी शामिल करेगा ताकि दुनिया की जानकारी तिब्बत के लोगों तक पहुंच सके। इसके साथ ही तिब्बत के लोगों के समर्थन में कई अन्य कदम भी उठाए जाएंगे। बाइडेन ने कहा कि वह राष्ट्रपति बनने पर दलाई लामा से मुलाकात करेंगे और तिब्बत मामलों के लिए एक नया विशेष समन्वयक नियुक्त करेंगे और इस बात पर जोर देंगे कि चीन की सरकार अमेरिकी राजनयिकों और पत्रकारों समेत अमेरिकी नागरिकों की तिब्बत तक पहुंच को बहाल करे।

इस सप्ताहांत चीनी सरकार ने तिब्बत पर नियंत्रण को विस्तार देने की अपनी योजनाओं की घोषणा की थी, जिसके तहत तिब्बत के लोगों के साथ मानवाधिकार का उल्लंघन और उनकी धार्मिक स्वंतत्रता व गरिमा का हनन जारी रह सकता है। इसको संज्ञान में लेते हुए बाइडेन ने कहा कि तिब्बत में जातीय अल्पसंख्यकों की विशिष्ट संस्कृति, भाषा और मान्यताओं को कुचलने की यह बीजिंग की हालिया कोशिश है। बाइडेन ने कहा, (राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रंप ने जहां तिब्बत के लोगों के प्रति मुंह फेर लिया, वहीं बाइडेन-हैरिस प्रशासन उनके लिए खड़ा होगा। बाइडेन ने ट्रंप प्रशासन पर चीन के प्रति कमजोर नीति रखने का आरोप लगाया।

## लापता जापानी पोत के चालक दल के सदस्य की मौत, कई मृत गायें बरामद

**तोक्या।** गायों को लेकर जाते हुए दो दिन पहले लापता हुए पोत की तलाश में जुटे जापानी बचाव कर्मियों को चालक दल का एक सदस्य और कई मृत गाएं मिली हैं। आशंका है कि दो दिन पहले यह पोत खराब मौसम के कारण डूब गया था। गल्फ लाइवस्टॉक। जहाज ने बुधवार को तड़के संकट संदेश भेजा था। 11,947 टन वजन वाला यह जहाज चालक इल के 43 सदस्यों और 5,800 गायों को लेकर पूर्वी चीन सागर में अमामी ओशिमा के तट के नजदीक से गुजर रहा था। न्यूजीलैंड से रवाना हो कर यह जहाज अगस्त के मध्य में चीन के पूर्वी तट पर स्थित तांगशान जा रहा था। क्षेत्रीय तटरक्षक मुख्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता ताकाहीरो यमाडा ने बताया कि बचाव कर्मियों को मिले चालक दल के सदस्य को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत लाया घोषित कर दिया। यह व्यक्ति पूर्वी चीन सागर के अमामी ओशिमा के दक्षिण पश्चिम में करीब 120 किमी दूर पानी में डूबता उतराता पाया गया था। वह बेहोश था। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने इलाके में कई मृत गायों को पानी में डूबते उतराते देखा। इस जहाज पर चालक दल के 42 सदस्य सवार थे। लापता होने से पहले खराब मौसम के बीच जहाज ने संकट में होने का संदेश भेजा था।बुधवार को देर रात बचाव कर्मियों ने 45 वर्षीय एक अधिकारी एडवार्डो सेरेनो को बचाया था। चालक दल के इस फिलिपीनी सदस्य ने बचाव कर्मियों को बताया कि इंजन ने काम करना बंद कर दिया तब पोत रुक गया और फिर पोत से एक तेज शक्तिशाली लहर टकराई जिसके बाद पोत डूब गया।तट रक्षक अधिकारियों ने सेरेनो को यह कहते हुए उद्धृत किया कि उसने लाइफ जैकेट पहनी और पानी में कूद गया। सेरेनो के अनुसार, समुद्र में कूदने के बाद से उसने चालक दल के किसी सदस्य को नहीं देखा।

# सीपीसी की अगुवाई में व्यापक बदलावों का गवाह बना चीन : शी

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी का पुरजोर बचाव करते हुए कहा कि उसके नेतृत्व में देश व्यापक बदलावों का गवाह बना। उनका यह बयान तेज होती आलोचनाओं खासकर अमेरिका के द्वारा उसे अधिनायकवादी विचारधारा का अनुसरण करने वाली बताए जाने के बीच आया है। जापानी आक्रामकता के खिलाफ प्रतिरोध युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर बृहस्पतिवार को शी ने कहा कि चीनी लोग किसी व्यक्ति या ताकत द्वारा उन्हें सीपीसी से अलग करने के प्रयास को मंजूर नहीं करेंगे। आधिकारिक मीडिया ने यहां उनको उद्धृत करते हुए कहा, सीपीसी के इतिहास को विकृत करने या उसकी प्रकृति और उद्देश्यों को कलंकित करने, चीनी विशेषताओं के साथ समाजवाद की राह को विकृत करने या बदलने अथवा समाजवाद के निर्माण में चीनी लोगों की महान उपलब्धियों को खारिज करने या उन्हें तिरस्कृत करने के किसी भी प्रयास का चीनी लोगों द्वारा पुरजोर विरोध किया जाएगा। सरकारी मीडिया ने कहा कि जापानी आक्रामकता के प्रतिरोध में किए गए युद्ध में जीत के बाद से देश के आमूलचूल बदलाव का गवाह बनने का जिक्र करते हुए शी ने कहा कि चीनी राष्ट्र का कायाकल्प एक उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत कर रहा है क्योंकि चीन गरीबी उन्मूलन के अपने लक्ष्यों को लगभग पूरा करने के साथ ही हर लिहाज से एक समृद्ध समाज का निर्माण कर रहा है।सीपीसी का नेतृत्व करने वाले सबसे शक्तिशाली नेता के तौर पर देखे जाने वाले शी ने अमेरिका पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि चीन पर धमकाने वाली रणनीति के तहत अपनी इच्छा थोपने और देश के विकास की राह को बदलने की कोशिश करने वाले किसी व्यक्ति या किसी ताकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अपनी आर्थिक और क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं के लिए चीन को अमेरिका के बढ़ते राजनीतिक व आर्थिक दबाव के साथ ही भारत के साथ लगने वाली अपनी सीमा पर तनाव का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही यूरोपीय और दक्षिणपूर्वी एशियाई देश भी उसकी नीतियों को लेकर उसपर दबाव बना रहे हैं।




स्टॉकहोम में स्वीडिश जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थुनबर्ग पोस्टर लेकर विरोध दर्ज कराते हुए

## बहरीन ने यूएई को हवाई क्षेत्र इस्तेमाल की अनुमति दी

**दुबई।** बहरीन ने संयुक्त अरब अमीरात से आने और जाने वाली सभी उड़ानों को अपने हवाई क्षेत्र से गुजरने की अनुमति दे दी है। सऊदी अरब की ऐसी ही घोषणा के बाद बहरीन ने यह बयान जारी किया। बहरीन की सरकारी समाचार एजेंसी (बीएनए) ने भी सऊदी अरब की तरह इज़राइल का नाम लिए बिना यह घोषणा की। बयान में राज्य के प्रतिद्वंद्वी, ईरान और न ही कतर का कोई उल्लेख नहीं है, जिनका बहरीन, सऊदी अरब और यूएई अभी बहिष्कार कर रहे हैं।

परिवहन एवं दूरसंचार मंत्रालय ने बिना किसी अधिकारी के नाम के एक बयान जारी करते हुए कहा कि संयुक्त अरब अमीरात के नागरिक उड्डयन अधिकारियों के अनुरोध पर यह निर्णय किया गया।इससे पहले मध्य एशिया में शांति की ओर ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए इजराइल और संयुक्त अरब अमीरात के बीच पहला व्यावसायिक विमान सोमवार को अबु धाबी पहुंचा था।

## ट्रेंड बाजार


### 'द लास्ट शो' में अनुपम की मित्र मंडली

**अभिनेता** अनुपम खेर और सतीश कौशिक पुनः एक बार साथ अभिनय करते दिखाई पड़ेंगे। वे विवेक रंजन अग्निहोत्री निर्देशित फिल्म 'द लास्ट शो' में साथ अभिनय करेंगे। फिल्म की शूटिंग सितंबर माह के मध्य से प्रारंभ होने वाली है। अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में खेर ने लिखा, 'शो तो चलता रहेगा। हम चार मित्र सतीश कौशिक, रूमी जाफरी, विवेक अग्निहोत्री तथा मैं एक अद्भुत सिनेमा को लेकर जल्द ही आ रहे हैं। इसका नाम होगा 'द लास्ट शो' फिल्म मानवता, मित्रता, प्यार, हंसी और आंसू जैसी मानवीय भावनाओं को परदे पर उतारने का प्रयास करेगी। हम सितंबर के मध्य में इसका प्रारंभ करने वाले हैं आपके आशीर्वाद की आवश्यकता है।'




पोस्ट के साथ ही उन्होंने एक फोटो भी साझा किया जिसमें वो विवेक अग्निहोत्री, कौशिक, रूमी के साथ बैठे दिख रहे हैं। ये सभी काले रंग की टीशर्ट पहने हैं।

### प्रभास के साथ काम करेंगे सैफ अली खान



**अभिनेता** सैफ अली खान का कहना है कि 'मैं ओमी (ओम राउत) दादा के साथ काम करके रोमांचित हूं। उनके पास दृष्टि है और वो अपने अनुभव के बल पर किसी भी फिल्म को सफल बनाना जानते हैं। तान्हां जी में उन्होंने मुझसे बेहतरीन अभिनय कराया था। अब शक्तिशाली प्रभास के साथ तलवार भांजने का अवसर है। एक और रोमांचक तथा खलनायक के रोल के लिए प्रतीक्षारत हूं।'

### कृति कुलहरी पहाड़ों में ले रही हैं आनंद



**अभिनेत्री** कृति कुलहरी वर्तमान में हिमांचल में पहाड़ियों के बीच समय व्यतीत कर रही हैं। वो दैवीय कृपा अनुभव कर रही हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर प्राकृतिक दृश्यों की फोटो साझा करते हुए एक पोस्ट में लिखा, 'अब लगता है कि सवेरा है। वर्तमान में मुझपर दैवीय कृपा ही है कि मैं यात्रा करते हुए इसे अनुभव कर सकती हूं।' कृति ने लोगों से असफल की कि महामारी के दौरान भी लोग यात्रा करने से डरें नहीं। आगे उन्होंने लिखा, 'और जो लोग ऐसा करना चाहते हैं उन्हें कुछ सावधानियां तो रखनी ही होंगी। सुरक्षित रहें और डरें नहीं।'

### कोविड-19 से उबरा ड्वेन जॉन्सन परिवार

**हॉलिवुड** अभिनेता ड्वेन जॉन्सन ने ये रहस्योद्घाटन किया है कि वो अपनी पत्नी तथा दो बच्चों के साथ कोविड-19 पॉजिटिव हो चुके हैं लेकिन अब स्वस्थ हैं। इंस्टाग्राम पर एक लंबे वीडियो में उन्होंने लोगों को जरूरी सावधानियों के बारे में चेताते हुए बताया, 'कोविड-19 से पॉजिटव होना किसी भी भयानक चोट से उबरने से काफी अलग है। ये देश निकाला या फिर दीवालिया होने से भी भयानक है जो मैं कई बार हो भी चुका हूं।' उन्होंने कहा कि अब वो ठीक हैं और इससे उन्हें बहुत राहत पहुंची है।



## होम थियेटर

# सड़क-2 में भटके महेश भट्ट

**डिज़्नी हॉटस्टार**
**कलाकार: संजय दत्त, आलिया भट्ट, आदित्य रॉय कपूर**
**रेटिंग: 4/10**

इस फिल्म के ट्रेलर को 20 मिलियन से अधिक नकारात्मक प्वाइंट मिल चुके हैं। पता नहीं चल सका है कि फिल्म को लेकर इतना होहल्ला क्यों मचा हुआ है। क्योंकि इतनी सख्त प्रतिक्रिया के लिए कुछ बड़ा सामने होना चाहिये चाहे वो अच्छा हो या खराब। लेकिन सड़क-2 में इनमें से कुछ भी नहीं हे। ये 90 के दशक के ही एक विषय पर जोड़-तोड़ कर बनाई गई फिल्म है। इसमें महेश भट्ट पारिवारिक धोखे, अंधविश्वास तथा ढोंगी बाबा लोगों पर विश्वास करने जैसी जीवन की कुछ सीखें साझा करना चाह रहे थे।

ये सब तो ठीक है लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि भट्ट ने स्वयं में समय के साथ कुछ भी बदलाव नहीं किया है जबकि उनकी फिल्म संजय दत्त सरीखा परिपक्व कलाकार तथा आलिया भट्ट जैसी सुपर अभिनेत्री किसी भी फिल्म को सफल बनाने को पर्याप्त हैं जबकि आदित्य रॉय कपूर का फिल्म को सफल बनाने में कोई सकारात्मक योगदान नहीं लिया गया है।



इसकी कहानी कहीं से भी सार्थक प्रतीत नहीं होती।

फिल्म में आलिया भट्ट एक कार्यकर्ता हैं वो भागते भागते कैलाश पर्वत पर पहुंच जाती हैं। अब न जाने कहां से वहां एक बाबा आन पहुंचते हैं जिनके बारे में भी कुछ नहीं बताया गया है कि वो क्यों उसके पीछे पड़े हैं।

वे सब उसे क्यों मारना चाहते हैं ये फिल्म में कहीं बताने का प्रयास नहीं किया गया है। जबकि दत्त अपनी पत्नी को एक सड़क हादसे में खो देते हैं और इस चक्कर में वो खुद में ही खो जाते हैं। उनका एक मृत बच्चा भी होता है जिसके दुख में वो उदास रहते हैं।

वैसे कहानी कहने में महेश भट्ट इतने कमजोर नहीं होते। उनका संगीत भी अच्छा रहता है लेकिन सड़क 2 में ऐसा कुछ भी नहीं दिखता। वो कहानी को लेकर पूरी तरह से भटकाव का शिकार हो गए लगते हैं। जबकि पूर्व में उनकी फिल्में कहानी के लिए ही जानी जाती थीं। इस बारे में अधिक परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। अधिक प्रतिक्रिया देने का भी कोई तुक नहीं दिखाई देता। आलिया का अभिनय अच्छा है दत्त ने भी रोल के अनुसार अच्छा काम किया है।

# नीना गुप्ता का परिपक्व अभिनय

**मसाबा मसाबा**
**प्लेटफार्म : नेटलिक्स**
**कलाकार: नीना गुप्ता, मसाबा गुप्ता, नील भूपलम, अमैरा अवाटैन्य**
**रेटिंग: 5.5/10**

नीना गुप्ता के अभिनय के बारे में जानने के लिए आपको किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर किसी नई सीरीज़ को देखने की आवश्यकता नहीं है। अपने चार दशक के अभिनय कॅरियर के दौरान उन्होंने स्वर्ग, यल्गार, बधाई हो, जैसी फिल्में की हैं। इस बार भी उन्होंने इस फिल्म में भी उन्होंने दमदार अभिनय किया है। फिल्म मसाबा मसाबा में उन्होंने अपनी बेटी के साथ अपनी काल्पनिक जीवन को परदे पर उतारने का उपक्रम किया है।



इसमें आपको एक अभिनेत्री के रूप में अपनी असुरक्षा से, एक मां के रूप में संघर्ष करते दिखाया गया है जो अपनी बेटी को मनोरंजन और फैशन के आज के गलाकाट प्रतिस्पर्धा वाले समय में सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। फरहा खान से एक रोल के सिलसिले में मिलने पर उनका उत्साह देखते ही बनता है। एक स्थान पर वो एक सब्जी वाले से भी प्याज के लिए झिकझिक करते दिखाई देती हैं जो दिल्ली के नागरिक के लिए सामान्य बात है।

इस दावे के विपरीत कि ये मां-बेटी के बीच की कहानी का काल्पनिक विवरण है लेकिन फिर भी फैशन और मनोरंजन उद्योग को देखते हुए इसे वास्तविक रखने में निर्माता और अभिनेताओं को पर्याप्त सफलता मिली है। अन्य लोगों के लिए 32 मिनट के छः एपिसोड वाली इस सीरीज़ देखने के लिए पर्याप्त कारण उपलब्ध हैं। इसमें उनके जीवन की एक झलक देने का प्रयास करने के क्रम में कहानी को रोचक बनाने का भी प्रयास किया गया है जिसे लेकर समीक्षक पैनी निगाह रखते हैं।

वैसे तो मसाबा गुप्ता के लिए ये अभिनय का पहला पायदान है। लेकिन इससे पहले वो एक शो जज कर चुकी हैं जो पिछले साल एमटीवी इंडिया पर आया था और जिसका नाम 'सुपरमॉडल ऑफद इयर', था। उन्होंने इस सीरीज़ में अच्छा मंझा अभिनय किया है। इसका एक कारण सीरीज़ में उनकी मां की उपस्थिति भी हो सकता है। इसमें कुछ अन्य कलाकारों ने प्रभावित किया है जिनके नाम नील भूपलम और रिताशा राठौर हैं। भूपलम हाउस ऑफ मसाबा फैशन में निवेशक हैं। उनका अभिनय अच्छा है जबकि उन्होंने कोई संवाद नहीं बोले हैं। राठौर मसाबा के बीएफएफ बने हैं और उन्होंने अच्छा अभिनय किया है। वो हास्यप्रिय हैं और दोनों के बीच की केमिस्ट्री भी स्वाभाविक लगती है। एक अन्य कलाकार है जिसका नाम उल्लेखनीय है वो हैं अमैरा अवाटेन्य जिसने बचपन की मसाबा गुप्ता का चरित्र किया है। वो बहुत प्यारी लगी है। निर्देशक सोनम नायर का निर्देशन सराहनीय है। कुल मिलाकर सीरीज़ देखने योग्य है विशेष रूप से नीना गुप्ता के अभिनय के कारण।

# सीसीबी ने अभिनेत्री रागिनी द्विवेदी के आवास पर मारा छापा

**भाषा।** बेंगलुरु



**कन्नड़** फिल्म उद्योग के कलाकारों और गायकों द्वारा मादक पदार्थ के कथित सेवन और कारोबार की जांच कर रही बेंगलुरु की केंद्रीय अपराध शाखा ने अभिनेत्री रागिनी द्विवेदी के आवास पर शुक्रवार सुबह छापेमारी की।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया, सीसीबी ने अदालत से इस संबंध में तलाश वारंट हासिल किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार सीसीबी का एक दल सुबह छह बजे द्विवेदी के आवास पर पहुंचा।

सीसीबी ने बुधवार को अभिनेत्री को नोटिस जारी करके पेश होने को कहा था लेकिन द्विवेदी ने वकीलों की एक टीम भेजकर सोमवार तक का समय मांगा था। पुलिस ने इसके बाद अभिनेत्री को निर्देश दिया था कि वह शुक्रवार को उनके समक्ष उपस्थित हो जाएं। सीसीबी के सूत्रों ने बताया कि अभिनेत्री सुबह 10 बजे अधिकारियों के समक्ष पेश होंगी। इसी बीच पुलिस ने बताया कि उन्होंने रवि नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसकी कन्नड़ फिल्म उद्योग में काफी पैठ है। रवि को मादक पदार्थ के मामले में गिरफ्तार किया गया है और एक अदालत ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बेंगलुरु से तीन लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन पर कन्नड़ फिल्म उद्योग (कन्नड़ फिल्म उद्योग को सैंडलवुड भी कहा जाता है) के गायकों और कलाकारों को मादक पदार्थ की आपूर्ति करने का आरोप है। जिसके बाद सीसीबी ने इस मामले में गहन जांच शुरू कर दी थी। फिल्म निर्माता और पत्रकार इंद्रजीत लंकेश ने सैंडलवुड में मादक पदार्थ के इस्तेमाल को लेकर सीसीबी के पास अपना बयान दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि यहां के फिल्म उद्योग के कम से कम 15 लोग मादक पदार्थ से जुड़े कारोबार में शामिल हैं। द्विवेदी का जन्म बेंगलुरु में हुआ है जबकि उनके परिवार का ताल्लुक हरियाणा के रेवाड़ी से है। वह 2009 में वीरा मदाकरी फिल्म से सैंडलवुड में आईं थीं। वहीं उन्हें केम्पे गौड़ा, रागिनी आईपीएस, बंगारी और शिवा जैसी फिल्मों से प्रसिद्धी मिली।

# ऋषि कपूर की जयंती पर रिद्धिमा ने दी श्रद्धांजलि

## कहा-हम हर दिन आपको याद करते हैं

**भाषा।** मुंबई

**दिवंगत** अभिनेता ऋषि कपूर की 68वीं जयंती पर शुक्रवार को उनकी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी ने इंस्टाग्राम पर एक भावनात्मक पोस्ट करते हुए कहा कि वह उन्हें हर दिन याद करती हैं। रिद्धिमा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि उनके पिता ने उन्हें करुणा का उपहार दिया और रिश्तों की अहमियत सिखाई। उन्होंने लिखा, पापा, लोग कहते हैं कि आप जब किसी को खोते हैं, उसके बिना आप नहीं रह सकते, तो आपका दिल बुरी तरह टूट जाता है। लेकिन मैं जानती हूं कि आप इस टूटे दिल में रह रहे हैं और यहां हमेशा रहेंगे। मैं जानती हूं कि आप हम सभी को देख रहे हैं और आप यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम आपके द्वारा दिए गए संस्कारों का अनुसरण करें। उन्होंने आगे लिखा, आप ने मुझे करुणा का उपहार दिया- आपने मुझे रिश्तों की अहमियत सिखाई और मुझे वो इंसान बनाया जो आज मैं हूं। मैं आपको हर दिन याद करती हूं, हमेशा आपसे प्यार करती रहूंगी। आज और हर दिन आपकी याद का जश्न मनाएंगे- जन्मदिन मुबारक। इसके साथ उन्होंने परिवार के साथ ऋषि कपूर की कई तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। इनमें ऋषि कपूर, नीतू कपूर, रणबीर कपूर और रिद्धिमा नजर आ रही हैं। ल्यूकेमिया की बीमारी के साथ दो साल तक संघर्ष के बाद इस साल 30 अप्रैल को ऋषि कपूर का निधन हो गया था।



# सिंधु घाटी सभ्यता के पतन का कारण हो सकता है जलवायु परिवर्तन : अध्ययन

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के एक वैज्ञानिक द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन की वजह से मॉनसून के स्वरूप में बदलाव प्राचीन सिंधु घाटी सभ्यता के उदय और पतन का कारण हो सकता है। अध्ययन में उत्तर भारत के 5,700 वर्ष के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। अमेरिका स्थित रोचेस्टर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरआईटी) के निशांत मलिक ने अपने विश्लेषण में उत्तर भारत में प्राचीन काल में जलवायु के स्वरूप का अध्ययन करने के लिए एक नई गणितीय पद्धति का उपयोग किया। चाओस: एन इंटरडिसीप्लिनरी जर्नल ऑफ नॉनलिनियर साइंस में प्रकाशित




अनुसंधान रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण एशिया में गुफाओं में जमा खनिज निक्षेप में विशेष रासायनिक अवस्थाओं की मौजूदगी का पता लगाकर वैज्ञानिक क्षेत्र में पिछले 5,700 साल तक की मॉनसून की बारिश का रिकॉर्ड बना सके। हालांकि मलिक ने कहा कि जलवायु को समझने के लिए विशिष्ट रूप से इस्तेमाल गणितीय पद्धतियों के साथ प्राचीन जलवायु का अध्ययन करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। मलिक ने कहा कि सिंधु घाटी सभ्यता का पतन क्यों हुआ, इस बारे में अब तक अनेक मान्यताएं हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि अब तक किसी गणितीय प्रणाली से यह काम नहीं किया गया।

# हॉटस्टार स्पेशल्स ने दर्शकों के चहेते क्राइम थ्रिलर होस्टेजेस का सीज़न 2 लॉन्च किया

**मुंबई।** एसपी पृथ्वी सिंह वापस आ गए हैं . इस बार शिकारी का शिकार हुआ है। जबरदस्त सीज़न 1 में दर्शकों को अचंभित करने के बादए हॉटस्टार स्पेशल्स होस्टेजेस सीज़न 2 के लॉन्च के साथ भारत में क्राईम थ्रिलर्स देखने का अंदाज बदल देगा। सीज़न 1 में सीएम हांडा ;दिलीप ताहिलद्ध की हत्या की साजिश नाकाम हो जाने के बाद दर्शक पृथ्वीराज सिंह ;रोनित बोस रॉयद्ध के अगले कदम का अनुमान लगा रहे थे। सीएम हांडा जीवित हैं और पृथ्वी सिंह ने इस राजनेता का अपहरण कर लिया हैए यह खुलासा होने के बाद कहानी शुरू होती हैए लेकिन अप्रत्याशित घटनाएं खुद पृथ्वी को बंधक बना देती हैं। सुधीर मिश्रा डायरेक्टर सचिन ममता कृष्ण के साथ सीरीज़ डायरेक्टर के रूप में लौटे हैं। हॉटस्टार स्पेशल्स प्रेज़ेंट्स होस्टेजेस सीज़न 2 का निर्माण एप्लॉज़ एंटरटेनमेंट ने बनिजय एशिया के सहयोग से किया है। यह 9 सितंबर 2020 को केवल डिज़्नी़हॉटस्टार वीआईपी पर सात भाषाओं में लॉन्च होगा।



कहानी के आगे बढ़ने के साथ इसमें नए किरदार सामने आए हैं। हर किरदार का अपना अलग एजेंडा एवं सीएम हांडा के अपहरण से जुड़ी संदिग्ध परिस्थितियों में शामिल होने का उलझा हुआ कारण है। रोनित बोस रॉय मुख्य किरदार एसपी पृथ्वी सिंह की अपनी भूमिका दोबारा निभा रहे हैंए जो एक मुश्किल में फंस गए हैं और बंधक स्थिति से बाहर निकलने का रास्ता तलाश रहे हैं। कलाकारों की सूची में दिव्या दत्ता, डीनो मोरिया, शिबानी दांडेकर, श्वेता बसु प्रसाद, शिल्पा शुक्ला, अमित सियाल और कंवलजीत सिंह हैं। पिछले सीज़न से कम बैक करने वाले कलाकार दिलीप ताहिलए सूर्या शर्माए आशिम गुलाटीए अनंग्शा बिश्वास और मोहन कपूर हैं। सीरीज़ डायरेक्टरए सुधीर मिश्रा ने कहा, होस्टेजेस फ्रैंचाईज़ी मेरे दिल के बहुत नज़दीक है। इसकी कहानी अप्रत्याशित है। यह धमाकेदारए घुमावदार है और हर किसी को आकर्षित करती है। एक स्टोरीटेलर के रूप में मैं ऐसा ही काम करना चाहता हूँ। होस्टेजेस सीज़न 2 के सफर में घटनाओं में अनेक पेचीदा मोड़ आएंगे, नए चेहरे, नए रहस्य और नए राज देखने को मिलेंगे। डीओपी टर्न्ड डायरेक्टर सचिन कृष्णन ने शानदार काम किया है। अभिनेता रोनित बोस रॉय ने कहा, मेरे किरदार पृथ्वी सिंह को काफी प्यार व स्नेह मिला। तकनीकी रूप से वह एक विरोधी किरदार है। मैं व्यक्तिगत रूप से पिछले सीज़न के अपने खुद के प्रदर्शन से भी आगे जाना चाहता था और इस गहन किरदार की गहराई आंकना चाहता था कि वह किस प्रकार पूरे नियंत्रण में रहता है और फिर नियंत्रण खो देता है एवं फिर खुद को ऐसी स्थिति में पाता है, जिससे निकलना संभव नहीं। होस्टेजेस सीज़न 2 एक बेहतरीन रचना है और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूँ कि पृथ्वी के भाग्य में क्या है। दिव्या दत्ता ने कहाए ष्इस शो में काम करना एक ज्वाय राईड की तरह है। मैं ऐसे किरदार को जीवंत कर रही हूँए जो मजबूत एवं यादगार हैं। बंधक के लिए मध्यस्थता करना एक मुश्किल काम है। एक गलत कदम से किसी की जिदंगी खतरे में पड़ सकती है। यद्यपि मेरा सफर संतोषजनक रहा।ष्





अभिनेता डीनो मोरिया ने कहा-एक क्रूर हत्यारे का किरदार निभाने का मौका रोज.रोज नहीं मिलता है। वो दिन गए जब विलेन के पास भारी गोला बारूद और एक बड़ी फौज होती थी। आज के समय चालाकीए सटीकता एवं निंजा की तरह खामोशी व चतुराई के काम करने की जरूरत है। काम से ज्यादा ध्यान उसकी प्रतिक्रिया पर होता है। होस्टेजेस सीज़न 2 में मुझे यही बहुत ज्यादा पसंद आया!